हजारीबाग, वर्ष: 03, अंक: 211 | हजारीबाग और रांची से प्रकाशित | कुल पृष्ठ- 12 | मंगलवार 18 जून 2024 | मूल्य: 4 रुपए | TV.awazdailyharshit tv& www.pratahawazlive.com | सुझाव या शिकायत: pratahawaz@gmail.com


# प्रातः आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक




पेज-11



## धनबाद में कोयले की अवैध तस्करी का काला कारोबार

- कई हार्डकोक भट्ठा भी शामिल, पुलिस मुख्यालय स्तर पर धनबाद के हार्डकोक प्लांट में छापेमारी
- बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जग्गरनाथ हार्डकोक प्लांट से 2500 टन अधिक कोयला जब्त

प्रातः आवाज

**धनबाद।** कोयले की अवैध तस्करी के काले कारोबार में धनबाद के कई हार्डकोक भट्ठा शामिल हैं, जिसपर पुलिस मुख्यालय ने काफी दिनों से नजर रखते हुए आखिरकार अपने स्तर से कार्रवाई की। पुलिस मुख्यालय रांची की टीम ने बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जग्गरनाथ हार्डकोक प्लांट में औचक छापेमारी करते हुए यहां से तय स्टॉक से लगभग 2500 टन अधिक कोयला जब्त किया है। इस दौरान कई ट्रक भी लोड हो रहे थे, उनकी जांच पड़ताल भी चल रही है। स्टॉक के मिलान को लेकर खनन विभाग को पत्र प्रेषित की गई है जबकि सात वाहन जिसमें कोयल लोड थे उनकी जांच पड़ताल के लिए जिला परिवहन विभाग को पत्र लिखा गया है जिसमें वाहन मालिक का नाम सहित अन्य जानकारियां मांगी गई है। फिलहाल जिला खनन विभाग एवं डीएसपी मुख्यालय वन के नेतृत्व में जांच- पड़ताल चल रही है। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्थिति का आकलन किया जा सकेगा। छापेमारी के बाद जांच पूरी होने तक कार्य को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं और बरवाअड्डा थाने की पुलिस को तैनात कर दिया गया है। बताते चले कि इन दिनों जीटी रोड के आसपास संचालित इस जग्गरनाथ हार्डकोक प्लांट के अलावा जगदम्बा वन और 2, अलका इस्पात, केशव हार्डकोक समेत कई अन्य हार्डकोक प्लांट में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला खपाए जा रहे हैं, जिसमें कई सिंडिकेट से जुड़े हुए लोग शामिल हैं। इन हार्डकोक प्लांट को कोयला अवैध खनन के कारण सस्ते दर पर मिल जाता है और कई दफा इन कोयले को डिस्को पेपर के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों में अवस्थित कोयला मंडी में खपा दिया जाता है।



## झारखंड के चाईबासा में पांच इनामी नक्सली ढेर, दो गिरफ्तार

### इंसास, दो एसएलआर और तीन रायफल सहित अन्य हथियार बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड), 17 जून (हि.स.)।** राज्य के पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गुवा और जेटेया थाना क्षेत्र अंतर्गत लीपुंगा जंगल के समीप पुलिस और नक्सलियों के बीच सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पांच नक्सलियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों के शवों के साथ हथियार और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में मारे गये सभी नक्सली इनामी हैं। सिंगराई उर्फ मनोज पर 10 लाख, कांडे और सूर्या पर पांच लाख जबकि अन्य पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित है।



मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की प्रारंभिक पहचान जोनल कमांडर सिंगराई उर्फ मनोज, सब-जोनल कमांडर कांडे होनहागा उर्फ दिरशुम, एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम, महिला नक्सली कैडर जुनगा पुर्ति उर्फ मारला और सपनी हांसदा के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए दो नक्सलियों की पहचान टाइगर उर्फ पांडू हांसदा और बातरी पांडा के रूप में हुई है।

आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सांगेन अगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए हैं। सूचना के बाद संयुक्त बलों ने एक विशेष अभियान शुरू किया। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और झारखंड जगुआर शामिल थे।

सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ जवानों के जवाबी फायरिंग में पांच नक्सली मारे गये जबकि दो नक्सली भागने के दौरान पकड़े गए। इलाके में सर्च अभियान जारी है। घटनास्थल से अबतक एक इंसास, दो एसएलआर, तीन रायफल और एक नाइन एमएम पिस्टल बरामद किया गया है। आईजी अभियान ने नक्सलियों से आह्वान किया है कि वह हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य धारा में जुड़कर झारखंड के विकास से जुड़ें और सरकार की नीति के तहत सरेंडर करें। झारखंड पुलिस उनका स्वागत करेगी।

## तीन दिनों के प्रवास पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे बोकारो




प्रातः आवाज

**बोकारो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत सोमवार को अपने तीन दिनों के प्रवास में बोकारो रहेंगे। सोमवार देर शाम वे सेक्टर 03सी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित आरएसएस के स्वयंसेवकों के विकास वर्ग में शामिल होने पहुंचे। मंगलवार को इस वर्ग में भागवत प्रबोधन देंगे. जानकारी के अनुसार, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत तीन दिनों तक बोकारो प्रवास पर रहेंगे। उत्तर पूर्व क्षेत्र के स्वयंसेवकों के लिए 20 दिनों का सेक्टर 03 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में विकास वर्ग का आयोजन किया गया है. इसी में झारखंड के स्वयंसेवकों के लिए संघ शिक्षा वर्ग 11 जून से शुरू हुआ है। दोनों प्रशिक्षण वर्गों का एक साथ समापन 26 जून की शाम को होगा। 26 जून को होने वाले कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता आरएसएस के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार होंगे। 27 जून की सुबह दीक्षा समारोह के बाद सभी स्वयंसेवक घर लौटेंगे। यह वर्ग प्रतिवर्ष मई माह में लगता था, लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर जून में किया गया है। इससे पहले बोकारो में इस तरह का आयोजन 2012-13 में किया गया था. स्वयंसेवकों के कार्य में गुणात्मक विकास करने के लिए प्रतिवर्ष लगने वाले इन प्रशिक्षण वर्ग में उन स्वयंसेवक ने भाग लिया, जिन्हें पिछले दो वर्ष से संघ का कोई दायित्व मिला है।

### वर्ग प्रशिक्षण में झारखंड के 350 स्वयंसेवक शामिल

संघ शिक्षा वर्ग के प्रशिक्षण में झारखंड के लगभग 350 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं. वहीं, कार्यकर्ता विकास वर्ग- एक में झारखंड, उत्तर व दक्षिण बिहार प्रांत से 150 के लगभग स्वयंसेवक शामिल हुए हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बोकारो प्रवास को लेकर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी है। बोकारो पुलिस के कप्तान पूज्य प्रकाश समेत आला पुलिस अधिकारी ने आयोजन स्थल पहुंचकर सुरक्षा की पुख्ता इंतजामात देखा।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई बीजेपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 खत्म होते ही भाजपा ने अब विधानसभा चुनावों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए भाजपा ने चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। सोमवार को पार्टी ने भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र का चुनाव प्रभारी घोषित किया। इसके अलावा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सह-प्रभारी बनाया गया है। वहीं हरियाणा की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मिली है और उनके साथ ही त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब सह-प्रभारी बनाए गए हैं। इसी साल अक्टूबर में इन दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। पार्टी ने झारखंड के लिए शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी बनाया है। उनके साथ सह-प्रभारी के तौर पर हिमंत बिस्वा सरमा काम करेंगे।

## बंगाल में बड़ा ट्रेन हादसा, 15 लोगों की मौत

- दार्जिलिंग में कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ी मालगाड़ी, 60 घायल
- रेलवे ने कहा- गुड्स ट्रेन के ड्राइवर ने सिग्नल की अनदेखी की

**दार्जिलिंग (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार सुबह 8.55 बजे एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) को पीछे से






टक्कर मार दी। न्यूज एजेंसी ने हादसे में 15 लोगों की मौत और 60 के घायल होने की जानकारी दी है। रेलवे बोर्ड की चेयरमैन और सीएमडी जय वर्मा ने 5 लोगों की मौत और 25 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, ईस्टर्न रेलवे के कौशिक मित्रा ने नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के हवाले से बताया कि 2 लोको पायलट और एक गार्ड समेत 8 लोगों की मौत हुई है। रेलवे बोर्ड की चेयरमैन के मुताबिक, मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया। जिसके कारण वह कंजनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। इस हादसे में गार्ड का डिब्बा, जनरल डिब्बा क्षतिग्रस्त हुआ है। आर्मी और एनडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू का काम पूरा कर लिया है। रेल रूट के रेस्टोरेशन का काम शुरू हो चुका है। कौशिक मित्रा ने बताया कि कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक स्लीपर कोच लगे हुए थे। इसमें कोई पैसेंजर नहीं था। ट्रेन के 5 डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। 12.40 बजे एक स्पेशल ट्रेन सियालदह के लिए रवाना हो चुकी है। ट्रेन में अधिकतर यात्री मालदा और बोलपुर के हैं। सिंगल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू कर दी गई है। कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) 16 जून को सुबह 8.15 बजे अगरतला से रवाना हुई थी। इसे 17 जून को शाम 7.20 बजे सियालदह पहुंचना था। हादसा न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के करीब रंगापानी में हुआ। ट्रेन रेड सिग्नल की वजह से यहां रुइधासा में रुकी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आ रही मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मालगाड़ी के इंजन पर एक्सप्रेस ट्रेन का एक डिब्बा हवा में लटक गया। अन्य दो डिब्बे बेपटरी हो गए।

## मोहन भागवत की योगी से भी नहीं हुई मुलाकात

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आरएसएस चीफ मोहन भागवत के बीच मुलाकात की चर्चाओं पर विराम लग गया है। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात नहीं हुई है। इसके बाद से तमाम तरह के सवाल उठने लगे हैं। चर्चा शुरू हो गई है कि क्या लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद बीजेपी और आरएसएस के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। 5 दिनों के गोरखपुर प्रवास पर आए आरएसएस चीफ और सीएम योगी के बीच मुलाकात होने की चर्चाएं थी, लेकिन मुलाकात ना होने के बाद लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सियासी पारा गरमाया हुआ है। लोकसभा चुनाव में भले ही पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए ने सरकार बना ली है, लेकिन 2014 और 2019 लोकसभा की तरह बीजेपी को बहुमत नहीं मिला है।

## घाटी और मणिपुर में आतंक की कमर तोड़ने की तैयारी



### हाईलेवल मीटिंग में अमित शाह ने बनाया खास प्लान, जल्द शुरू होगा ऐक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकी गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाने की नीति (जीरो टेरर प्लान) को लागू करने का निर्देश दिया है। सुरक्षा एजेंसियों को सफलता हासिल करने के लिए उन्होंने कश्मीर की तर्ज पर जम्मू संभाग और मणिपुर में भी आतंकियों के खिलाफ ऐक्शन पर जोर दिया। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार नए तरीकों से आतंकवादियों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर शाह ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें गृह मंत्री ने अधिकारियों से ये बातें कहीं। शाह ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, आने वाले दिनों में सुरक्षाबल वहां आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार चलाया जाएगा। शाह ने यहां नॉर्थ ब्लॉक में उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसी मुद्दे पर एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था।

## गवर्नर का आदेश-कोलकाता पुलिस तुरंत खाली करे राजभवन

- गेट के पास बनी पुलिस चौकी को पब्लिक प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार सुबह राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के जवानों को तुरंत परिसर खाली करने का आदेश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक गवर्नर बोस राजभवन के नॉर्थ गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच में बनाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, पुलिस को हटाने का आदेश उस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें राजभवन में तैनात पुलिस कर्मियों ने चुनाव हिंसा पीड़ितों को गवर्नर से मिलने से रोक दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरीद शांतिपूर्वक संपन्न

**रातू (प्रातः आवाज)।** रातू एवं आसपास के क्षेत्रो मे सोमवार को कुबार्नी का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) शांति पुर्वक संपन्न हो गया। ईदगाहो एवं मस्जिदो में निर्धारित समय पर जमात खड़ा हुआ। विशेष नमाज अदा कर एक दुसरे को बकरीद की बधाई दी। महादेव टंगरा, हुरहुरी, फुटकलटोली, सिमलिया, काठीटाड़, पाली, बानापीड़ी, जाड़ी, परहेपाट, पुरियो, पिर्रा, बिजुलिया, चितरकोटा बड़काटोली, तिगरा, बाजपुर व गड़री सहित अन्य स्थानों पर नमाज अदा कर धर्मावलंबियो ने कुबार्नी दी। वहीं प्रखंड अंजूमन कमिटी के सौजन्य से ईदगाह टंगरा, पाली, हुरहुरी, फुटकलटोली व सिमलिया में स्वागत शिविर लगाया गया। इस दौरान डीएसपी अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी शशि भूषण चौधरी विधि व्यवस्था हेतु समुचे क्षेत्र मे गश्त लगाते रहे।

### सड़क दुर्घटना में नर्सिंग के तीन विद्यार्थी घायल

**मांडर (प्रातः आवाज)।** एनएच 75 में मांडर बाजार टांड़ के निकट सोमवार की सुबह एक कुत्ते को बचाने के क्रम में स्कूटी पर सवार नर्सिंग की दो छात्राएं व एक छात्र घायल हो गये। तीनों का इलाज मांडर रेफरल अस्पताल में किया गया। घटना सुबह करीब सात बजे की है। बताया जा रहा है कि प्रभात नगर हेसमी का आईडन जूलियन बेक 22 वर्ष, मलती की रश्मि मेघा खलखो 23 वर्ष व करगे निवासी अलका खलखो 20 वर्ष एक ही स्कूटी में मांडर से कंदरी स्थित नर्सिंग कालेज जा रहे थे। इसी क्रम में मांडर बाजार टांड़ के निकट अचानक सड़क पर उनके सामने एक कुत्ता आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में तीनों स्कूटी से गिरकर घायल हो गये।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

**मांडर (प्रातः आवाज)।** एनएच 75 में मांडर बाजार टांड़ के निकट रविवार को शाम एक बाइक की ठोकर से सड़क पार कर कर रहे तालिब कुरैशी 45 वर्ष घायल हो गये। हादसे में सोसई के बाइक सवार अभिज्ञान शाही 18 बर्ष को भी चोटें आयी है। दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया। घटना शाम करीब साढ़े सात बजे की है। बताया जा रहा है कि मांडर बाजार टांड़ निवासी तालिब कुरैशी पैदल ही सड़क पार कर रहे थे। इसी क्रम में अपने एक अन्य साथी के साथ कंदरी से मांडर की ओर जा रहे अभिज्ञान शाही ने उन्हें ठोकर मार दिया और खुद भी सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

### बुढ़मू प्रीमियर लीग में अम्रेज 11 ने जीता फाइनल

**बुढ़मू (प्रातः आवाज)।** रविवार की रात अनिता स्वीट्स और गोल्ड ब्रिक्स के सौजन्य द्वारा आयोजित किक्रेट प्रतियोगिता बुढ़मू प्रीमियर लीग का फाइनल मैच भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम में रंजीत 11 और अम्रेज 11 के बीच खेला गया। अम्रेज 11 ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 61 रन बनाए वहीं 62 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रंजीत 11 की टीम 55 रन ही बना सकी। अम्रेज 11 की टीम की ओर से फाइनल मैच में वारिश ने दो ओवर में 6 विकेट लेकर अम्रेज 11 की टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई और मैन ऑफ द मैच बने। मुख्य अतिथि जिप सदस्य रामजीत गंझू, उप प्रमुख हरदेव साहु, पूर्व मुखिया गोवर्धन लोहरा व अन्य अतिथियों ने विजेता टीम को नगद पचास हजार व शील्ड और उपविजेता टीम को तीस हजार नगद और शील्ड देकर पुरस्कृत किया। मैन ऑफ द मैच वारिश, बेस्ट बालर नदीम और बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार रंजीत को दिया गया। प्रतियोगिता के स्पांसर अनिता स्वीट्स और गोल्ड ब्रिक्स के कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सिर्फ बुढ़मू पंचायत की 16 टीम ने भाग लिया और यह आयोजन स्थानीय प्रतिभा को निखारने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था। फाइनल मैच में जितने रन बने बुढ़मू प्रीमियर लीग के माध्यम से उतना पौधरोपण किया जाएगा।

# तिलता ओवरब्रीज के नीचे सड़क चौडीकरण के लिए खोदे गए गड्ढ़े से हो रही दुर्घटना

- एक दिन में गडढा भरने की बात कह एक सप्ताह से नदारद है
- गडढ़े के कारण बन रही जाम की स्थिति

प्रातः आवाज



**रातू।** एनएच 39 तिलता ओवरब्रीज के नीचे सड़क चौडीकरण का कार्य चल रहा है। पथ निर्माण विभाग जिसके लिए सडक के एक ओर लगभग पांच फीट का गडढ़ा खोद दिया है। स्थानीय दुकानदारों ने गडढ़ा खोदने का विरोध किया तो विभाग के लोगो ने कहा कि एक दिन के अंदर गडढ़ा भर दिया जाएगा। लेकिन एक सप्ताह होने का आ गए आज तक गडढ़ा नही भरा गया। गडढ़ा नहीं भरने से कई लोग उस गडढ़े में गिर चुके है जिसके कारण उन्हे चोटे भी आई है। वहीं गडढ़े के कारण जाम की स्थिति बन रही है वह अलग। स्थानीय दुकानदारों ने कहा कि गडढ़ा के कारण हम लोगों की दुकानदारी में भी प्रभाव पड़ रहा है। कस्टमर दुकान के पास जगह नहीं होने के कारण आ नहीं रहे है। किसी को भी गडढ़ा में गिरने का डर रहता है। स्थानीय दुकानदार मुकेश कुमार, शंकर प्रसाद, शंभु प्रसाद, मुकेश अग्रवाल, प्रदीप उरांव ने पथ निर्माण विभाग से गडढ़ा शीघ्र भरने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर 24 घंटे में गडढ़ा नहीं भरा गया तो जनहित में हमलोग अपना पैसा लगाकर स्वयं गडढा भर देगें। जिसकी जिम्मेवारी पथ निर्माण विभाग की होगी।

### तिलता ओवरब्रीज के नीचे भी बड़ा गड्ढ़ा

रिंग रोड तिलता ओवरब्रीज के नीचे भी सडक के बीचोबीच बड़ा गडढ़ा हो गया है जिसके कारण प्रतिदिन छोटे से लेकर बड़े वाहन फंसते रहते है। पानी भर जाने से कुछ लोग गिर भी रहे है। जिसे विभाग द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। जहां सडक अच्छी है वहां खुदाई कर गडढ़ा कर दिया गया है। जहां खराब है उसे पर कोई काम नहीं। स्थानीय लोगो ने कहा कि यह सिर्फ सरकार का पैसा लुटने की योजना है। अच्छी सड़क की खुदाई कर दो फिर उसे भर दो पैसा तो मिलना ही है। वहीं सड़क की दुसरी ओर बडा गडढा होने के बावजुद उसे ठीक नहीं किया जा रहा है।

# जमीन पर बने चहारदिवारी तोड़ने का विरोध करने पर चाकु से जानलेवा हमला

- रात्रि दो बजे की घटना
- रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज

प्रातः आवाज



**रातू।** थाना क्षेत्र के सिमलिया निवासी मंगल उरांव पिता धुरगुड उरांव ने अपने जमीन पर बने चहारदिवारी तोड़ने का विरोध करने पर गांव के ही सरफराज अंसारी उर्फ सोनु पिता स्वः सोवराती अंसारी पर चाकु से जानलेवा हमला करने का प्राथमिकी सोमवार को रातू थाना में दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सोमवार रात्रि दो बजे के करीब सरफराज अंसारी अपने कुछ लोगों के साथ मंगल उरांव की जमीन पर बने चहारदिवारी को तोड रहा था। तोड़-फोड़ की आवाज सुनने पर मंगल उरांव व उसके परिवार के लोग जग गए। जब वे लोग अपनी जमीन पर पहुंचे तो देखा कि सरफराज अंसारी अपने साथ लाए दर्जनो लोगों के साथ चहारदिवारी तोड़ रहा है। मंगल उरांव द्वारा उसे तोडफोड करने से मना करने पर वे लोग हाथापाई करने लगे। इसी बीच सरफराज अंसारी और उसके साथ आए अज्ञात व्यक्ति ने मंगल को जमीन पर पटककर चाकु से जानलेवा हमला कर दिया गया। जिससे मंगल को काफी चोटे आई। मंगल पर जानलेवा हमला करते देख उसके परिवार के लोगों ने हल्ला करना शुरू कर दिया। मंगल के परिवार के लोगों द्वारा हल्ला करने पर सरफराज और उसके साथ आए अज्ञात लोग मंगल को घायल कर भाग गए। घायल मंगल को ईलाज सीएचसी रातू में कराया गया। रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डूबने से तीन मृत बच्चों की मौत का हुआ अंतिम संस्कार, विधायक ने परिवार को बंधाया ढाढ़स

प्रातः आवाज



**इटकी।** प्रखंड के सेमरा गांव में सोमवार को डूबने से तीन मृत बच्चों का स्थानीय मसना में अंतिम संस्कार कर दिया गया। शव यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीणों ने भाग लिया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सेमरा गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवारों से मिल कर इस दुःख की घड़ी में उन्हें सातवना देते हुए ढाढ़स बंधया। वहीं जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष विजय मेहता, जिप सदस्य रीणा देवी, मुखिया रमेश महली सहित दर्जणों गणमान्य लोगों ने भी दुःखी परिवारों से मिल कर संवेदना व्यक्त की। रविवार को तालाब में नहाने के क्रम में रविंद्र महली(9), प्रिंस तिग्गा(8) और हर्षित महली (6) की तालाब मे डूबने से मौत हो थी। तीनों बच्चे करीब दोपहर बारह बजे गांव के तलाब में नहाने गए थे। इसी दौरान तीनों गहरे पानी चले गये जिससे डूब कर तीनों की मौत हो गयी। देर शाम तक बच्चों के घर नहीं पहुंचने से परिजन खोज बीन करने लगे इसी दौरान करीब रात के आठ बजे तलाब के किनारे एक साईकिल और चप्पल पड़ा मिला। इसके बाद स्थानीय गोता खोरों द्वारा बच्चों की तलास शुरू की गई करीब नौ बजे रात तक एक के बाद एक तीनों बच्चों के शवों को निकाला। बच्चों के शव मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया।

## सोनाहातू पूर्वी में 1 करोड़ 11 लाख के दो योजनाओं का हुआ शिलान्यास



प्रातः आवात

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को सोनाहातू प्रखंड पूर्वी क्षेत्र के जिलिंगसेरेग पंचायत अंतर्गत जामडीह गांव में 1 करोड़ की लागत से डेढ़ किलोमीटर सड़क तथा कोंकाडीह गांव में 11 लाख रुपये की लागत से 700 फीट नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा, लाइब्रेरी, आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। मौके पर इचागड़ विधानसभा प्रभारी हरेलाल महतो, मुखिया अवनी सिंह मुंडा, सुनील सिंह, चितरंजन महतो, वीणा मुंडा, रमेश मुड़ा, भरत दास, तुलसी महतो, भूतनाथ महतो, अरुण महतो, परमेश्वर महतो, शंभूनाथ महतो, अशोक महतो, बिरिंची पुरान, महकम महतो, सहित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# आईटी उपसमिति के सहयोग से कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रातः आवाज



**रांची।** सोमवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की स्किल डेवलपमेंट उप समिति द्वारा आईटी उपसमिति के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने करते हुए कहा कि एकाउंटिंग सॉफ्टवेयर मार्ग ईआरपी, टैली ईआरपी में व्यापारियों को हो रही परेशानी को दूर करने एवं अपने व्यापार को और अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है एवं इसे पूरे राज्य में प्रचलित करने की बात कही। बैठक में आये व्यवसायिक संगठनों एवं उनके प्रतिनिधियों ने अपनी अपनी जिज्ञासाओं को पैनल के सामने रखा जिसका समाधान विशेषज्ञों ने किया। कार्यकारिणी के सदस्य रोहित पोद्दार ने यह सुझाव दिया कि अगली बैठक में ऑनलाइन जुड़ने की भी सुविधा हो जिससे पुरे झारखंड के लोग भाग लेकर अपनी समस्या एवं जिज्ञासा का समाधान पा सकें। आईटी उप समिति के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि अगली बैठक में सभी कंपनी के एकाउंटेंट्स को बुलाया जाये ताकि सॉफ्टवेयर में हो रही परेशानी को सुलझाया जा सके इस बैठक के दौरान उप समिति चेयरमैन संतोष अग्रवाल ने यह जानकारी दी कि जल्द ही एक वृहद् कार्यशाला के आयोजन की रूप रेखा तैयार की जाएगी। बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, उप समिति के चेयरमैन संतोष अग्रवाल, आईटी उप समिति के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा, राजीव प्रकाश चौधरी, राजू कुमार,अनुव्रत चटर्जी, सुरजीत सिंह, अभिजित कुमार, इन्द्रजीत सिंह, अभय कुमार, पूजा मुंडा, सुमन कुमार, दीप अग्रवाल, सौरभ कुमार, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## समाचार सार

### आगजनी से हुई क्षतिग्रस्त परिवार से मिले : डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो (प्रातः आवाज)।** ज्ञात हो की चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम रामदगा में बीते दिन हुई आगजनी से दीपक प्रसाद साहू, किशोरी लाल साहू, नकुल प्रसाद साहू, मनोज कुमार साहू, महेंद्र प्रसाद साहू, भीम साहू, सत्यदेव साहू, राजेश साहू, अनिल प्रसाद साहू, सुखदेव साहू एवं प्रेम साहू के घर पूरी तरह जल कर बर्बाद हो गई। खबर मिलते ही पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। इन्होंने तत्कालीन आपदा राहत के लिए वरीय अधिकारियों से बात की और अनुरोध किया कि उक्त सभी लोगों के लिए जल्द से जल्द पानी, खाने का एवं रहने का व्यवस्था कराया जाए। साथ ही हुए क्षति का शीघ्र आकलन कराते हुए मुआवजा भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### आग से क्षतिग्रस्त घर के पीड़ित परिवार से मिली विधायक शिल्पी नेहा तिर्की



**चान्हो (प्रातः आवाज)।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम रामदगा में बीते दिन आग से लगभग 12 या 15 घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता एवं खबर माध्यम से मिलते ही पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की। विधायक ने क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण किया। साथ ही तत्कालीन आपदा राहत के लिए बड़े सरकारी पदाधिकारी से बात की, कि उक्त सभी पीड़ित लोगों के लिए जल्द से जल्द पानी, खाने का एवं रहने का व्यवस्था कराये। और क्षति का शीघ्र आकलन कराते हुए मुआवजा राशि पीड़ित परिवार को भुगतान किया जाए। मौके पर पार्टी के विधायक प्रतिनिधि मन्ना उरांव, प्रमोद लाल, अनिल उरांव एवं अन्य उपस्थित रहे।

### धनवंती देवी के पुण्यतिथि पर श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 185 लोगों ने किया भोजन



**रांची (प्रातः आवाज)।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा 185 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। आज की सेवा स्व० धनवंती देवी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र नीरज भट्ट, धीरज भट्ट, राजेश भट्ट एवं ममता राय के द्वारा प्रायोजित थी।इस अवसर पर भट्ट परिवार जनों ने स्व. धनवंती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमी अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 175 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहां की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप नारसरिया, संजय सर्राफ, मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, बबलू हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका सहित कई सदस्य उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

# अज्ञात बोलेरो की टक्कर से दो सीसीएल कर्मी घायल, एक कि स्थिति गंभीर

प्रातः आवाज



**खलारी।** डकरा सुभाष नगर में रविवार देर रात अज्ञात बोलेरो के चपेट में आने से दो सीसीएल कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों का ईलाज राँची मेडिका अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना रविवार रात करीब 11:30 से 12 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक सुभाष नगर कॉलोनी में रहने वाले अशोका परियोजना में कार्यरत सीनियर ओवर मैन सीताराम खलखो एवं पुरनाडीह परियोजना में कार्यरत सीनियर ओवर मैन रविन्द्र मिंज रात्रि भोजन करने के बाद सड़क पर टहल रहे थे कि पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद बोलेरो फरार हो गया। दुर्घटना के बाद कॉलोनी निवासीयों की सहायता से दोनों को डकरा केंद्रीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए दोनों को रांची रेफर कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि दुर्घटना में सीताराम खलखो का सर दब गया है वहीं रविन्द्र मिंज का कुल्हा का हड्डी टूट गया है। जिसमें सीताराम खलखो की स्थिति अति गम्भीर बनी हुई है, उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है और रविन्द्र मिंज को खतरे से बाहर बताया गया है। दोनों का इलाज मेडिका अस्पताल रांची में जारी है।

### मांडर व चान्हो में अकीदा और उल्लास के साथ मना ईद-उल-अजहा का त्यौहार



**मांडर।** मांडर व चान्हो प्रखंड में सोमवार को ईद उल अजहा का त्यौहार अकीदा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने क्षेत्र के मस्जिद व ईदगाहों में ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की। मांडर के मुख्य जामा मस्जिद में मौलाना इफ्तेखार कासमी व चान्हो के चटवल ईदगाह में मौलाना रशीद कासमी ने ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा करायी। नमाज के बाद सामूहिक रूप से देश में अमन शांति, भाईचारा व खुशहाली की लिए दुआ मांगी गयी। ईद उल अजहा को लेकर मांडर व चान्हो में चौक चौराहों व मस्जिद तथा ईदगाह के समक्ष पुलिस मुस्तैद रही। इधर पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने ईद उल अजहा की नमाज के बाद मांडर व चान्हो के विभिन्न मस्जिद व ईदगाहों में जाकर लोगों से मुलाकात की और उन्हें ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी।

# स्पोकन इंग्लिश एवं पर्सनाल्टी डेवलपमेंट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रातः आवाज



**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दिन सोमवार को स्पोकन इंग्लिश एवं पर्सनाल्टी डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रांची स्पेनीन के निदेशक, डॉ कुमार संजय के द्वारा किया गया। कार्यशाला पर पीपीटी तथा व्याख्यान के माध्यम से बीएड, एवं डीएलएड के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में सचिव नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या दीपाली पराशर उपस्थित थी। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं के लिए स्पोकेन इंग्लिश एवं पर्सनाल्टी डेवलपमेंट का कार्यशाला काफी मददगार साबित होगा और छात्रों में आत्मविश्वास के साथ-साथ अपने कैरियर तलाशने में भी काफी मदद मिलेगी। मौके पर डीन उपेन्द्र उपाध्याय, व्याख्यता मधुरंजन, विनीता चैधरी, विवेक राज जायसवाल, रिभा कुमारी, अमित कुमार, विनीत शर्मा, सुबोध शर्मा, सहाय सर, तुलसी दास, सुनील कुमार, इत्यादि उपस्थित थे। कार्यशाला मे आये अतिथियों को महाविद्यालय की ओर से पौधा, बैग और शॉल देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार राय, तथा मंच संचालन अनुपमा आइंद तथा प्रनीता कुमारी के द्वारा किया गया।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का हुआ अभिनंदन

प्रातः आवाज



**सोनाहातू/राहे।** रांची सांसद संजय सेठ को केंद्र सरकार में रक्षा राज्य मंत्री बनाए जाने का बाद राहे प्रखंड और सोनाहातू प्रखंड में नागरिक अभिनंदन किया गया। राज्य मंत्री राहे स्थित सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। इस दौरान लोगों ने मंत्री को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया गया। लोगों ने धोबी मोहल्ला में नाली निर्माण कराने की मांग रखी। राज्य मंत्री ने आश्वस्त किया कि आप सभी के आशीर्वाद से केंद्र में मोदी सरकार बना। लोगो के विश्वास और भरोसा को कायम रखने का प्रयास होगा। मौके पर डिप्टी मेयर संजीव विजयर्गीय, वरिष्ट नेता डॉ राजाराम महतो, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रताप कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, नेत्री रेखा देवी, मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, सुशांत सिंह, मेघनाथ महतो, ज्योति कोइरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान राज्य मंत्री ने सोनाहातू प्रखंड के जामुदाग, बारूडीह - पारमडीह और बांकू गांव पहुंचे जहां लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किए।

TAXWAY Group
किड्डू
Kiddoo
A MEMORY BASE PLAY SCHOOL
Call Now! 7979719860, 9431395234
Admission Open
Free Admission
For a Limited Period of Time
(Play Group to U.K.G.)
Add.: Chitranagana, Opp. DC Residence, Jheel Road, Near Sister Nivedita School, Noora, Hazaribag (Jharkhand)

## संक्षिप्त समाचार

### झील परिसर में स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता, मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने बच्चों को किया प्रोत्साहित



**हजारीबाग (प्रातः आवाज)।** रविवार शाम झील परिसर में स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और बच्चों की खूब हौसला-अफ़्ज़ाई की। आउटडोर एस्केप एकेडमी, हजारीबाग द्वारा आयोजित किए गए इस प्रतियोगिता में मुन्ना सिंह का स्वागत, एकेडमी के आयोजक, कोच और पूरी टीम ने किया। मुन्ना सिंह ने सभी विजेताओं और उपविजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते हुए खेल के क्षेत्र में मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि आज के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्य रूप से उपस्थित बबलू सिंह, दिनेश यादव, सुजीत सिंह, विक्की कुमार धान, विशाल कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

**शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास पर आधारित बिरसा पाठशाला के प्रयासों को मुख्यमंत्री ने सराहा, दी शुभकामनाएं**

### नियमित पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा भी ले सकेंगे विद्यार्थी



**हजारीबाग (प्रातः आवाज)।** जिला ग्रामीण विकास समिति ने शिक्षा, रोजगार एवं कौशल विकास केंद्र की इकाई बिरसा पाठशाला को राज्य के प्रत्येक प्रमंडल में स्थापित कर संचालित करने का निर्णय लिया है। संस्था के इस पहल की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र का विकास शिक्षा से संभव है। बिरसा पाठशाला के माध्यम से विद्यार्थियों के उत्थान में यह मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने बिरसा पाठशाला के लिए जिला ग्रामीण विकास समिति की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने जिला ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार को शुभकामना पत्र देते हुए बधाई दिया। सचिव सुनील कुमार एवं बिरसा पाठशाला के उपनिदेशक ओपी शर्मा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जनता दल यूनाइटेड की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**हजारीबाग (प्रातः आवाज)।** जनता दल यूनाइटेड जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय मालवीय मार्ग में जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई निर्णय लिए गए और देश राज्य एवं जिला के राजनीतिक स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। सर्वप्रथम लोकसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल की बड़ी जीत पर उन्हें बधाई दी। आशा व्यक्त किया कि श्री जायसवाल के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा का चहुंमुखी विकास होगा और आम जन की समस्याओं का सांसद गंभीरता से निष्पादन करेंगे। बैठक में प्रदेश सचिव, बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता और जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने एक स्वर से बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने की मांग की। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि आगामी विधानसभा चुनाव में हजारीबाग के पांचों विधानसभा में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए मजबूती से जुट जाएं। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, जिला सचिव भीम मेहता, जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा, जिला सचिव भुवनेश्वर ठाकुर, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, बरकट्ठा से संतोष कुमार, सदर प्रखंड अध्यक्ष रामधनी कुशवाहा, बरही प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह, चुरचू से विनय कुमार यादव, विष्णुगढ़ से राहुल गुप्ता, प्रदीप महतो, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष रघुनंदन महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

# हजारीबाग सदर से टिकट को लेकर भाजपा के बड़े नेताओं के चक्कर काटते दावेदार

## कोई पहुंचा रहा है मालदा आम तो कोई बनारस की मिठाई, सभी को मिल रहा है आश्वासन

**विश्वेंदु जयपुरियार**

**हजारीबाग (प्रातः आवाज)।** लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही हजारीबाग सदर सीट पर राजनीतिक तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है। दरअसल तापमान बढ़ने की मुख्य वजह इस सीट पर हर दिन भाजपा में दावेदारों की बढ़ती संख्या है। ऐसे सभी दावेदार हर थोड़े थोड़े अंतराल पर रांची का चक्कर लगाना भी नहीं भूल रहे हैं। वहीं बड़े नेताओं से मिलने जाते वक्त वे अपने साथ मालदा आम की टोकरी और मिठाई ले जाना नहीं भूल रहे हैं। बड़ी बात यह कि ऐसे सभी दावेदार जिला कमेटी के पदाधिकारियों समेत अन्य नेता और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें भी अपने पक्ष में करने का हर मुमकिन प्रयास कर रहे हैं। इनमें से एक तो बकायदा मालदा आम और बनारस की मिठाई लेकर रांची में एक कद्दावर नेता से मिलते दिखे।



### अभी से विधायक वाले हाव-भाव

इस सीट से टिकट मिलने को लेकर कुछ तो इतने आश्वस्त हैं कि उनके हाव भाव अभी से ही बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वहीं वे अपने समर्थकों से कह रहे हैं कि उनकी टिकट और जीत दोनों ही तय है। वैसे पार्टी के वरिष्ठ नेता साफकह रहे हैं कि टिकट को लेकर पाटी आलाकमान इस बार बार क्या रणनीति अपनाता है, वह चुनाव नजदीक आने पर ही साफहो पायेगा। उन्होंने स्वीकारा कि फ़िलहाल कई दावेदार सामने आ चुके हैं लेकिन इसका फैसला तो पार्टी को ही लेना है।

### कुछ हैं पुराने खिलाड़ी तो कुछ हैं नए

इन दावेदारों में कुछ पार्टी के पुराने नेता और कार्यकर्ता हैं तो कुछ बिलकुल नए हैं। इसके अलावे कुछ समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। कुछ तो ऐसे हैं जो हाल ही में राजनीति में सक्रिय हुए हैं और टिकट मिलने को लेकर पूरी तरीके से आश्वस्त हैं। कह रहे हैं कि रांची से दिल्ली तक उनकी गोटी फिट है और टिकट मिलने में शायद ही कोई अब अड़चन है।

### शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के न्यू बिल्डिंग में अज्ञात का शव मिला



**हजारीबाग (प्रातः आवाज)।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के न्यू बिल्डिंग में एक अज्ञात युवक का शव मिला। मुक्ति सेवा संस्थान के नीरज कुमार ने बताया कि उसकी पहचान के लिए शव को 72 घंटा तक पोस्टमार्टम हाउस में रखा जायेगा। अज्ञात युवक के शव मिलने की जानकारी सदर थाना को दी गई। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि युवक वहां बैठा दिखा और अचानक से उल्टी के बाद उसकी मौत हो गई। अज्ञात युवक के शव की पहचान के लिए उसका फोटो को सोशल मीडिया में सर्कुलेट किया गया है। युवक की मौत कैसे हुई और वह हॉस्पिटल क्यों आया था, इसकी जांच पुलिस कर रही है।

## पोता-पोती को लेकर गया था मछली पकड़ने, तालाब में डूबने से मौत

### बिना पोस्टमार्टम के ही हुआ अंतिम संस्कार

**प्रातः आवाज**



**चौपारण।** जागोडीह तालाब में मछली पकड़ने गए एक व्यक्ति की सोमवार सुबह डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान घमन भुइयां पिता स्वर्गीय चमन भुइयां उम्र करीब 50 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार घमन भुइयां अपने पोता-पोती के साथ जागोडीह स्थित तालाब में मछली पकड़ने गया था। तालाब में घुस कर वह मछली पकड़ रहा था कि अचानक किसी गड्ढे में पैर जा फंसा और तालाब में डूबने लगा। दादा को पानी में डूबता देख पोता-पोती चिल्लाने लगे। हालांकि काफी देर बाद पहुंचे स्थानीय लोगों ने घमन भुइयां को तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। तालाब महज चार से पांच फीट ही गहरा था। गांव के ही संतोष भुइयां ने बताया कि हमने घटना की सूचना चौपारण पुलिस को दिया और 108 पर फोन करके एंबुलेंस बुलाया। लेर्किन एंबुलेंस चालक को जैसे ही मौत की जानकारी हुई, उसने शव को ले जाने से इनकार कर दिया। जिसके बाद शव का बिना पोस्टमार्टम किये ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि पुलिस आई और वापस चली गई। पूछे जाने पर चौपारण थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना के बाद जब हमारी टीम पहुंची तब तक शव के अंतिम संस्कार के लिए परिजन निकल गए थे।

### फांसी लगाकर डीवीसी कर्मी ने की आत्महत्या

**हजारीबाग (प्रातः आवाज)।** शहर के डीवीसी कालोनी के धर्मेंद्र कुमार 41 वर्ष पिता सरयू राम ने सोमवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलते ही सदर पुलिस ने



घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। सदर पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी मायके बोकारो गई हुई थी, जब उसने यह कदम उठा लिया। मृतक की दो बेटियां है। घटना को लेकर मृतक के रिश्तेदार कुलदीप कुमार ने थाना में आवेदन दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

**खबर का असर**

## लापरवाही बरतने वाले चार स्वास्थ्यकर्मियों पर गिरी गाज

**प्रातः आवाज**

**केरेडारी।** सीएचसी में व्याप्त कुव्यवस्था की खबर प्रातः आवाज में छपने के उपरांत जिला प्रशासन ने मामले में संज्ञान में लेते हुए प्रभारी चिकित्सक समेत अन्य तीन स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ कारवाई की है। इस कारवाई के तहत प्रभारी डॉ बिक्रम व बड़ा बाबू रामू यादव को केरेडारी स्वास्थ्य केंद्र से हटाकर बरही व जीएनएम रोशनी सोरेन व मुनि को बड़कागांव प्रतिनियुक्त किया गया।



### क्या है मामला

**प्रातः आवाज इंपैक्ट**

केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी के चिकित्सक व जीएनएम की लापरवाही से एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई थी। इस मामले में बच्चे के परिजन जोरदाग गांव निवासी रोहित साव ने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। गत 2 जून अहले सुबह 3 बजे जोरदाग गांव निवासी मुकेश साव अपनी भाई की गर्भवती पत्नी कंचन देवी को लेकर केरेडारी सीएचसी आए थे। लेकिन प्रसव पीड़ा से छटपटाती इस महिला पर न किसी कर्मचारी व न ही जीएनएम ने ध्यान दिया। वहीं ड्यूटी में तैनात जीएनएम रोशनी सोरेन भी ड्यूटी छोड़ घर चली गई, जिससे महिला की स्थिति बिगड़ गई। घटना दो जून की है। परिजन महिला को लेकर बड़कागांव के निजी नर्सिंग होम में पहुंचे, जहां ऑपरेशन से उसने बच्चे को जन्म दिया। बच्चे की स्थिति खराब देख उसे आनन फानन में हजारीबाग के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजनों ने इस मामले की जब शिकायत की तो बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी यहां पहुंची थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मामले की जांच कर यहां कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों को दोषी पाते हुए कारवाई की है।

**नीट परीक्षा में धांधली**

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका




**प्रातः आवाज**

**हजारीबाग।** नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अभिषेक राज के नेतृत्व में प्रदर्शन कर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंका। छात्रों का कहना है कि जब तक मामले की सीबीआई जांच नहीं होती, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। एनएसयूआई ने शहर के बाबूगांव चौक पर प्रदर्शन करते हुए केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर छात्र नेता आदर्श आनंद ने कहा कि टॉपर को 720 में से 719 और 718 नंबर मिल रहे है। एक ही सेंटर से कई छात्रों ने टॉप किया है, जिससे समझा जा सकता है कि नीट परीक्षा में कितना बड़ा घोटाला हुआ है। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच के अलावे दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान शिविर में 55 ने किया रक्तदान**

## रक्तदान महादान है, जीवन में इससे बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं : डीसी

**प्रातः आवाज**




**हजारीबाग।** सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था मारवाड़ी युवा मंच द्वारा सोमवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सहयोग से रक्तदान शिविर एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफडेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, संत कोलंबा मिशन हॉस्पिटल, टाइटन आई प्लस और फिट फिजियोथैरेपी क्लिनिक के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डीसी नैंसी सहाय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गयाद्य रक्तदान शिविर का शुभारंभ मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल सीए, कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन, संयोजक विनीत अग्रवाल व बादल गोयल ने रक्तदान कर किया। कुल 55 ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दियाद्य डीसी ने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया। साथ ही 10 एवं 12वीं कक्षा के मेधावी बच्चे जिन्होंने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाया उन्हें भी सम्मानित किया। सभी रक्तदाताओं को मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिकेत अग्रवाल, संयोजक विनीत अग्रवाल व बादल गोयल द्वारा सर्टिफिकेट एवं पौधा देखकर सम्मानित किया गया। स्वस्थ शिविर में 400 अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर को सफल बनाने मारवाड़ी समाज के सांवरमल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, निर्मल जैन, दिनेश खंडेलवाल, श्रवण अग्रवाल, सुबोध सेठी, विजय लुहाडिया, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष संयोजक के अलावे अन्य का सहयोग रहा।

# लक्ष्मीपुर की महिलाओं को मिला दोना पत्तल बनाने की मशीन

## ढीबरा चुनने और शराब बेचने वालीं महिलाएं बना रही हैं पत्तल, महिलाएं आर्थिक रुप से बन रही हैं आत्मनिर्भर





**प्रातः आवाज**

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड का लक्ष्मीपुर गांव कोडरमा जिला से 22 किलोमीटर दूर जंगल के बीच बसा एक छोटा सा गांव है। यहां की महिलाएं जंगलों में ढीबरा चुनने और शराब बेचकर घर परिवार चलातीं थी, लेकिन उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जब डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव पहुंची और वहां कि महिलाओं से बातचीत की। इस दौरान लक्ष्मीपुर की दीदियों ने दोना पत्तल बनाने की इच्छा जाहिर की और कहा कि यह गांव जंगलों से घिरा हुआ है और यहां के जंगल में सखुवा के पत्ते काफी हैं। अगर हमलोगों को दोना पत्तल बनाने की मशीन व प्रशिक्षण दिया जाये तो हमलोग स्वावलंबन की ओर बढ़ते हुए आजीविका का स्रोत बन जायेगा। लक्ष्मीपुर के गांव की महिलाओं की इच्छाशक्ति देखते हुए उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज द्वारा डीएमएफटी मद से लक्ष्मीपुर की महिलाओं को दोना पत्तल बनाने की मशीन प्रदान किया गया और गांव की 40 से 50 महिलाएं को जेएसएलपीएस के माध्यम से आरसेटी की ओर से दोना पत्तल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। आलम यह है कि उपायुक्त कोडरमा की इस पहल से कभी ढीबरा चुनने या शराब बेचकर घर परिवार चलाने वाली महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन रही हैं और ये महिलाएं अपना हुनर दिखाकर अपने घर में लक्ष्मी का प्रवेश कर रही है। जिससे उनकी घर की माली हालत दूर होने लगी है। आज के समय प्रतिदिन महिलाएं काफी संख्या में दोना पत्तल तैयार कर रही हैं। अपने आसपास के बाजार एवं दुकानों में बेचकर आमदनी कर रही हैं। कई समारोह से भी उन्हें ऑर्डर मिलता है, उनके द्वारा बनाई दोना पत्तल को काफी सराहा जा रहा है। इस आमदनी से महिलाएं अपने परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त एवं मजबूती कर रही है। आने वाले समय में पूरे गांव इस काम में जुड़ने के लिए प्रयास कर रहे है। बता दें कि महिलाएं सबसे पहले जंगल से सखुआ के पत्ते एकत्रित करती हैं और फिर इन्हीं पत्तों से मशीन के माध्यम से दोना-पत्तल बनाती है।

दोना पत्तल का उपयोग पर्यावरण फ्रेंडली-दोना पत्तल का उपयोग पर्यावरण फ्रेंडली है। दोना पत्तल का उपयोग आज बड़े-बड़े समारोह में किया जा रहा है। इसका उपयोग न केवल आसान बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। सखुवा के पते से बना पत्तल का उपयोग स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत ही लाभप्रद है। दोना-पत्तल की बिक्री में भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। लोग स्वयं आकर दोना-पत्तल ले जाते हैं। काफी संख्या में ऑडर भी इसके लिए प्राप्त होता है। विशेषकर समारोह के अवसर पर इसके डिमांड काफी बढ़ जाती है।



## माता-पिता ने नई परंपराओं पर लगाया ब्रेक

### जन्मदिन पर न गए होटल और न काटा केक गौशाला में तुलादान कर मनाया बेटी का जन्म दिन

**प्रातः आवाज**

**झुमरी तिलैया।** स्थानीय वेशाली प्रेस गली निवासी अनंत चंद्रा ने अपनी बेटी के पहले जन्म दिन पर नई परंपराओं पर ब्रेक लगा दिया। वे न तो बड़े होटलों में गए और न ही केक काटा। उन्होंने अपनी बेटी के पहले जन्मदिन को खास बनाने के लिए गौशाला में जाकर तुला दान किया और जन्मोत्सव को मनाया। बता दें कि उन्होंने 16 जून को कोडरमा गौशाला परिसर में ने अपनी बेटी का प्रथम जन्मदिन बेहद खास अंदाज में सेलिब्रेट किया। अनंत चंद्रा ने बताया कि अपनी एक वर्षीय बेटी आराध्या सिंह के पहले जन्मदिन को यादगार के रूप में सेलिब्रेट करने के लिए उनका परिवार 6 महीने से इस दिन की प्रतीक्षा कर रहा था। उन्होंने बताया कि श्री कोडरमा गौशाला समिति के द्वारा गौशाला पहुंचकर गौ सेवा करते हुए बर्थडे सेलिब्रेट करने की सुविधा प्रदान करने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने घर में इसकी चर्चा की थी। इसके बाद घर के सभी लोग गौशाला में बेटी का जन्मदिन सेलिब्रेट करने के लिए काफी उत्साहित थे। अनंत अपनी पत्नी संगीता सिंह और बेटी के साथ गौशाला पहुंचे और तुलदान के माध्यम से बच्ची की वजन के बराबर गौ चारा के रूप में गौशाला को गुड का दान किया। वहीं संगीता सिंह ने बताया कि 10 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद उन्हें पुत्री हुई है। गौशाला में बेटी का प्रथम जन्मदिन सेलिब्रेट करते हुए उन्होंने गौ सेवा करने का भी पुण्य प्राप्त किया। गौशाला में सेलिब्रेट करने के लिए तुलादान, गौ रोटी सेवा, हरा चारा सेवा के माध्यम से गौशाला के 350 से अधिक गौवंशो की सेवा कर आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिलता है। श्री कोडरमा गौशाला परिसर में अपनी बड़ी बहन की पुण्यतिथि पर मनोज केड़िया भी अपने परिवार के साथ गौ सेवा करने पहुंचे थे।

## नावाडीह सप्ताहिक हाट से मोटरसाइकिल की चोरी

**प्रात : आवाज**

**मरकच्चो ।** थाना क्षेत्र के नावाडीह न.1 में लगने वाले सप्ताहिक हाट से बाइक की चोरी हो गयी । इस संबंध में देवीपुर पंचायत के गुरहा गांव निवासी महेंद्र यादव ने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज़ कराया है । उन्होंने आवेदन मे बताया है कि वह अपनी बाइक जेएच 12के 2821से नावाडीह बाजार गए थे बाज़ार के उत्तर दिशा मे बाइक खड़ी कर वो बाजार में सब्जी खरीदने चले गए । सब्जी लेकर ज़ब वो वापस लौटे तो वहां से उनकी बाइक गायब थी ।

# आजादी के 75 साल बाद भी नहीं बदली गुलीयाटू गांव की तस्वीर

## पानी और बिजली के तरस गई हैं ग्रामीणों की आखें, चुआं के पानी से प्यास बुझाने को विविश है यहां के लोग

**प्रातः आवाज**

**झुमरी तिलैया।** राज्य बदला, सरकारें बदलीं, जिला बदला और प्रशासन बदले लेकिन अगर नहीं बदली तो गुलीयाटू गांव और यहां रहने वाले बिरहोरों की तसवीर। आजादी के 75 वर्ष को देश भर में जहां एक ओर अमृत महोत्सव के रुप में मनाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर इस गांव के लोग पानी के बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। बता दें कि राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। कोडरमा प्रखंड मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर घने जंगलों में स्थित गुलीयाटू गांव में बिरहोर समुदाय के करीब 300 लोग रहते हैं, जो इस भीषण गर्मी में पानी के बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। वैसे तो आदिवासी और बिरहोरों के कल्याण के लिए बनी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के दावों से सरकारी फाइलें अटी पड़ी हैं। लकिन जमीनी सच्चाई कुछ और कहानी बयां करती दिख रही है। आश्चर्य की बात है कि गुलीयाटू के ग्रामीण तीन किलोमीटर दूर से पानी लाते हैं, तब उनकी प्यास बुझती है। सुबह 3 बजे से ही ग्रामीण पानी के लिए जद्दोजहद करते नजर आते हैं। गांव में न तो सड़क है और न ही बिजली। पानी की किल्लत को देखते हुए यहां के ग्रामीणों ने पहाड़ों को खोदकर पानी निकालने का फैसला किया। इस भीषण गर्मी में कड़ी मेहनत करने के बाद ग्रामीणों को आखिरकार पहाड़ों में पानी मिल गया। ग्रामीणों ने अपनी मेहनत से पहले पहाड़ों की तलहटी में एक चुआं खोदा और जब उसमें से पानी निकलने लगा तो ग्रामीणों ने उस चुआं को कुआं बना दिया। गांव के बूढ़े, बच्चे और महिलाएं इस भीषण गर्मी में कुआं बनाने में जुटे हैं। गांव की महिलाएं तपती धूप में नंगे पांव जंगल से पत्थर लाती हैं और गांव के युवा इन पत्थरों से कुएं को बांध रहे हैं। बेहद दुख की बात है कि पानी-बिजली और सड़क को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ने वाले जन प्रतिनिधि भी इन इलाकों में कुछ नहीं कर पाये हैं। इस गांव में कई ऐसे बुजुर्ग भी हैं जिनकी आखं सड़क और बिजली देखने के लिए पथरा गई हैं। अगर बिजली आने से पहले उनकी मौत आ जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

कोडरमा बीडीओ सुमन गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों के साथ गांव का दौरा कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कहती हैं। अब यक्ष प्रश्न उठता है कि इस गांव में रहनेवाले लोगों की मूक फरियाद को कौन सुनता है?




# ईदगाहों में पढ़ी गई बकरीद की नमाज

## मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई



**प्रातः आवाज**

**सतगावां।** प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। बकरीद के पावन मौके पर क्षेत्र के बासोडीह, शिवपुर, माधोपुर, मीरगंज, राजाबर, डेबोडीह, अंगार, दोनैया मस्जिदों में निर्धारित समय पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ ईद-उल-अजहा बकरीद की नमाज अदा की। वहीं सजदे में शीश झुकाया और मुल्क में शांति,अमन चैन व भाईचारे के साथ उन्नति की दुआ माँगी।वहीं लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। इस दौरान हिन्दू भाइयों ने भी गंगा जमुना तहजीब और भाईचारगी की मिशाल पेश करते हुए मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में बकरों की कुर्बानी दी अल्लाह के प्रति शुक्रिया अदा किया।वहीं मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि हजरत इब्राहिम से ही कुर्बानी देने की प्रथा शुरू हुई थी। वहीं बकरीद को लेकर प्रखंड में अलग -अलग जगहों पर दंडाधिकारी नियुक्त थे। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से तत्पर दिखी। इस दौरान बीडीओ सौरव कुमार, सीओ ओम प्रकाश बड़ाइक, बीईओ शेख शकील अहमद,थाना प्रभारी विजय गुप्ता, एसआई कार्तिक सिंह मुंडा, बृजनंदन प्रसाद, रौशन कुमार पासवान,ए.एस.आई कृष्णा राम, पुलिस बल के साथ मुस्तैद दिखे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, मुखिया मंटु चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव,शंकर यादव, शैलेन्द्र कुमार, नंदलाल साव, पंसस मो.नईम उदीन, मो. पिंटू आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय का ताला तोड़कर चावल, पंखा व कुर्सी सहित अन्य सामग्री की चोरी

**प्रातः आवाज**

**सतगावां।** सतगावां थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में चोरी की घटनाएं लगातार जारी हैं। आए दिन किसी न किसी विद्यालय में चोरी की घटना को अज्ञात चोरों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नंदूडीह बालक का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापक अशोक पासवान ने बताया कि इस मामले में आवेदन के माध्यम से सतगावां थाना को चोरी घटना की जानकारी को दिया। उन्होंने आवेदन के जरिये बताया कि विद्यालय में ग्रीष्मावकाश चल रहा है। रविवार सुबह लगभग 4 बजकर 51 मिनट में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने फ़ोन के माध्यम से हमें चोरी की घटना की सूचना दी। जब हम विद्यालय पहुंचे तो देखा कि विद्यालय के गेट का ताला टूटा हुआ है और गायब है। अंदर जाने पर रूम में रखे एक पंखा, चावल 120 किलोग्राम व कुर्सी 3 पीस आदि सामान अज्ञात चोरों ने उठाकर लिए। इस मामले को लेकर प्रधानाध्यापक अशोक पासवान ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर कार्रवाई की मांग की है। पूर्व में भी बीते दिनों15 अप्रैल को भी नवसृजित प्राथमिक विद्यालय हेठलाडीह में भी ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया था, जिसका आज तक खुलासा नहीं हो पाया है।



# बकरीद पर अमन और सौहार्द का पैगाम, ईदगाहों में पढ़ी गई नमाज

## अना , हसद ,गुस्सा , तकबुर , गुमराही को कुर्बान करना ही बकरीद का मकसद-मुफ्ती अमीर उद्दीन , तकबीर तशरीह से गुलजार हुआ पूरा इलाका

**प्रातः आवाज**

**जयनगर।** मुस्लिम समुदाय के दूसरे बड़े त्यौहार में से बकरीद का त्यौहार सोमवार को अमन और सौहार्द का पैगाम देते हुए मनाया गया। इस दौरान स्थानीय जयनगर, गोपालडीह, खेसकरी, रघुनियाडीह, पतलकुद्दा, पिपचो, बेको, गरचांच, मंडरिया, तिलोकरी, तेतरोन, परसाबाद, कटिया, घुरमुंडा, कटहादीह आदि गांव में सुबह 7 बजे ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। सभी से मिलजुल कर ईद मनाने और किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचने की अपील की गई। नमाज के बाद सभी लोगों ने अपने-अपने नजदीकी कब्रिस्तान जाकर दुनिया से पर्दा कर गए अपने पूर्वजों की खबरों पर जाकर फातिहा पढ़ी और उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की गई। उसके बाद सभी लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद मुबारक की बधाई दी। प्रखंड मुख्यालय जयनगर स्थित ईदगाह में मुफ्ती अमीरुद्दीन मिस्बाही ने नमाज पढ़ाई। मुफ्ती अमीरुद्दीन मिस्बाही ने नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम से जुड़ा है। अल्लाह ताला ने जिसको दौलत से नवाजा है उन लोगों पर कुर्बानी करना वाजिब है। आगे कहा कि इस्लाम का मेन यही है की सलामती, अमन और भाईचारा कायम हो। कहा कि काम की तरक्की के लिए इल्म भी जरूरी है। प्रखंड के वक्ताओं ने बताया कि बकरीद यानी ईद उल अजहा का पर्व हजरत इब्राहिम के देखे ख्वाब की तमिल को अमली जामा पहनाते हकीकत व एहतराम के साथ मनाया गया। इस दौरान मुल्के हिंद को हमेशा कामयाबी और कमरानी के साथ आगे बढ़ते रहने की दुआ मांगी गई।



## एक सहयोग आपका फाउंडेशन की बैठक

**प्रातः आवाज**

चंदवारा। चंदवारा प्रखंड के उरवां मोड़ स्थित बाबा होटल में एक सहयोग आपका फाउंडेशन की बैठक की गई। बैठक के अध्यक्षता संस्था के सचिव प्रदीप मोदी एवं संचालन राकेश पंडित ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संस्था को आगे बढ़ाने के लिए सभी सदस्य एक होकर संस्था के प्रति काम करे।इस दौरान एक सहयोग आपका फाउंडेशन संस्था के फाउंडर सीताराम वर्णवाल ने कहा कि संस्था अगले महीने से चंदवारा प्रखंड के हर एक पंचायत के प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में महीने के 20 तारीख को आंगनवाड़ी में पढ़ रहे गरीब बच्चों को निःशुल्क कॉपी, कलम,पेंसिल एवं खेल सामग्री वितरण किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था का लक्ष्य है कि दो से तीन माह में 10 हजार वृक्षारोपण करने का।मौके पर संस्था के राजेश यादव, दीपक शर्मा,रंजीत वर्णवाल,संतोष कुमार चंद्रवंशी, दीपक वर्णवाल,संतोष कुमार लोग मौजूद थे।



## हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया बकरीद

**प्रातः आवाज**

**मरकच्चो।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के त्याग व बलिदान का त्यौहार ईद उल अजहा, बकरीद सोमवार को अमन व शांति के साथ संपन्न हो गया। बकरीद को लेकर सुबह से लोग तैयारियों में जुट गए। बच्चों में खासकर उत्साह देखने को मिला। नए कपड़े में सजे बच्चे खूब इठला रहे थे। ईद को लेकर बच्चों ने खास तैयारियां की थी। ईद पर मिले उपहार की खुशियां दूसरों से बताने में मशगूल थे। समय पर लोगों ने मस्जिदों व ईदगाहों में पहुंच गए। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत दशारो, पपलो, शाहगंज, कर्बला नगर, खेशमी पुरनानगर, मझलानगर, दरदाही,नावाडीह1, लोहंडियो,खरखार, ताराटांड़, महूँगाय, विंडोमोह, महुआटांड़, मुर्कमनाय समेत कई मुस्लिम बहुल इलाकों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी। मौके पर लोगों ने देश में अमन, भाईचारगी और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगी। नमाज के उपरांत सभी मुस्लिम भाई आपसी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। इसके बाद लोगों ने अपने अपने घरों में बकरे की कुर्बानी दी।



## डोमचांच में बकरीद पर पुलिस रही मुस्तैद

**प्रातः आवाज**

**डोमचांच।** प्रखंड क्षेत्र मे ईद उल अजहा को लेकर ईदगाहो और मस्जिदों में सोमवार को विशेष नमाज अदा की गई। त्यौहार को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ईद उल अजहा को लेकर डोमचांच नगर क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र के ईदगाहों व मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। लोग साफ-सुथरे व नए कपड़े पहन, इत्र लगा ईदगाहों व मस्जिदों में जमा होकर अकीदत व एहतेराम के साथ ईद उल अजहा की नमाज़ अदा की। डोमचांच नगर क्षेत्र सहित प्रखंड के नावाडीह, बगड़ो, बगरिडीह, असनाबाद, पहाड़पुर, करमंडी बीघा, पैसरा, ताराटांड़, ढोढाकोला समेत विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में अलग-अलग समय पर ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। उमस भरी गर्मी के बाद भी मुस्लिम धर्मावलम्बी ईद उल अजहा की नमाज अदा की। वहीं बकरीद की नमाज अदा करने के बाद लोग एक-दूसरे के गले मिल ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। इधर बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखा। ईदगाहों, मस्जिदों के आसपास समेत सभी चौक चौराहे पर नियुक्त किये गए मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ अपनी ड्यूटी पर तैनात दिखे। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों ने भी लोगों को बकरीद की मुबारबाद दिया।

## घायल हुए बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**प्रातः आवाज**

**मरकच्चो।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर प्रेम नगर के समीप गत दिनों शाम में अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से पश्चिम मुहल्ला मरकच्चो निवासी 72 वर्षीय अवतार राय गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर रेफर कर दिया गया।कोडरमा से भी उन्हें रांची रिम्स भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु सोमवार सुबह 4 बजे हो गई। परिजनों ने बताया कि उनका दाह संस्कार मंगलवार को किया जाऐगा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## किशोर साव बनें कोडरमा जिला प्रभारी

**प्रातः आवाज**

**झुमरी तिलैया।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने प्रदेश कार्यसमिति की पहली सूची जारी की है। उन्होंने किशोर साव को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कोडरमा जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। उक्त मौके पर कोडरमा के भुवनेश्वर साव, कुलदीप साव, हरिदेव साव समेत कई लोगों ने किशोर साव को बधाई दीं है।

## भखरा निवासी सीआरपीएफ जवान का दिल्ली में निधन,प्रखंड में शोक का लहर

**प्रातः आवाज**

**सतगावां।** थाना क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत भखरा गांव के निवासी सीआरपीएफ जवान उमाचरण पासवान उम्र 54 वर्ष की नई दिल्ली में ईलाज के क्रम में रविवार की मध्य रात्रि में निधन हो गया।बताया जाता है की उक्त जवान बिहार राज्य के मोकामा में बहाली हुई थी जिनकी ड्यूटी नई दिल्ली में लगाई गई थी।मालूम हो की फरवरी महीने में किसान आंदोलन में धरनास्थल पर उनकी ड्यूटी लगाई गई थी, जहां उनको माथे में चोट लगने के बाद बेहोशी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवार वालो के अनुसार ईलाज के क्रम में ही जवान कौमा में चला गया जो तीन महीने से ज्यादा समय तक कौमा में रहने के बाद वापस नहीं लौट पाया और निधन हो गया। सूत्रों की माने तो जवान की पार्थिव शरीर बिहार राज्य के पटना,भाया मोकामा होते हुए मध्य रात्रि में आने की संभावना है जिनका संस्कार मंगलवार की सुबह में होनी तय है । उक्त जवान को छह बेटी और दो छोटा छोटा बेटा है, जिसमें पांच लड़की की शादी पूर्व में ही हो चुका है जबकि एक लड़की की विवाह करना बाकी था।वहीं भखरा गांव सहित पूरे प्रखंड में शोक का लहर है । शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से मनोज कुमार निराला, सुरेंद्र सिंह,धनंजय यादव,रामौतार चौधरी,दिनेश सिंह,मनोज भगत,दीपेश अग्रवाल,आनंद शंकर,बैजू यादव,अखिलेश यादव,प्रवीण कुमार,धर्मेंद्र कुमार,आकाश कुमार,जितेंद्र पांडेय, बालमुकुंद सिंह, रंजित सिंह, अरविंद सिंह, मिथलेश यादव, प्रणव मुरारी आदि थे।



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता के प्रयास से 4 चापाकलों की हुई मरम्मत



**बड़कागांव (प्रातः आवाज)।** प्रखंड में भीषण गर्मी सबसे बड़ा असर पेयजल पर देखा जा रहा है। प्रखंड के सभी नदियां के अलावा कई तालाब कुआं भी सूख चुके हैं। कई लोगों का बोरिंग सिस्टम भी जवाब दे चुका है।वहीं प्रखंड के कई स्थानों की जननल योजना से बनाई गई जलमीनार भी खराब है। प्रखंडों में की चापाकल की स्थिति देखी जाए तो अधिकतर चापाकल खराब हो गए हैं। पेयजल समस्या को लेकर विभाग के द्वारा खराब हुए चापाकल का मरमती कार्य किया जा रहा है।सोमवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नौशाद आलम ने अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए अपने प्रयास से बड़कागांव मध्य पंचायत में खराब पड़े तीन एवं एक बादम में चापाकल का नापोकला जलसहिया उर्मिला के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा मरम्मत करवा कर पानी चालू कराया गया है। बड़कागांव मध्य पंचायत के बीएम मेमोरियल स्कूल के समीप, अंबेडकर मोहल्ला पिपल टोला, ठाकुर मोहल्ला एवं बादम में बनिया टोली में खराब पड़ा चापाकल को मरम्मत कराया गया।

### मृत्तक के परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक, दिया आर्थिक सहयोग



**चौपारण (प्रातः आवाज)।** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव चोरदाहा पंचायत के सूदूरवर्ती सिलोदर पहुंचे। सिलोधर निवासी डब्लू कुमार पिता नरेश भुइयां के असामायिक निधन की खबर सुनकर पीड़ित परिजन से मिलने पहुंचे। मालूम हो कि डब्लू कुमार की मौत मुम्बई में ट्रेन यात्रा के दौरान तबियत बिगड़ने से हो गई। पूर्व विधायक ने आश्रितों को आर्थिक सहयोग दिया। सिलोदर के ही पचू भुइँया के असामायिक निधन की खबर सुनकर पीड़ित परिवार से मिलकर पूर्व विधायक ने शोक संवेदना प्रकट किया और आर्थिक सहयोग देकर हर सभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सुखदेव पासवान, समाजसेवी गोपाल यादव, बंशी यादव, परमेश्वर यादव, महेंद्र यादव, कृष्णा पासवान, सुकर भुइयां, प्रभु यादव, राजकुमार यादव सहित अन्य

### जेएसजेएमएम संगठन के सक्रिय सदस्य को केरेडारी पुलिस ने भेजा जेल

**केरेडारी (प्रातः आवाज)।** थाना क्षेत्र के बरियातू पंचायत अंतर्गत देवरिया खुर्द गांव से जेएसजेएमएम संगठन के सक्रिय सदस्य को चार जिन्दा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि देवरिया खुर्द गांव में दो युवक जिसमे एक स्थानीय उसी गांव के रितेश कुमार यादव पिता केशो यादव उम्र 18 वर्ष एवं एक अन्य युवक पिछले कई दिनों से आपत्तिजनक वस्तु के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते देखा जा रहा है, जिसका सत्यापन केरेडारी थाना के सब इंस्पेक्टर हैपी मिंज अपने शसस्त्र बल के साथ देवरिया खुर्द गांव पहुंचा तो दोनो युवक पुलिस को देखते ही भागने लगे,पुलिस के जवानों ने सावधानी पूर्वक उन दोनो का पीछा कर एक युवक को




गिरफ्तार करने में सफल हुए जबकि एक अन्य युवक फरार होने में कामयाब हो गया। गिरफ्तार किए गए युवक की तलाशी ली गई तो उसके पैंट के दाहिने पॉकेट से 7.62 एमएम के चार जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। उससे पूछताछ में उसने अपना नाम रितेश कुमार यादव बताया जबकि दूसरे युवक के बारे मे उसका नाम राहुल सिंह बताया जो जेएसजेएमएम ग्रुप का कमांडर बताया गया। पूछताछ पूरी होने के पश्चात उसे केरेडारी थाना लाया गया जिसके पश्चात एसआई हैप्पी मिंज के लिखित आवेदन के आधार पर केरेडारी थाना कांड संख्या 96/2024 धारा 25 (1-बी) ए आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार युवक को केंद्रीय कारा हजारीबाग भेज दिया गया।

# डोडा लदा ट्रक जब्त, पांच आरोपी गिरफ्तार

**● 18 पैकेट में 301 केजी था डोडा, 45 लाख है कीमत ● तीन आरोपी पंजाब और दो हरियाणा के**







प्रातः आवाज

**चौपारण।** चोरदाहा में माधक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चौपारण पुलिस ने डोडा लदे एक ट्रक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। ट्रक से पुलिस ने 18 पैकेट में कुल तीन सौ एक केजी डोडा बरामद किया है। बरामद डोडा का बाजार मूल्य करीब पैंतालीस लाख बताया जा रहा है। घटना के संदर्भ में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि वरीय पुलिस को सूचना मिला था कि चोरदाहा स्थित पंजाबी लाईन होटल के पास ट्रक संख्या आरजे 23 जीए 5707 पर अवैध रूप से भारी मात्रा में डोडा लोड किया जा रहा है। डीएसपी बरही सुरजीत कुमार के अगुवाई में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पंजाबी होटल में छापेमारी किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कुछ लोग ट्रक के चढ़े है और कुछ लोग माथा पर प्लास्टिक का बोरा ला रहे है। पुलिस को सामने देखते ही लोग भागने का प्रयास करने लगे। सुरक्षा बलो ने खदेड़ कर पांच लोगों को पकड़ा। इधर भागने का कारण पूछने पर इनलोगों ने कोई संतोषजनक जवाब नही दिया। ट्रक तलाशी के क्रम में भारी मात्रा में डोडा का खेप मिला। इधर चौपारण थाना कांड संख्या 199/24 के मामला दर्ज कर आरोपी रुपिन्द्रजीत सिंह पिता जशवीर सिंह, यशविन्दर सिंह पिता स्व मुन्नी सिंह दोनो भटिन्डा पंजाब, असलम पिता रफीक, नवाब खान पिता स्व छोटा खान, संगरूर पंजाब, तारीक पिता अलीम खान, पलवल हरियाणा को गिरफ्तर कर जेल भेज दिया गया।

## बरही : खेत में पड़ा मिला कैलाश का शव, लू लगने की आशंका



**बरही (प्रातः आवाज)।** थाना अंतर्गत रसोइया धमना में स्थित जिरवा गढ़वा के खेत में एक व्यक्ति का शव मिला। इसका पता तब चला जब बकरी चराने वाले खेत की और गए हुवे थे। हो हल्ला करने के बाद आसपास के ग्रामीण पहुंचे, तो पता चला की मृतक बेंदगी गांव निवासी भुनेश्वर रविदास का 40 वर्षीय पुत्र कैलाश रविदास है। परिजनों ने बताया की कैलाश रविदास सुबह 6 बजे घर से निकाला था, शाम तक घर नही लौटने पर काफी खोजबीन भी कर रहें थे। वहीं लोगों ने बताया की उक्त युवक बाहर में गाड़ी चलाता था, चार माह पहले घर आया था। मृतक का एक लड़की व एक लड़का है। वहीं बताया गया की पत्नी इसको छोड़कर चार साल पहले चली गई थी, उसके बाद से इसका दिमागी हालत खराब हो गया था। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर उपस्थित लोग लू लगने की आशंका जताई है। घटना स्थल पर रसोइया धमना के पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी, राजेंद्र साहू, मो. हकीम अंसारी, मो. कासिम, टुकन रविदास, बिगन राम, चन्द्र राम, सोहर राम, फुलमतिया देवी समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पैक्स में धान बेचने वाले किसानों को नहीं मिली दूसरे किस्त की राशि

**पैसा नहीं मिलने से कर्जदार बन रहे किसान, कैसे होगी धान की बुआई सता रही चिंता**

राजू यादव

**टाटीझरिया (प्रातः आवाज)।** बेहतर मानसून और अच्छी खेती होने की आस के बीच क्षेत्र के किसान काफी चिंतित नजर आ रहे है। किसानों को फिक्र है कि इस बार वह समय पर खाद और बीज की खरीदारी कैसे पर पाएंगे। किसानों की परेशानी इसलिए बढी हुई है क्योंकि सरकार द्वारा पैक्स के माध्यम से धान खरीदी की दूसरी किस्त की राशि का भुगतान लगभग छह माह होने के बाद भी नहीं हो पाया है। मानसून के प्रवेश के साथ ही किसान धान की बिहन करने में जुट जाएंगे। लेकिन उनके पास धान की बीज और खाद खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं। पैसे आने के इंतजार में वह पहले से ही कर्जदार बनकर बैठे हुए हैं। अब धान के बीज और खाद खरीदने की चिंता उन्हें सताने लगी है। इस महंगाई के समय में किसानों को भारी कीमत में धान का बीज और खाद खरीदना पडता है। धान खरीदी की दूसरी किस्त का भुगतान नहीं होने से किसान परेशान हैं।



### 130 किसानों के पैक्स में दूसरी किस्त का नहीं हुआ भुगतान

सरकार द्वारा पैक्स में किसानों के धान खरीदी का भुगतान समय पर करने का दावा खोखली साबित हुई। टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पैक्स में 58 किसानों का 1664.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। डहरभंगा में एफपीओ के माध्यम से 72 किसानों से 1381 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इन किसानों के दूसरी किस्त की राशि का भुगतान करीब छह माह होने पर भी अबतक नहीं हो पाया है। पैसा आने के इंतजार में किसान कर्जदार बनकर बैठे हुए हैं। अब धान की बुआई के समय में बीज और खाद खरीदने की चिंता किसानों को सता रहा है। टाटीझरिया कृषि आधारित क्षेत्र है। यहां के किसानों ने पैक्स में धान खरीदी की राशि की अविलंब भुगतान करने की बात सरकार से रखी है।

# विभिन्न प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद-उल-अजहा संपन्न

## बरही : देश में अमन और शांति के लिए की गई दुआ



प्रातः आवाज

**बरही।** सोमवार को बरही व विभिन्न क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा की नमाज के मौके पर लोगों ने देश में अमन शांति व भाईचारे की दुआएं मांगी। बरही में बकरीद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात किया गया था। बरही शहर में ईदगाह सहित पांच जगहों में अकीदतमंदों ने बकरीद की नमाज अदा की। सबसे पहले अहले सुबह बरही ईदगाह में हाजी मुशर्रफ ने बकरीद की नमाज पढ़ाई। यहां पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा किया। इसके अलावा बरही जामा मस्जिद में हाफिज फिरोज, मक्का मस्जिद में हाफिज अब्दुल कयूम, मदीना मस्जिद में हाजी कलीम उद्दीन रिजवी, मस्जिदे अक्सा में मौलाना रिजवालून कादरी के द्वारा ईद की नमाज पढ़ाई गई। रसोईया धमना के ईदगाह के अलावा दुलमाहा, धनवार, बरसोत, करियातपुर, मलकोको, पड़रिया, डुमरियाडीहा, गरजमो, अलगडीहा, जवाड़, भंडारों, हथगढ़ा, गुडियो सहित अन्य मस्जिदों में मुस्लिम धर्मलंबियों ने भारी संख्या में नमाज अदा किया और एक दूसरे से गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दिया। इस अवसर पर बरही जामा मस्जिद पेशे ईमाम हाज़ी मौलाना मुशर्रफुल क़ादरी ने कहा कि कुर्बानी पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है। इस कुर्बानी का मतलब होता है अपने अंदर छुपी हुई बुराई को निकाल कर अच्छाई की ओर कूच करना। वहीं बरही विसअल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम ने ईद उल अजहा की नमाज के बाद कहा कि कुर्बानी अपने घरों पर करें, सड़कों पर गंदगी न फैलाएं। उन्होंने पानी को बचाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पानी की बर्बादी न की जाए और इस अवसर पर उन्होंने एक पौधा लगाने का आग्रह किया। आपसी भाईचारा कायम रखें और सभी एक दूसरे का सहयोग करें। साथ ही नसीहत दिया कि इस मौके अपने-अपने अंदर छिपी हुई बुराइयों की कुर्बानी करें।

## कटकमसांडी : ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़ मांगी मुल्क में अमन की दुआएं

**कटकमसांडी (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने सोमवार को ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़कर मुल्क में अमन की दुआएं मांगी और कुर्बानी का रस्म किया। पूरे प्रखंड क्षेत्र में स्थित मस्जिदों व ईदगाहों में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह सात बजे तक पढ़ी गई। मस्जिद के इमामों ने खुतबा पढ़ी और इसके बाद अकीदतमंदों ने गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी। पर्व को लेकर दिनभर कटकमसांडी व पेलावल पुलिस क्षेत्र में गश्त करते दिखी। ईद-उल-अज़हा पर्व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। मौके पर भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू, मनीष ठाकुर, सतीश सिंह, राजेंद्र प्रसाद राजा, मिस्बाहुल इस्लाम, बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी राजकिशोर सिंह, कारू राम, समाजसेवी विक्रम राणा, समाजसेवी उपेंद्र कुशवाहा, कांग्रेस के इंद्रदेव यादव समेत दर्जनों लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी।

## बड़कागांव प्रखंड में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न

प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** प्रखंड में ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो गया संपन्न हो गया। प्रखंड के सभी मस्जिदों में सुबह के समय से ही नमाज अदा करने के लिए नमाजी जुटने लगे। नमाजियों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ की और एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने अपने - अपने घरों में जाकर कुर्बानी की रस्म अदा की। बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव जामा मस्जिद, महुदी जमा मस्जिद, बादम जामा मस्जिद, बलिया जामा मस्जिद , चट्टी मस्जिद, मोकद्दस मस्जिद बादम, सिरमा जामा मस्जिद, कनोदा मस्जिद, महुगाई मस्जिद, चंदौल मस्जिद, डाड़ीकला मस्जिद, चेपा मस्जिद, सिंदूवारी मस्जिद, नगड़ी मस्जिद, महुंगाई मस्जिद, हाहे मस्जिद, छवनिया मस्जिद, चंदौल मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिल्हिज्जा की 10 तारीख (सोमवार) से तीन दिवसीय कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा मनाया जा रहा है। यह पूरा महीना हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की यादगार है। जिसकी पूरी जिन्दगी कुर्बानी में ही गुजरी। बकरीद पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। सभी मस्जिदों के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। एसडीपीओ कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर अनिल सिंह और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड के सभी गांव में पुलिस के अधिकारी और जवान गश्ती करते नजर आए।



## हर्षोउल्लास के साथ बरकट्ठा में मनाई गई बकरीद

प्रातः आवाज



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में ईद उल अजहा बकरीद का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। रजा जामा मस्जिद बरकट्ठा में इमाम मौलाना अताउल रहमान ने सुबह 7:15 बजे बकरीद की नमाज अदा कराई। जिसमें बरकट्ठा के अलावे आस पास के इलाको से बड़ी संख्या में नमाजी शामिल हुए। इमाम ने मौके पर क्षेत्र में अमन-चैन और शांति के लिए दुआएं मांगी। कहा कि बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे के साथ सभी गिले शिकवे को भूलकर मिलजुल कर मनाने का पैगाम लेकर आती है। नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बकरीद को लेकर मस्जिद को फूलों से आकर्षक ढंग से सजावट किया गया। पर्व के मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, पूर्व जिप सदस्य दयमंती देवी, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, दर्शन सोनी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं दी है. बरकट्ठा के अलावा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सक्रेज, घंघरी, तरबेचवा, मेरमगड्डा, कोनहराखुर्द, शिलाड़ीह, बरवां, जमुआ, बेडोखुर्द, बसरामो, कोनहराकला, बेड़ोकला गांव में भी लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज सोमवार को मस्जिदों में अदा किया गया।

# प्रदूषण का प्रहार झेलती महिलाएं



विजय गर्ग

भारत में वायु प्रदूषण से हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक विश्व की लगभग पूरी आबादी ऐसी हवा सांस रही है, जिसमें प्रदूषक तत्व तय दिशा-निर्देशों की सीमा से कहीं अधिक है। 2019 में इसकी वजह से करीब 67 लाख लोगों की मृत्यु हुई थी। यो प्रदूषण सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन बुजुर्गों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण उन पर और अधेड़ उम्र की महिलाओं के स्वास्थ्य पर यह घातक असर डाल रहा है। बुजुर्ग महिलाएं अपना अधिकांश समय घरों के भीतर व्यतीत करती हैं। 7 मगर वे घर के भीतर भी वायु प्रदूषण से जूझ रही हैं। प्रदूषण के कारण उनमें नेत्र, त्वचा, नाक, गले में खुजली, चक्कर आना, थकान, रक्तचाप, चिड़चिड़ापन, अवसाद, अनिद्रा, बहरापन, मानसिक रोग, पेट संबंधी रोगों में लगातार इजाफा हो रहा है। हाल में हुए शोध बताते हैं कि वायु प्रदूषण से कुछ गंभीर रोग भी तेजी से बढ़े हैं, जो बुजुर्ग महिलाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं।

चिकित्सक मानते हैं कि वायु प्रदूषण से फेफड़े और दिल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में हर एक हजार में से बीस बुजुर्ग वायु प्रदूषण से मनोभ्रंश के शिकार हुए हैं। बुजुर्ग महिलाओं में इसका प्रसार अधिक बताया गया है। इंपीरियल के पर्यावरण अनुसंधान समूह के प्रमुख और लेखक, प्रोफेसर फ्रैंक केली मुताबिक इक्कीसवीं सदी में स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल के लिए डिमेंशिया बड़ी चुनौतियों में से एक है। येल और पेकिंग विश्वविद्यालय में संयुक्त रूप से हुए एक अध्ययन के मुताबि वायु प्रदूषण के कारण मस्तिष्क भी प्रभावित होता है। इसमें सबसे ज्यादा बुजुर्गों के मस्तिष्क को हानि पहुंचती है। अध्ययन के मुख्य आर्थर जियाबो गैंग का कहना है कि वायु प्रदूषण के कारण लोगों की बोलने की क्षमता ज्यादा प्रभावित होती है। दिमाग पर वायु प्रदूषण का इतना बुरा असर होता है कि बहुत से लोग बोलने के लिए शब्द तक मुंह से नहीं निकाल पाते हैं। इस अध्ययन कहा गया है कि अगर कोई इंसान लंबे समय तक वायु प्रदूषण की चपेट में रहता है, तो उसकी अनुभूति की क्षमता ज्यादा प्रभावित होती है।

जब कभी वायु प्रदूषण की बात उठती है तो घरेलू वायु प्रदूषण को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है, जबकि घरेलू वायु प्रदूषण कई तरह की जानलेवा बीमारियों की वजह है अंदरूनी हवा उतनी ही विषैली होती है, जितनी कि बाहरी शहरी परिवेश के साथ ग्रामीण परिवेश में भी घरों में मौजूद वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। जर्नल बीएमसी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, जो महिलाएं अपने घरों में वायु प्रदूषण के संपर्क में हैं, उनमें याददाश्त, रोजमर्रा के कामों को करने की क्षमता, तार्किक और बौद्धिक क्षमता अन्य महिलाओं की तुलना में कम है। आज भी विकासशील देशों में अधिकांश ग्रामीण घरों में खाना पकाने के लिए दुनिया की करीब एक तिहाई आबादी मिट्टी का तेल, लकड़ी, फसलों के अवशेषों, गोबर और कोयला आदि इस्तेमाल करती है, जो कि घरों में हानिकारक वायु प्रदूषण का कारण बनता है। ग्रामीण परिवेश में किए शोध और आंकड़े बताते हैं कि यह खतरा बुजुर्ग और अधेड़ महिलाओं के लिए ज्यादा खतरनाक है। कोयले के संपर्क में रहने वाली महिलाओं में फेफड़ों के कैंसर का जोखिम दोगुना होता है।

मेडिकल जर्नल ट्रांसलेशनल साइकेट्री द्वारा 2017 में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया है कि वृद्ध महिलाएं, जो उच्च स्तर के बारीक कण वाले पदार्थ सहित प्रदूषित क्षेत्रों में रहती हैं, वे तेजी से उम्र बढ़ने और दिमाग की कमजोरी का अनुभव करती हैं। उनमें मनोभ्रंश और अल्झाइमर जैसी बीमारियों के लक्षण देखने को मिले। स्पेन के बार्सिलोना में यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी इंटरनेशनल कांग्रेस में प्रस्तुत किए गए नए अध्ययन से पता चला है कि महिलाओं के लिए डीजल के धुएं में सांस लेना जानलेवा हो सकता है। शोधकर्ताओं ने डीजल निकास के संपर्क में आने से लोगों के खून में बदलाव की बात कही है। इससे महिलाओं में सूजन, संक्रमण और हृदय रोग से संबंधित रक्त के घटकों में परिवर्तन पाए गए हैं। शोध के मुताबिक फेफड़ों के कैंसर के लगभग दस में से एक मामले के लिए बाहरी वायु प्रदूषण एक कारण हो सकता । वायु प्रदूषण के कण कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं। कैंसर का जोखिम हो सकता है।

इससे हार्वर्ड टीएच के नेतृत्व में एक अध्ययन में पाया गया कि लंबे समय तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से बुजुर्गों में अवसाद का खतरा बढ़ सकता है। सिर्फ पांच दिनों तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से बुजुर्ग महिलाओं में आघात का खतरा बढ़ सकता है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के मेलमैन स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किए एक नए अध्ययन से पता चला है कि वातावरण में बढ़ता वायु प्रदूषण महिलाओं की हड्डियों के लिए भी खतरनाक है। अध्ययन के अनुसार बढ़ती उम्र में वायु प्रदूषण का संपर्क महिलाओं में बोन मिनरल डेंसिटी में कमी के साथ ऑस्टियोपोरोसिस से भी जुड़ा है। इसकी वजह से हड्डियों के टूटने का जोखिम बढ़ जाता है। इससे पहले भी शोध इस बात के सबूत सामने आए थे कि वायु प्रदूषण महिलाओं की हड्डियों के लिए खतरनाक हो सकता है।

# राष्ट्र चिंतन : राजद्रोह के फांस में फंसी अरूंधति रॉय



आचार्य विष्णु श्रीहरि

एक बहुत बड़ी खबर आयी है कि अरूंधति रॉय राजद्रोह के फांस में फस गयी है। उन पर राजद्रोह सहित कई संहिताओं के अधीन मुकदमें दर्ज हो चुके हैं, जिनकी सक्रियता भी तीव्र होगी। अरूंधति रॉय पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं 124 ए राजद्रोह, 253 ए विभिन्न वर्गो के बीच अफवाह फैलाने और दुश्मनी फैलाने, 153 बी राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक कदम, 504 शांति भंग करने के लिए उकसाना, 505 विद्रोह करने के लिए उकसाना और अफवाह फैलाना आदि के तहत मुकदमें दर्ज किये गये हैं। उनपर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम भी लगाया गया है। गैरकानूनी गतिविधियां यानी यूएपीए लगने पर आरोपी को जमानत मिलने में कठिनाई होती है और कई-कई महीने जेल में रहना पड़ता है।

दिल्ली के उपराज्यपाल ने अरूंधति रॉय पर मुकदमा चलाने की स्वीकृति दी है और दिल्ली पुलिस का आदेश दिया है कि अरूंधति रॉय पर दर्ज मुकदमों की जांच और सुनवाई तीव्र होनी चाहिए। दिल्ली पुलिस के पास करीब 14 साल से यह प्रकरण लंबित था और त्रीव सुनवाई से वंचित था। इतने लंबे समय तक यह प्रकरण लंबित क्यों था, दिल्ली पुलिस तीव्र रूप से सक्रिय क्यों नहीं थी? जानना यह जरूरी है कि यह प्रकरण कोई आज का नहीं है बल्कि 2010 का है। 2010 में देश में नरेन्द्र मोदी का शासन नहीं था, बल्कि कांग्रेस और मनमोहन सिंह- सोनिया गांधी का शासन था। राजद्रोह का प्रकरण अगर कश्मीर, नक्सलियों, देशद्रोहियों की करतूत से जुड़ा हुआ तो कांग्रेस के नेता और सरकारें खामोश ही रहती हैं। जैसे राहुल गांधी ने जेएनयू जाकर टूकडे-टूकडे गिरोह की भारत विरोधी अभियान और भारत विध्वंस की मानसिकता पालने वालों को सलाम किया था वैसे ही सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह के लिए अरूंधति रॉय आईकॉन हुआ करती थी, आज भी कांग्रेस अरूंधति रॉयों पर फिदा रहती है। देश के खिलाफ बोलने और देश का संहार करने की मानसिकता रखने वाले लोग कांग्रेस के प्रिय कैसे हो सकते हैं?

21 अक्टूबर 2010 को अरूंधति रॉय ने राजद्रोह की सभी हद्दें पार की थी। उस दिन दिल्ली में भारत विरोधियों ने एक सेमिनार का आयोजन किया था। सेमिनार का नाम था आजादी द ओनली। इस विषयक समेनिार में अरूंधति ने लंबा-चैडा भाषण दिया था, यह कहिए कि उसने इस सेमिनार का इस्तेमाल भारत के खिलाफ विषवमन के लिए किया था, पाकिस्तान को खुश करने के लिए किया था। अरूंधति रॉय के साथ सैयद अली शाह गिलानी, शेख सौकत हुसैन और वरवर राव जैसे भारत विरोधी लोग भी थे। इस सेमिनार में अरूंधति रॉय ने सरेआम



कहा था कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग नहीं है, कश्मीर का आंदोलन आजादी का आंदोलन है, कश्मीर के आंदोलन को आतंकवाद और हिंसा नहीं कहा जा सकता है? भारत ने सात लाख सैनिकों को खडा कर कश्मीर पर कब्जा कर रखा है। अरूंधति रॉय को कश्मीर से भगाये गये पांच लाख से अधिक कश्मीरी पंडित परिवारों और सैकडों कश्मीरी पंडितों की हुई हत्याएं याद ही नहीं आयी थी। इसके अलावा समय-समय पर अरूंधति रॉय कभी आदिवासियों तो कभी मुसलमानों को भडकाती रहती है, इनके उत्पीड़न की अफवाह फैलाते रहती है।

अरूंधति रॉय राजद्रोह के मुकदमें जो फंसी है उसके पीछे कश्मीर पीड़ित सुशील पंडित की वीरता और संघर्ष है। सुशील पंडित कश्मीरी पीडित हैं और कई सालों से कश्मीर में पंडितों के साथ हुई कत्लेआम की घटना को लेकर संघर्षरत हैं और अभियानी हैं। दिल्ली पुलिस में सुशील पंडित ही एफआईआर दर्ज करायी थी। सुशील पंडित कहते हैं कि कश्मीर में भारत विरोधी मुस्लिम आतंकवाद के भीषण प्रताडना के लिए अरूंधति रॉय जैसे तथाकथित बुद्धिजीवियों की भूमिका भी काफी खतरनाक होती है। अरूंधति रॉय जैसे देश में सैकडों बुद्धिजीवी ऐसे हैं, जो भारत में रहकर और भारत की उदार राज व्यवस्था का लाभ उठाकर भारत की ही कब्र खोदते हैं। यहां पर हम गुलाम फई का प्रसंग जोड़ना चाहूंगा। गुलाम फई एक भारतीय मूल का मुस्लिम हैं, जिसने अमेरिका की नागरिकता ग्रहण की थी, इसके बाद उसने भारत विरोधी जिहाद पर काम कर रहा था, पाकिस्तान का मोहरा बन गया था। गुलाम फई ने भारतीय बुद्धिजीवियों की ईमानदारी, नैतिकता और राष्टभक्ति खरीदी थी, उसने अमेरिका भ्रमण और करैशी का पासा फेका था जिसमें गौतम नवलखा सहित दर्जनों भारतीय बुद्धिजीवी फंसे थे। नवलखा जैसे भारतीय बुद्धिजीवी गुलाम फई के मोहरे बन कर अमेरिका जाते और पाकिस्तान का गुणगान करते, भारत की कब्र खोदते। प्रसंग उजागर होने के बाद गुलाम फई को अमेरिका ने जेलों में डाल दिया था जहां पर गुलाम फई को कई महीने जेलों की चहारदिवारी में कैद रहना पडा था। गुलाम फई को अमेरिका ने सजा दे दी पर गुलाम फई और पाकिस्तान के मोहरे भारतीय बुद्धिजीवियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, वे आज भी भारत के खिलाफ खुलेआम बोलते हैं।

अरूंधति राय के राजद्रोह का लेखा-जोखा बहुत ही जहरीला है, भारत की एकता और अखंडता को सिर्फ चुनौती देने वाला ही नहीं है, बल्कि भारत की एकता और अखंडता का संहार करने वाला है, एक सजग नागरिक होने के कर्तव्य का घोर उल्लंघन है, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि उसकी सक्रियता से ऐसा लगता है कि वह भारतीय नागरिक ही नही बल्कि पाकिस्तानी नागरिक है, भारत के विकास से घृणा करने वाली है, भारत की समृद्धि से नफरत करने वाली है, भारत के लोकतंत्र को वह गैर जरूरी मानने वाली है, देशद्रोहियों को वह सीधे समर्थन करती है, कश्मीर के आतंकवाद को वह आजादी की लड़ाई मानने वाली है। वह कहती है कि कश्मीर भारत का अंग कभी नहीं रहा है। यह सरासर गलत है। यह लाइन किसका है? यह लाइन पाकिस्तान का है, यह लाइन पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का है, यह लाइन भारत को इस्लामिक देश में तब्दील करने के ख्याल से सकिय मुस्लिम संगठनों का है। अरूंधति रॉय की यह लाइन और मानसिकता सच से परे है यानी की झूठ है, पाकिस्तानी मानसिकता है। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग रहा है। वह कैसे? अंग्रेजों ने भारत छोडने के पूर्व राजवाडों को इच्छा का विकल्प दिया था। राजवाड़े किसी भी तरफ शामिल हो सकते थे। राजा हरि सिंह ने भारत को विकल्प चुना था और उसने अपने राज्य का भारत में विलय किया था। राजा हरि सिंह का विलय पत्र पर हस्ताक्षर करने के साथ ही साथ कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन चुका था। इसलिए अरूंधति के तर्क को स्वीकार नहीं किया जा सकता है, अरूंधति सिर्फ अफवाह फैलाती हैं और भारत विरोध की मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन करती है।

कश्मीरी आतंकवादियों के साथ अरूंधति के रिश्ते जगजाहिर है। कश्मीर के जितने भी बड़े नेता हैं वे किसी न किसी समय में आतंकवादी जरूर रहे हैं, उनके हाथ निर्दोष और शांति के प्रतीक कश्मीरी पंडितों के खून से रंगे हुए हैं। हुर्रियत की वह एक तरह से समर्थक ही नहीं बल्कि प्रवक्ता भी है। क्योंकि हुर्रियत का जो रूख है वही रूख उसकी भी रहा है। हुर्रियत नेता खुद यह स्वीकार कर चुके हैं कि वे कभी न कभी आतंकवाद के रास्ते पर थें। हुर्रियत के कई नेता अभी भी जेलों में बंद जिनके खिलाफ खून और कत्लेआम के घिनौने आरोप हैं। ऐसे आतंकवादियों और अपराधियों का साथ देना कानूनी रूप से सही है क्या? वह मानवतावादी होने का ढोंग रचती है। अगर वह मानवतावादी होती तो निश्चित तौर पर कश्मीरी पंडितों की पीडा भी उनके विमर्श में शामिल होता और कश्मीरी पंडितों की हुई हत्याएं भी उन्हें चिचलित करता। लेकिन उन्होंने एक बार भी कश्मीरी पंडितों की हुई हत्याओं के लिए कश्मीरी आतंकवादियों की करतूत की आलोचना नहीं की है।

राष्ट्र की कब्र खोदने वालों और राष्ट की एकता-अखंडता का संहार करने की मानसिकता रखने वालों को कभी भी न तो बढावा दिया जाना चाहिए और न ही कानून उन पर खामोश रहना चाहिए। कानून के खामोश रहने पर ही अरूंधति रॉयों की दुकानदारी चलती है, भारत के खिलाफ बोलने पर ही इनकी दुकानदारी समृद्ध होती है। पाकिस्तान और यूरोप व अमेरिका से पैसे मिलते हैं, मस्ती के लिए टूर पैकेज मिलते हैं, फेलोशिप मिलते हैं, पुरस्कार मिलते हैं। अगर विदेशी सहायताएं रोक दी जाये तो फिर अरूंधति रॉय जैसों की भारत विरोधी मानसिकताएं खुद ब खुद दम तोड देंगी।

# संघ के बिना भाजपा का कोई वजूद ही नहीं



आरके सिन्हा

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत मृदु स्वभाव वाले और मितभाषी हैं। वे किसी खास मुद्दे या अवसर पर ही अपनी बेबाक राय रखते हैं। लेकिन, जब भी वे कुछ कहते हैं तो उसे गौर से सारा देश सुनता और समझने की कोशिश करता है। उनके वक्तव्यों की पूरे देश में विभिन्न कोणों से व्याख्या होने लगती है। हाल ही में आए लोकसभा चुनाव के बाद डॉ. मोहन भागवत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं पर सांकेतिक और परोक्ष रूप से अहंकारी होने के आरोप लगाकर राजनीतिक क्षेत्रों में, खासकर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच भूचाल सा ला दिया है।

मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के नागपुर में संघ के कार्यक्रम में कहा कि एक सच्चा सेवक काम करते समय मर्यादा बनाए रखता है। उसमें कोई अहंकार नहीं होता कि मैंने यह किया। केवल ऐसा व्यक्ति ही सेवक कहलाने का अधिकारी है। आखिर वे अहंकार पर चर्चा करके क्या कहना चाहते हैं? एक आमराय यह भी है कि डॉ. भागवत की दृष्टि में भाजपा के कुछ नेता सत्ता पर काबिज होने के बाद विनम्र नहीं रहे। वे अहंकारी हो गए। वे आम जनता के सरोकारों से दूर हो गए। उन्होंने जनसेवा के कामों से अपने को दूर कर लिया। इसी कारण के चलते ही जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं दी ।

मुझे भाजपा के एक प्रमुख सहयोगी संगठन के शिखर पदाधिकारी बता रहे थे कि वे कुछ माह पहले किसी जरूरी काम के सिलसिले में एक बार अति प्रमुख स्थान रखने वाले एक केन्द्रीय मंत्री से मिले। मंत्री जी उन महोदय के काम से और संघ निष्ठा से अच्छी तरह वाकिफ थे। वे उम्र और तजुर्बे में मंत्री जी से बड़े हैं । मंत्री जी को पता था कि उन्होंने संघ के कार्यकर्ता के रूप में अपना सारा जीवन खपा दिया है। इतना सब कुछ होने पर भी जब उन्होंने कहा कि संघ ने मुझे यह दायित्व दिया है और आपका सहयोग चाहिए । तब मंत्री जी ने कहा, यह दायित्व आपने मुझसे पूछकर लिया था क्या ? उन केन्द्रीय मंत्री जी ने उन संघ निष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ता सज्जन को खड़े-खड़े ही चलता कर दिया। मंत्री जी भूल गए कि भाजपा को मजबूती संघ और उसके सहयोगी संगठनों से ही मिलती है। इसमें कोई शक नहीं है कि भाजपा के उन नेताओं को अपनी सोच में बदलाव तो लाना होगा जो संघ के महत्व और विचारधारा से परिचित नहीं है। संघ के बिना भाजपा का कोई वजूद ही नहीं है।

कुछ ऐसे लोग भी संघ के नाम पर भाजपा के शीर्ष पर पहुंच गए, जिनका स्वयं का संघ कार्य का न तो कोई अनुभव है न ही कभी वे संघ में किसी दायित्व के पदों पर रहे हैं । हां, यह अवश्य है कि वे संघ परिवार से आते हैं और उनके पिता या बड़े भाई संघ-निष्ठ कार्यकर्ता या पदाधिकारी रहे हैं ।

अपने भाषणों में मोहन भागवत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तो हमेशा तारीफ करते रहे हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय, मोहन भागवत ने कहा था- इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारने से पहले प्रधानमंत्री जी ने कठोर व्रत रखा। जितना कठोर व्रत रखने को कहा था उससे कई गुना अधिक कठोर व्रताचरण उन्होंने किया। मेरा उनसे पुराना परिचय है और मैं जानता हूं, वो तपस्वी हैं ही। संघ भाजपा का अभिभावक संगठन है तो यह स्वाभाविक है कि उसका भाजपा पर असर तो रहेगा ही, साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी संघ के सक्रिय जीवनदानी पूर्णकालिक प्रचारक भी रहे हैं। अतः मोदी जी, राजनाथ सिंह आदि की बात अलग है । वे संघ को समझते हैं । कुछ समय से दबी-जुबान से यह भी चर्चा होती रही है कि क्या भाजपा हमेशा संघ के प्रभाव में ही काम करती है? अगर नहीं तो संघ का भाजपा पर नियंत्रण किस हद तक है। सही बात तो यह है कि संघ के पचासों आनुषांगिक संगठन अपना-अपना कार्य स्वतंत्र रूप से करते हैं । पर संघ का परोक्ष नियंत्रण और मार्गदर्शन तो रहता ही है जिसे सभी मानते भी हैं ।

क्या नड्डा को संघ और भाजपा के संबंधों पर यह सब कहना चाहिए था या नहीं, पर कहीं न कहीं संकेत तो ऐसे ही मिल रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के दौरान ही संघ और भाजपा के कुछ नेताओं के बीच कुछ वैचारिक मतभेद उत्पन्न होने लगे थे। हालांकि मैं इस संबंध में कुछ भी पुख्ता रूप से नहीं कह सकता कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव में हार के बाद संघ की ओर से ही उम्मीदवारों के चयन के लिए दिए गए सुझावों पर ध्यान नहीं दिया। संघ और भाजपा लंबे समय से सभी चुनावों में मिलकर काम करते रहे हैं।

हां, यह सच है कि भाजपा में अन्य दलों से बहुत सारे नेता शामिल होते रहे हैं। मुमकिन है कि संघ की सोच को लेकर उनकी कोई बहुत निष्ठा न भी हो। पर यह कोई नहीं मान सकता कि भाजपा को अब संघ के साथ और सहयोग की जरूरत नहीं रही है। भाजपा को संघ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का अनुसरण करना ही होगा। पंडित दीनदयाल जी और अटल जी अहंकार से कोसों दूर थे। वे सज्जनता और विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ही मुझे 1966 में भारतीय जनसंघ में लाए और उनके जीवन के अंतिम क्षणों तक मैं उनका प्रवास सहयोगी रहा ।

वे एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे, जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किए। जब मैंने उनके साथ बिहार में 1960 के दशक में काम किया तब मैं किशोर ही था। उनकी शख्सियत में दंभ का नामो-निशान तक नहीं था। एक बार हम प्रवास में झारखंड के एक सुदूर कस्बे में एक ही कमरे में ठहरे थे और मैंने उनकी धोती साफकर बाहर फैला दी थी। मुझे उनकी डांट पड़ी थी । उन्होंने कहा था कि यह काम मैं स्वयं करता हूं, तुमने बिना पूछे क्यों किया । भाजपा के नेताओं को सदैव इन महान संस्थापकों के विचारों और जीवनशैली का अनुसरण करना होगा।

याद रख लें कि किसी ठोस विचारधारा के बिना किसी राजनीतिक दल का कोई मतलब नहीं है। संघ की मार्फत ही भाजपा राष्ट्रीय शब्द को गहराई से समझती है। मोहन भागवत ने एक बार कहा भी था कि राष्ट्रवाद शब्द समाज के लिए ठीक नहीं है। यह शब्द सीमित करता है। वहीं राष्ट्रीयता शब्द विस्तार देता है। वाद शब्द हमेशा स्वार्थ के लिए होता है। स्वार्थ की पूर्ति होते ही मोहभंग हो सकता है, जबकि राष्टीयता से आत्मिक जुड़ाव होता है।

मोहन भागवत साफ बोलते हैं। मणिपुर की अशांति पर भी मोहन भागवत ने अपनी राय रखी है। मणिपुर एक साल से शांति की तलाश में है। इस पर प्राथमिकता से चर्चा होनी चाहिए। राज्य पिछले 10 वर्षों से शांत था। ऐसा लग रहा था कि पुरानी बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है। वहां जो अचानक तनाव पैदा हुआ या करवाया गया, उसकी आग में वह अभी भी जल रहा है। इस पर कौन ध्यान देगा? इसे प्राथमिकता देना और इस पर ध्यान देना हमारा कर्तव्य है, यह बेबाक टिप्पणी डॉ. मोहन भागवत की है ।

निःसंदेह पिछले लगभग एक साल से मणिपुर जल रहा है। वहां पर हिंसा और कत्लेआम जारी है। स्थिति काबू में आ ही नहीं रही है। जब लगता है कि अब मणिपुर में अमन की बहाली होने वाली है, तब ही उधर से कोई बुरी खबर सामने आ जाती है। मणिपुर की स्थिति ने सारे देश को परेशान किया हुआ है। जाहिर है कि मोहन भागवत की मणिपुर पर राय से सारा देश अपने को जोड़ता है। अब देश की चाहत है कि मणिपुर में अमन की बहाली हो जाए और संघ-भाजपा के संबंधों में पहले वाली गर्मजोशी दिखाई दे। यह होगा तभी जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं और राष्ट्रवादी सोच के नागरिकों का मनोबल बढ़ेगा । (लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# आज का राशिफल



**मेष**

मेष : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृषभ**

वृष : अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन**

मिथुन : अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं।

**कर्क**

कर्क : दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**सिंह**

सिंह : मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**कन्या**

कन्या : संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**तुला**

तुला : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**धनु**

धनु : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मकर**

मकर : व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ**

कुंभ : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह

**मीन**

मीन : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में भाजपा सरकार ने कितने फीसदी वादे किए पूरे? सीएम भजनलाल शर्मा ने बताया



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में भाजपा सरकार ने अब तक कितने वादे पूरे कर दिए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार ने लोगों से संकल्प पत्र में किए 45 फीसदी वादों को पूरा कर दिया है। नीतियों और योजनाओं के माध्यम से युवा, किसान, महिलाओं का सशक्तिकरण और गरीब कल्याण करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री रविवार को किशनगढ़ में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। किसान कल्याण केन्द्र सरकार की प्राथमिकता रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल में अजमेर से सांसद भागीरथ चौधरी को केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री के रूप में अहम जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि चौधरी किसानों के आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण की अहम जिम्मेदारी को पूर्ण सफलता के साथ निभाएंगे। राज्य सरकार सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने पूर्वी राजस्थान की जल आवश्यकता को देखते हुए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के कार्य को गति प्रदान की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता एवं दक्षिण राजस्थान के जिलों के लिए देवास परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पेपरलीक प्रकरणों से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मौजूदा सरकार ने इस पर अंकुश लगाने एवं दोषियों को सजा दिलाने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। राजस्थान सरकार ने 100 दिवस की कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाकर प्रदेश एवं आमजन के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी फैसले लिए हैं, जिनसे आपणो अग्रणी राजस्थान की संकल्पना साकार होगी।

### कोलकाता में भाजपा दफ्तर के बाहर मिला बम? मचा हड़कंप

**कोलकाता , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कल रात बीजेपी दफ्तर में बम जैसी चीज मिलने के बाद हड़कंप मच गया। हालांकि बम निरोधक दस्ते ने जांच के बाद यह जानकारी दी कि वह संदिग्ध चीज बम नहीं थी। बम मिलने की सूचना के बाद कोलकाता पुलिस के बम निरोधक दस्ते की टीम और डॉग स्क्वायड यहां पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक एक साजिश के तहत बम जैसी चीज को रस्सी में लपेटकर सड़क के बीच रख दिया गया था और इसे बम बताया गया था। पुलिस घटना के बाद छानबीन कर रही है। स्थानीय पुलिस सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस अफवाह के पीछे की वजह पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान हुए हिंसा की जांच के लिए बनाई गई टीम को डराना था। गौरतलब हो कि लोकसभा चुनावों में पश्चिम हुई हिंसक घटनाओं की जांच के लिए बीजेपी ने चार सदस्यों की एक समिति का गठन किया है। समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब, बृजलाल और कविता पाटीदार शामिल हैं। रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए रविशंकर प्रसाद ने चुनाव पूरे देश में हुए, लेकिन हिंसा की खबरें सिर्फ पश्चिम बंगाल से ही आई। उन्होंने कहा, पूरे देश में चुनाव होते हैं, लेकिन चुनाव के बाद सिर्फ बंगाल में ही हिंसा क्यों होती है? यहां ग्राम पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान भी हिंसा हुई थी। आज फिर हिंसा की खबरें आई है। उन्होंने आगे कहा, क्या वजह है कि हमारे कार्यकर्ता डरे हुए हैं, लोग डरे हुए हैं।

# गुरुग्रामवासियों की बल्ले-बल्ले, नए बिजलीघर से 100 कॉलोनियों और सेक्टरों में सुधरेगी पावर सप्लाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
भीषण गर्मी के बीच गुरुग्रामवासियों के लिए राहत भरी खबर आई है। गुरुग्राम के 100 कॉलोनियों और सेक्टरों के निवासियों को जुलाई माह में अघोषित बिजली कटौती से राहत मिल जाएगी। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम (एचवीपीएन) अधिकारियों के मुताबिक, सेक्टर-15 के पार्ट दो स्थित 220 केवीए बिजली सब-स्टेशन को 15 जुलाई तक शुरू कर दिया जाएगा।

इसके शुरू होने के बाद सेक्टर-52, 56, बादशाहपुर और दौलताबाद के 220 केवीए सब-स्टेशन पर बिजली का भार कम हो जाएगा। इसके बाद बिजली की समस्या खत्म हो जाएगी। एचवीपीएन ने करीब 52 करोड़ रुपये की लागत से इस सब-स्टेशन को तैयार कर लिया है, लेकिन सेक्टर-72 स्थित 400 केवीए बिजली सब स्टेशन से इस सब-स्टेशन को जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। मेदांता अस्पताल के आसपास हाईटेंशन टावर खड़े



किए जा रहे हैं। एचवीपीएन की 31 मई तक इस सब-स्टेशन का संचालन करने की योजना थी, लेकिन निर्माणाधीन एजेंसी के धीमी गति से काम करने के कारण इस समयावधि को बढ़ाना पड़ा है। अब दावा किया जा रहा है कि जुलाई माह के मध्य में यह सब-स्टेशन शुरू कर दिया जाएगा।

इस सब-स्टेशन के बनने के बाद दौलताबाद सब-स्टेशन को सबसे अधिक राहत मिलेगी। सेक्टर-21, 22, 23, पालम विहार, उद्योग विहार एरिया को सेक्टर-15 के बिजली सब-स्टेशन से बिजली मिलना शुरू हो जाएगी। ऐसा होने के बाद दौलताबाद सब-स्टेशन से ओल्ड गुरुग्राम की करीब 50 से अधिक कॉलोनियों को पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल जाएगी। सेक्टर-81 से 115 तक विकसित रिहायशी और व्यवसायिक इलाकों को भी फायदा मिलेगा। इस तरह सेक्टर 15, 16, 17, 31, 32, झाड़सा की बिजली को बादशाहपुर सब-स्टेशन से नए सब-स्टेशन पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। इससे बादशाहपुर सब-स्टेशन पर बिजली का भार कम हो जाएगा। सेक्टर-52 और सेक्टर-56 के बिजली सब-स्टेशन को भी राहत मिल जाएगी। सेक्टर-52 के सब-स्टेशन से बिजली भार कम होने से आरडी सिटी और वजीराबाद को फायदा मिलेगा। आरडी सिटी कॉलोनी के निवासी तो पिछले एक महीने से बिजली के अघोषित कट का सामना कर रहे हैं। पिछले सप्ताह तो रात-रातभर इस कॉलोनी में बिजली सप्लाई गुल रही। परेशान होकर कुछ लोग तो होटल में जाकर रात बिताने को मजबूर हो गए। इस तरह गांव वजीराबाद की 50 प्रतिशत आबादी ने बिजली कटौती का सामना किया। सुशांत लोक-दो-तीन में सेक्टर-56 के बिजली सब-स्टेशन से सप्लाई होती है। कभी केबल फुंकने तो कभी ट्रांसफार्मर में खराबी के चलते इस कॉलोनी के 10 हजार परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

गुरुग्राम सेक्टर-82 से 84 तक विकसित वाटिका सिटी में बिजली की अघोषित कटौती को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त ने वाटिका ग्रुप को नोटिस जारी किया है। उनसे 33 केवीए बिजली सब-स्टेशन का संचालन अब तक नहीं होने को लेकर जवाब-तलब किया है। बीते सप्ताह वाटिका सिटी के निवासियों ने जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मुलाकात की थी। उन्हें बताया था कि 11 केवीए केबल से गांव गढ़ी हरसरू स्थित 66 केवीए बिजली सब-स्टेशन से बिजली आती है। 11 केवीए केबल भी अब खस्ता हाल हो चुकी है। बिल्डर ने 33 केवीए के बिजली सब-स्टेशन बनाने हैं,।



### नागपुर में बस और ऑटोरिक्शा की जोरदार टक्कर, सेना के 2 जवानों की मौत और 6 घायल

**नागपुर , एजेंसी।** महाराष्ट्र में नागपुर के निकट रविवार शाम बस और ऑटोरिक्शा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में सेना के 2 जवानों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम करीब 5 बजे कैम्पटी शहर के पास कन्हा नदी पुल पर हुई दुर्घटना में ऑटो चालक को भी गंभीर चोटें आई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। नागपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 7 घायल व्यक्तियों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑटो में सवार 8 जवानों में से विघ्नेश और धीरज राय ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि अन्य घायल जवानों की पहचान दीन प्रधान, कुमार पी, शेखर जाधव, अरविंद, मुरुगन और नागरत्नम के रूप में हुई है। उसने बताया कि कैम्पटी के एक अस्पताल में भर्ती कुमार पी और नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज करा रहे नागरत्नम की हालत गंभीर है।

### गन्ने के जूस में थूक कर ग्राहकों को दे रहे थे दुकानदार

**नोएडा एजेंसी।** नोएडा सेक्टर 121 में स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी के पास गन्ने के जूस में थूक कर लोगों को देने का मामला सामने आया है। नोएडा पुलिस ने इस शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

क्षितिज भाटिया ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-121 के गढ़ी चौखंडी गांव के पास स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी में रहते हैं। वह शनिवार शाम पत्नी के साथ सोसाइटी के गेट नंबर एक के बाहर गन्ने के जूस की दुकान पर गए थे। वहां उन्होंने दो ग्लास गन्ने के जूस का ऑर्डर किया। उनका आरोप है कि जूस विक्रेता ने जूस के ग्लास में तीन से चार बार थूककर उन्हें जूस दिया। इसका विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ अभद्रता की। विरोध बढ़ने पर आरोपी अपना जूस का स्टॉल छोड़कर वहां से भाग गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दो लोगों को थूक मिलाकर जूस बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## केदारनाथ आपदा 2013 के 1 दशक के बाद भक्तों का हुजूम, बदलावों के साथ दर्शन का बढ़ा क्रेज

**देहरादून , एजेंसी।**
वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा के वक्त शायद ही किसी ने सोचा होगा कि केदारपुरी में फिर से रौनक दिखेगी। आपदा के बाद एक-दो साल तक ऐसा नजर भी आया, लेकिन अब लगभग एक दशक बाद न सिर्फ केदारपुरी नई आभा और दिव्यता के साथ उभर रही है। वहीं श्रद्धालुओं की संख्या भी ढाई गुना तक बढ़ गई।

इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि इस साल 16 जून तक केदारनाथ में 8.88 लाख श्रद्धालु आ चुके हैं। जबकि आपदा के साल इस दरमियान 3.33 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। आपदा से पहले 2012 में 5.73 लाख श्रद्धालु पूरे साल पहुंचे थे।

यह संख्या इस साल केदारनाथ में शुरुआत के दिनों में ही पार हो गई थी। आपदा के बाद 2014 में जरूर संख्या घटी थी, तब मात्र 40 हजार श्रद्धालु केदारनाथ आए थे। इसके बाद साल दर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी। 2023 में संख्या 19. 28 लाख



पहुंच गई थी। केदारनाथ में रविवार शाम 7 बजे तक 8,87,883 यात्रियों ने दर्शन किए। पिछले 11 सालों में केदारनाथ मंदिर में आए नए बदलावों ने तीर्थस्थल को नया रूप दे दिया है। बाबा केदार के दर्शन को भक्तों की भारी भीड़ है।

दिव्य शिला बनी आस्था का नयाआपदा के दौरान आई बाढ़ ने केदारपुरी में हर तरफ तबाही मचा दी थी, लेकिन बाबा केदार के मंदिर का बाल भी बांका न हुआ। दरअसल बाढ़ के दौरान ही एक विशाल शिला ठीक मंदिर के पीछे कवच बनकर आ गई थी।

ग्यारह साल की अवधि में केदारनाथ मंदिर परिसर की तस्वीर भी पूरी तरह से बदल गई है। आदि गुरु शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा, ओम का भव्य ढांचा परिसर में अलग ही भव्यता दे रहा है।

परिसर में यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था बढ़ी

केदारनाथ क्षेत्र में यात्रियों के ठहरने की क्षमता में भी लगातार सुधार हुआ है। वर्तमान में केदारनाथ में 10 हजार तक यात्रियों के ठहरने की क्षमता विकसित की जा चुकी है। टेंट कॉलोनी की वजह से इसमें सुधार आया है। एक अनुमान के अनुसार आपदा से पहले जहां घोड़े-खच्चर वालों का कारोबार 20 से 25 करोड़ रुपये तक ही रहता था। वो अब बढ़कर एक अरब रुपये से भी ज्यादा का हो चुका है। पिछले साल100 करोड़ की कमाई हुई।

## ट्रंप ने किया इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान चलाने का वादा

### बाइडन को दी दिमाग का टेस्ट कराने की सलाह

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** इस साल अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। यहां राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप में कड़ी टक्कर है। दोनों उम्मीदवार एक दूसरे पर जमकर निशाना साधते रहते हैं। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति ने मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन पर तंज कसते हुए दावा किया कि वह फिर से सत्ता में आते हैं तो देश के इतिहास में सबसे बड़ा निर्वासन अभियान चलाया जाएगा। वहीं, बाइडन को सलाह दी है कि उन्हें दिमाग का टेस्ट लेना चाहिए। हालांकि, इस दौरान ट्रंप खुद व्हाइट हाउस के डॉक्टर का नाम गलत बोल गए।

### मतदान करने का आह्वान

2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने वादा किया है कि अगर वह सत्ता में फिर से चुने जाते हैं तो सबसे बड़ा निर्वासन अभियान चलाएंगे। मिशिगन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने समर्थकों से नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति के लिए मतदान करने का आह्वान किया।

### लोगों के पास दो विकल्प

उन्होंने कहा, नवंबर में हर मतदाता के पास



विकल्प है। आप ऐसा राष्ट्रपति चुन सकते हैं, जो हजारों चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों को हमारे देश में आने दें। या फिर आप एक ऐसा राष्ट्रपति बना सकते हैं, जो चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों को देश से बाहर निकाल देगा।

ट्रंप ने कहा, मेरे नए प्रशासन के पहले दिन हम अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान शुरू करेंगे। हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब रिपब्लिकन खेमा प्रवासियों के हमले को उठाने की कोशिश कर रहा है। ट्रंप और उनके समर्थक चुनाव से पहले ही ऐसा माहौल बना रहे हैं कि डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडन ने अप्रवासियों के लिए अमेरिका आना आसान बना दिया है। इसके अलावा, डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मौजूदा राष्ट्रपति को एक सुझाव दिया कि उन्हें एक दिमाग का टेस्ट लेना चाहिए। हालांकि सुझाव के दौरान ट्रंप खुद व्हाइट हाउस के डॉक्टर का नाम भूल गए और डॉक्टर रॉनी जैक्सन को रॉनी जॉनसन कहकर बुलाने लगे। पूर्व राष्ट्रपति ने डेट्रायट में टर्निंग प्वाइंट एक्शन के एक कार्यक्रम में बाइडन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, वह यह भी नहीं जानते कि मुद्रास्फीति शब्द का मतलब क्या होता है। मुझे लगता है कि उन्हें मेरी तरह संज्ञानात्मक परीक्षण लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, डॉक्टर रॉनी जॉनसन। क्या कोई टेक्सास के सांसद रोनी जॉनसन को जानता है वह व्हाइट हाउस के डॉक्टर थे और उन्होंने महसूस किया था कि मैं इतिहास में सबसे स्वस्थ राष्ट्रपति था। इसलिए मैंने उन्हें वास्तव में बहुत पसंद किया।

### दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपींस के जहाज के बीच टक्कर, ड्रैगन ने पूरा आरोप मनीला पर मढ़ा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन दक्षिण चीन सागर को पूरी तरह से हड़पने के लिए लगातार दूसरे देशों से टकराता रहता है। पिछले कुछ महीनों से चीन और फिलीपींस के तटरक्षक बलों के बीच होने वाली झड़पें खबरों में रही हैं। हालांकि, इस बीच दक्षिण चीन सागर में विवादित स्प्रैटली द्वीप समूह के पास एक चीनी जहाज और एक फिलीपींस के आपूर्ति जहाज के बीच टक्कर होने की जानकारी सामने आई है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि दक्षिण चीन सागर में विवादित स्प्रैटली द्वीप समूह के पास सोमवार को एक चीनी जहाज और एक फिलीपीन आपूर्ति जहाज टकरा गया। तटरक्षक बल ने आगे बताया कि फिलीपींस के आपूर्ति जहाज ने द्वितीय थॉमस शोल के निकट पानी में प्रवेश किया, जो स्प्रैटली द्वीप समूह में एक जलमग्न चट्टान है। चीनी तटरक्षक बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीचैट पर कहा कि चीन बार-बार चेतावनी दे रहा था, लेकिन फिलीपींस के आपूर्ति जहाज ने गंभीर चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया। वहीं, एक चीनी जहाज के पास गैर-पेशेवर तरीके से खतरनाक तरीके से पहुंचा, जिसके परिणामस्वरूप टक्कर हो गई। आगे कहा कि इस पूरे मामले का जिम्मेदार फिलीपींस है। हालांकि, फिलीपींस की राजधानी मनीला का कहना है कि यह समुद्री तट, जो उसके तट से 200 समुद्री मील (370 किलोमीटर) से भी कम दूरी पर स्थित है, उसके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेष आर्थिक क्षेत्र में आता है और वह अक्सर 2016 के अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के फैसले का हवाला देता है, जिसने ऐतिहासिक आधार पर दक्षिण चीन सागर में चीन के दावों को अमान्य कर दिया था। दक्षिण चीन सागर दुनिया के सबसे व्यस्त जलमार्गों में से एक है। यह समुद्री मार्ग से व्यापार एवं परिवहन के लिए एक महत्त्वपूर्ण प्रवेश द्वार है।

## मलावी उपराष्ट्रपति के शोक सभा के दौरान हादसा, काफिले के वाहन ने लोगों को रौंदा

### चार की मौत, 12 लोग घायल

**लिलोंग्वा, एजेंसी।**
दक्षिण-पूर्वी अफ्रीकी देश मलावी के उपराष्ट्रपति की विमान हादसे में मौत के बाद आयोजित शोक सभा के दौरान हादसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा के पार्थिव शरीर को ले जा रहे काफिले में शामिल एक वाहन ने शोक मना रहे कुछ लोगों को रौंद दिया है। इस हादसे में 4 लोगों की मौत और 12 लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार मलावी के मध्य में एक गांव एनटचेउ में मौजूद भीड़ में अनियंत्रित वाहन जा घुसा।

राजधानी लिलोंग्वे से 180 किलोमीटर दक्षिण में चिलिमा के पैतृक गांव एनसिपे में सोमवार को उनका अंतिम संस्कार आयोजित था। इस दौरान कई वाहनों में सैन्य अधिकारी, पुलिस और नागरिक सवार थे। पुलिस के मुताबिक इस हादसे के दौरान पैदल जा रहे दो पुरुष और दो महिलाओं को गाड़ी ने टक्कर मारी,



जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें और आयी थी, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं इस दौरान करीब 12 लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

मलावी उपराष्ट्रपति के पैतृक गांव में हजारों लोग सौलोस क्लॉस चिलिमा के अंतिम दर्शन के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक तरफ भीड़ को बचाने के दौरान वाहन ने दूसरी तरफ मौजूद भीड़ पर चढ़ गया। चिलिमा के पार्टी के प्रवक्ता फेलिक्स नजावाला ने बताया कि रास्ते में कुछ लोग उपराष्ट्रपति के अंतिम दर्शन की मांग कर रहे थे। जिससे रास्ते में तनावपूर्ण माहौल हो गया था। फेलिक्स नजावाला ने आगे बताया कि डेडजा में लोगों ने रास्ते को बाधित किया और उपराष्ट्रपति के अंतिम दर्शन की मांग करने लगे, मौके पर कुछ लोगों की तरफ से काफिले पर पत्थरबाजी भी की गई थी।

बता दें कि मलावी उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और अन्य 8 लोगों की 10 जून को एक विमान हादसे में मौत हुई थी। जानकारी के मुताबिक एक सैन्य विमान घने कोहरे में मलावी के चिकंगावा वन में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसका मलबा मंगलवार को मिला था। बता दें कि साल 2020 में चिलिमा की पार्टी यूनाइटेड ट्रांसफॉर्मेशन मूवमेंट ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा की मलावी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन किया, और संयुक्त टिकट पर चुनाव लड़ा। वहीं रविवार को राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा विमान हादसे के जांच की मांग की है।

### शिकागो के इलिनोइस विश्वविद्यालय के एक छात्र ने अमेरिका, अमेरिकी सरकार और लोकतंत्र को कैंसर कहा

**शिकागो, एजेंसी।** शिकागो के इलिनोइस विश्वविद्यालय के एक मुस्लिम छात्र ने अमेरिका, अमेरिकी सरकार और लोकतंत्र को कैंसर कह दिया। इसके बाद छात्र को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। कथित तौर पर छात्र ने यह बातें 3 मई, 2024 को दिए गए भाषण के दौरान कही थी। हालांकि वीडियो अब सामने आया है और खूब वायरल हो रहा है। न्यूज आउटलेट स्थ्रस्नद्ध के मुताबिक छात्र का नाम मोहम्मद नुसैरत है। नुसैरत की लिंक्डइन प्रोफ़ाइल के मुताबिक वह इलियोनिस विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ़ साइंस - बीएस, डेटा साइंस के साथ कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहा है। उसने विश्वविद्यालय के मुस्लिम स्टूडेंट एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में दिए गए भाषण में कहा कि, अमेरिका कैंसर है। अमेरिका, अमेरिकी सरकार, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, पूंजीवाद, ये ऐसे कैंसर हैं जिन्होंने अपनी बीमारी पूरी दुनिया में फैलाई है। उसने आगे कहा अब मुसलमान इस कैंसर से थक चुके हैं। वे अमेरिकी सरकार से थक चुके हैं। वे लोकतंत्र से थक चुके हैं। वे जीवन का एक नया तरीका देखना चाहते हैं। और मुसलमानों के रूप में, हमें यह समझना होगा कि हमारे पास जीवन का वह नया तरीका है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिशुनपुर गांव में दामाद ने सास और सालों को चोर बताकर ग्रामीणों के साथ मिलकर पिटा

**हंटरगंज (प्रातः आवाज)।** हंटरगंज के बिशनपुर गांव में एक दामाद ने चोर का अफवाह फैला कर अपनी सास और सालों को ग्रामीणों के साथ मिलकर पिटाई कर दिया। मारपीट में घायल पीड़ित सास हंटरगंज के बसरिया गांव के रीता देवी ने बताई की उसकी बेटी सुमंती देवी फोन कर जानकारी दी कि उसका पति उपेंद्र यादव उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर रहा है। जिसकी जानकारी मिलने के बाद रीता देवी अपने बेटा पिंटू कुमार, संटू कुमार और तीन अन्य रिश्तेदारों के साथ अपनी बेटी के ससुराल बिशनपुर गांव पहुंची। जैसे ही रीता देवी अपनी बेटी के घर पर पहुंची। उसका दामाद उपेंद्र यादव उसके साथ मारपीट करने लगा। जब ससुराल वालों को संख्या में देखा तो वह शोर मचाने लगा कि उसके घर में चोर घुस गए हैं। चोर चोर का शोर होने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और दामाद उपेंद्र यादव के इशारे पर रीता देवी और उसके दोनो बेटा और तीन रिश्तेदारों के साथ मारपीट करने लगे। किसी तरह सभी जान बचाकर वहां से भागे। रीता देवी बताई की वह अपनी बेटी से मिलने गई थी। लेकिन उसका दामाद उपेंद्र यादव मिलने नहीं दिया उल्टे सभी को चोर बताकर ग्रामीणों के साथ मिलकर पिटाई कर दी। रीता देवी ने इस संबंध में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**भुइयां कल्याण समिति का प्रतिभा सम्मान समारोह**

### मैट्रिक और इंटर परीक्षा में बेहतर प्रर्दशन करने वाले छात्रों को मिला सम्मान



**मयूरहंड (प्रातः आवाज)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरिया में सोमवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति मयूरहंड द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मैट्रीक और इंटर सहित अन्य परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रसस्ती पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक महावीर भुइयां ने कहा कि समाज व गांव, प्रखंड का नाम रोशन करने के लिए बेटा बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करना होगा। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से ही बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। इस मौके पर अतिथियों में विनोद भुइयां, पंसस सदस्य उपेंद्र भुइयां, शिक्षक बालेश्वर भुइयां, उपाध्यक्ष हिमांशु भुइयां, टिंकू भुइयां, बीस सूत्री उपाध्यक्ष छठु भुइयां, गोविंद भुइयां, प्रेम कुमार, विक्रम कुमार, उपेंद्र भुइयां समेत कई लोग मौजूद थे।

### एनटीपीसी से निकले कोयला मिला पानी से राहम नदी हुई काली

**प्रदूषण के कारण अब राहम नदी के अस्तित्व पर खड़ा हुआ संकट**





**टंडवा (प्रातः आवाज)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली राहम नदी के अस्तित्व पर संकट मडरा रहा है। नदी का पानी प्रदूषित होता जा रहा है जिसके चलते अब नदी अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। टंडवा एनटीपीसी के पावर प्लांट से निकलने वाले कोयले का पानी नदी में छोड़े जाने से भयावह स्तिथि उत्पन्न होती जा रही है। यह नदी के लिए घटक है। एक तरफ तो नदी का पानी प्रदूषित होता जा रहा है वहीं दूसरी ओर जलीय जीव जंतुओं पर भी संकट मडरा रहा है। एन टी पी सी के पावर प्लांट से निकला यह कोयले मिला पानी नदी के तलहट पर भरता जा रहा है। जिससे जलीय जीव जंतु के जीवन पर भी संकट पैदा हो गया है । दूषित पानी का असर आस पास के गांवों पर भी पड़ना लाजमी है क्योंकि पीने के पानी के श्रोत पर नदी के पानी का सीधा प्रभाव रहता है ।

### बिजली और कोल वाहन से हो रही दुर्घटना को लेकर सासंद से मिला शिष्टमंडल

**सांसद ने दिया समाधान का भरोसा**

**टंडवा (प्रातः आवाज)।** टंडवा प्रखंड में निर्बाध बिजली आपूर्ती एवं गैर जिम्मेदार तरीके से चल रहे कोल वाहनों के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटना की समस्या को लेकर सोमवार को एक शिष्टमंडल ने सांसद काली चरण सिंह से उनके आवास पर भेंट किया। समस्या से अवगत होते हुए सांसद काली चरण सिंह ने आए हुए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस विषय पर चतरा डीसी एवं एसपी को अवगत कराते हुए समस्या का हल निकाला जाएगा। शिष्टमंडल दल में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय, प्रमोद कुमार सिंह, रामचंद्र गुप्ता, रमेश राणा, उदय पांडेय और पंचायत समिति सदस्या आशा सिन्हा उपथित थे। सासंद से मिलने के बाद शिष्टमंडल के सदस्यों ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर सांसद गंभीर है। उन्होंने हर हाल में समस्या का समाधान करने के लिए आश्वस्त किया है।

# दुर्गा सोरेन सेना की चतरा इकाई का आजसू में विलय

**आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सभी को माला पहना कर किया स्वागत**



**चतरा। प्रातः आवाज ब्यूरो** दुर्गा सोरेन सेना के पदाधिकारी राज किशोर कमल उर्फ पिंकू सोमवार को आजसू पार्टी में शामिल हो गए। उनके साथ दुर्गा सोरेन सेना के कई पदाधिकारियों ने आजसू का दामन थाम लिया। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने सभी को माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया और सदस्यता दिलाई। आजसू में शामिल होने के बाद राजकिशोर कमल ने कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने और लंबे समय से संघर्ष कर रहे आंदोलन की पार्टी सुदेश महतो के संघर्षों को देखते हुए हम सभी साथियों ने पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो के संघर्षों के साथ हम लोग झारखंड को आगे बढ़ने का काम करेंगे । आजसू पार्टी को चतरा जिले में भी पार्टी मजबूती प्रदान करेंगे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रविंद्र कुमार सिंह आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह सुगन साव शिव शंकर यादव वार्ड कमिश्नर नंदकिशोर भुईया डब्लू सोनी राजेंद्र प्रसाद कसेरा दिनेश सिंह पांडे घीरन सिंह जय कुमार राजा रजक राजू ठाकुर विकास राज ओमप्रकाश वर्मा अशोक साव मनोज कुमार राणा संजय यादव रीता देवी पार्वती देवी मंजू देवी सविता देवी मंदोदरी देवी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण किया।

## चतरा में ढहा दुर्गा सोरेन सेना का किला, पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता ने थामा आजसू का दामन



**चतरा (प्रातः आवाज)।** चतरा जिला पूर्व में रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी वर्तमान में दुर्गा सोरेन सेना सामाजिक संगठन चलने वाले तमाम पदाधिकारी राज किशोर कमल उर्फ पिंकू के नेतृत्व में आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो पर आस्था जताते हुए आजसू पार्टी का दमन सभी पदाधिकारी ने थामा माननीय सुदेश महतो जी ने सभी को माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया एवं सभी को सदस्यता दिलाई राजकिशोर कमल ने कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने और लंबे समय से संघर्ष कर रहे आंदोलन की पार्टी सुदेश महतो के संघर्षों को देखते हुए हम सभी साथी पार्टी का दामन थाम रहे हैं और माननीय सुदेश महतो जी के संघर्षों के साथ हम लोग झारखंड को आगे बढ़ने का काम करेंगे चतरा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे और चतरा एवं सिमरिया विधानसभा में अगर मौका मिला तो दोनों जगह से हम लोग विधायक बनाएंगे सदस्यता ग्रहण करने वालों में रविंद्र कुमार सिंह आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह सुगन साव शिव शंकर यादव वार्ड कमिश्नर नंदकिशोर भुईया डब्लू सोनी राजेंद्र प्रसाद कसेरा दिनेश सिंह पांडे घीरन सिंह जय कुमार राजा रजक राजू ठाकुर विकास राज ओमप्रकाश वर्मा अशोक साव मनोज कुमार राणा संजय यादव रीता देवी पार्वती देवी मंजू देवी सविता देवी मंदोदरी देवी एवं सैकड़ो की संख्या में सभी लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया।

## टंडवा : बीडीएसी की बैठक 19 को, तैयारियां पूरीं

**टंडवा (प्रातः आवाज)।** एनटीपीसी की ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को टंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में आहुत की गई है। इस संदर्भ मे टंडवा सीओ विजय कुमार दास ने विभागीय पत्र के माध्यम से एनटीपीसी के महाप्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी टंडवा, परियोजना प्रभावित गांवो के टंडवा, गाडीलौंग, राहम व कल्याणपुर पंचायत के मुखिया समेत ग्राम विकास सलाहकार समिति के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बैठक की अध्यक्षता सिमरिया एसडीओ सह समिति के पदेन अध्यक्ष करेंगे।

**हंटरगंज का गढ़ केदली बालू घाट में सबसे अधिक बालू का स्टॉक**

### एनजीटी के निर्देश से बालू निकासी पर 15 अक्टूबर तक रोक, बालू स्टॉक का इस्तेमाल कर चलाया जाएगा विकास का कार्य



**प्रातः आवाज ब्यूरो चतरा**
नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद राज्य की नदियों से बालू खनन का काम 15 अक्टूबर तक बंद है। अब विकास से जुड़े सारे कार्य स्टॉक में रखे बालू से ही पूरा किए जायेंगे। राज्य के 10 जिलों में चल रहे 21 बालू घाटों में से 17 के पास स्टॉक उपलब्ध है। राज्य के जिन सत्रह बालू घाटों के पास स्टॉक उपलब्ध है उनमें सबसे अधिक बालू का स्टॉक चतरा जिले के हंटरगंज स्तिथ गढ़ केदली बालू घाट के पास है । इस बालू घाट की वार्षिक क्षमता 20,08,088 सी एफ टी है। जबकि स्टॉक में 5,71,900 सी एफ टी बालू मौजूद है। जिले के ही लोहसिंघना खुर्द बालू घाट का स्टॉक 15,350 सी एफ टी वहीं घोरी घाट में बालू स्टॉक शून्य है। इस बालू घाट की वार्षिक क्षमता 13,85,825 सी एफ टी है।

## नहीं रहे कैथी भाषा के जानकार गुड्डु बाबा

**89 वर्षीय समाजसेवी ब्रजकिशोर मिश्र उर्फ गुड्डु बाबा का निधन, विलुप्त होती कैथी भाषा के जानकार थे गुड्डु बाबा**

**प्रातः आवाज प्रतापपुर। चतरा** प्रखंड के कल्याणपुर गांव निवासी समाजसेवी ब्रजकिशोर मिश्र उर्फ गुड्डु बाबा का निधन सोमवार को दिल्ली में इलाज के दौरान हो गया। वह 89 वर्ष के थे। स्वर्गीय ब्रजकिशोर मिश्र विलुप्त हो रही कैथी भाषा के जानकार थे। यह उन्हें आम जनों में खास बनाती थी। कैथी लिपि की जानकारी के चलते चतरा जिले के अलावा अन्य जिलों से भी लोग आकर उनसे कैथी भाषा में लिखें पुराने केवाला व हुकुमनामा पढ़वाया करते थे। उन्हें ग्रामीण प्यार से गुड्डु बाबा कहा कर बुलाया करते थे। उनके पुत्र रूपेश कुमार मिश्रा जो दुबई में रहते हैं ने उनके देहांत की जानकारी देते हुए बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज दिल्ली के एक नीजी अस्पताल में कराया जा रहा था। इसी बीच सोमवार को हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई।



### धूमधाम से मना बकरीद का त्यौहार, नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में लगी भीड़



**प्रतापपुर (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रो में सोमवार को धूमधाम के साथ बकरीद का त्योहार मनाया गया।प्रखंड के रामपुर, गजवा, प्रतापपुर, रबदा, कुकुरमन, घोरीघाट, भरही, बरूरा, रहरिया, चरका सहित कई मस्जिदो में लोगों ने नमाज अदा की। वहीं मौके पर पुलिस भी धार्मिक स्थलों के पास मुस्तैदी के साथ जमी रही। नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद पर्व की मुबारक बाद देते नजर आए। मुस्लिम धर्मावलंबीयों ने बताया कि यह दिन कुर्बानी के दिन के तौर पर भी याद किया जाता है। इस अवसर पर किसी बकरी/ बकरा की कुर्बानी देते है।बकरीद के नमाज अदा करने वालो में मिस्टर आलम, कासिफ रजा, मो असलम अंसारी, खुर्शिद खान, मो मेराज आलम, गजवा के ताबिज पठान, शहनवाज खान, मो रकीबूल ईमाम, मो मोजीब आलम, मो फिरोज आलम, पूर्व मुखिया हेब्जूरहमान, नासिर खान, मो अफताब आलम, डुमरवार पंचायत समिति मो इम्तियाज, आदिल खान सहित कई शामिल है।

## प्यास बुझाने के लिए एक चापाकल के भरोसे हैं लगभग 40 घरों के बिरहोर परिवार

**पानी भरने के लिए करना पड़ता है घंटों इंतजार, नल जल योजना बना है सिर्फ शोभा की वस्तु, बिरहोर जनजाति को अब भी है सुविधाओं की दरकार**



**कुन्दा (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र के सिक्कीदाग पंचायत अंतर्गत हरदियाटांड़ गांव में बिरहोर जनजाति के लगभग 40 घरो में लोग निवास करते हैं। बिरहोर जनजाति को विलुप्त होती प्रजाति मानी जाती है आज भी समाज के लोग आदिमानव की भांति अपना जीवन यापन करते हैं भौतिक सुख सुविधाओं की ना तो चाहत है और ना ही उपलब्ध है।यहां बिरहोर जाति के पुरुष महिलाएं एवं बच्चे समेत लगभग 100 परिवार निवास करते हैं। इन परिवारों को जंगली जीवन जीने से मुक्ति दिलाने के लिए सरकारी स्तर पर कई योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन सरकारी उदासीनता एवं पदाधिकारी की लापरवाही व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण समस्या अभी भी ज्यों का त्यों बनी हुई है, विशेष पहल नहीं होने के कारण उनकी दिनचर्या में कोई विशेष सुधार नहीं हो सका यहां के लोग आज भी शुद्ध पेयजल,शिक्षा,बिजली,जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।ताजुब की बात यह है की इतनी बड़ी आबादी चिलचिलाती गर्मी मेंअपनी प्यास बुझाने के लिए सिर्फ एक चापाकल के भरोसे आश्रित है हालांकि गांव में और भी चापाकल हैं लेकिन सभी खराब पड़े हुए हैं इसे बनाने को लेकर ना ही विभाग का कोई पहल रहा और ना ही जनप्रतिनिधियों का पहल रहा है। वही नल जल योजना से लगा जल मीनार भी सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर पड़ी हुई है।यहाँ के बिरहोर परिवारों में किन्हीं किन्हीं सदस्य को आज भी आदिम जनजाति पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है।50 वर्षीय नीरू परहिया ने काहा की आज भी हमें पेंशन की राशि का लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि उनका आधार कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है उन्होंने कहा कि पैसे व जानकारी के अभाव के कारण आधार कार्ड नहीं बनवा पाए। वही संबंधित पंचायत क्षेत्र के मुखिया अनिता देवी ने बताई की चापाकल मरम्मती के लिए विभाग को लगभग महीने पूर्व ही सूचित किया गया था लेकिन उसके बावजूद भी विभाग द्वारा अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है।

**हनुमान मन्दिर नवनिर्माण के लिए पूजा-अर्चना**

## खंडित प्रतिमा को हटाया गया

**विधायक समेत श्रद्धालु हुए शामिल**



**टंडवा (प्रातः आवाज)।** स्थानीय नीमचौक स्थित महावीर स्थान में सोमवार को पूजा अर्चना के बाद खंडित हनुमान प्रतिमा को हटाने एवं मंदिर नवनिर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई। इस मौके पर सिमरिया विधान सभा के विधायक समेत बुधिजीवी व श्रद्धालु शामिल हुए। जहां पुरोहित आदित्य पंडित के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के बाद खंडित प्रतिमा को हटाने एवं मंदिर नवनिर्माण की शुरुआत की गई। इस मौके पर स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास, टंडवा मुखिया पति सह समाजसेवी सुभाष दास, सेवा निवृत शिक्षक बासुदेव बसंत समेत अन्य लोग उपस्थित थे। आए अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बताते चले कि नीम चौक मे 34 वर्ष पहले बजरंग बली के भव्य प्रतिमा व मंदिर का निर्माण किया गया था। जो प्रतिमा खंडित के साथ साथ मंदिर परिसर भी जर्जर हो गया था। जिसका पुनर्निर्माण कार्य को लेकर जर्जर मंदिर को तोड़ने का कार्य शुरु कर दिया गया है। जर्जर मंदिर टुटते ही निर्माण कार्य शुरु कर दिया जाएगा। इधर भव्य मंदिर निर्माण को लेकर नीम चौक से लेकर पुरे टंडवा मे खुशी है। इस मौके पर विधायक श्री दास ने कहा कि जब तीन दशक पहले यह मंदिर का निर्माण हुआ था तब यहां दुर दुर से लोग हनुमान जी का पूजा करने पहुंचते थे। धीरे धीरे हनुमान मंदिर व भव्य प्रतिमा की ख्याती बढ़ती गई थी। वहीं हनुमान भक्त एवं मंदिर के सेवक जयमंगल देव नायक ने बताया कि सच्चे दिल से हनुमान जी के पूजा कर मन्नते मांगने से पुरी होती है। मौके पर जयमंगल देव नायक, राजेश सोनी, रुदेश नायक, विकास मालाकार,रिंकु गुप्ता, राकेश गुप्ता, मिथलेश रजक,मनोज मालाकार, राजेश गुप्ता,इंद्रदेव नायक, सुबोध नायक, विकास सोनी, मुकेश गुप्ता, बबलु गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, गुड्डू गुप्ता,राजेश रजक, गणेश गुप्ता, मिंटु ठाकुर,संतोष दास समेत दर्जनो हनुमान भक्त शामिल थे।

# टंडवा पंचायत के भारती टोले में महीनों से खराब पड़ी है जलमीनार, पूरे गांव की जलापूर्ति है बाधित



**प्रतापपुर (प्रातः आवाज)।** प्रतापपुर प्रखंड स्थित टंडवा पंचायत के भारती टोला में कई महीनो से जलमिनार खराब पड़ा है जिससे पूरे टंडवा गांव में जलापूर्ति बाधित है। बताते चले की टंडवा में पीएचईडी विभाग के द्वारा साल 2016-17 में जलमिनार लगाया गया था। जिससे कुछ साल तक पूरे गांव में पेयजल की आपूर्ति हुई। लेकिन अब यह जलमीनार खराब पड़ा है जिससे पूरे गांव की पेयजल आपूर्ति बाधित है। जिससे तपती गर्मी में लोगो को पानी को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के डा. युगेश दास ने बताया की जल मीनार खराब होने के चलते गांव के लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया की पूर्व में जनप्रतिनिधियों एवं जलसहिया के मिलीभगत से जलमिनार की मरम्मती के नाम पर लाखों रुपए की अवैध निकासी कर ली गई परंतु जलमीनार को बनवाया नही गया। जिसका ग्रामीणों ने जमकर हो हंगामा किए।वही एक अन्य ग्रामीण ने बताया की इस तपती भीषण गर्मी में हमलोग को पानी नहीं मिल पा रहा है।जिससे हमलोग पास के नदी से पानी ढो कर लाते है।उन्होंने कहा की पानी नहीं रहने से हमलोग को दो तीन दिन तक बिना नहाए रहना पड़ता है।पानी पीने को लेकर हमलोग तरसते है।उन्होंने कहा की इस बारे में पीएचईडी विभाग सहित मुखिया को भी इसकी लिखित आवेदन दिया गया है किंतु फिर भी कोई असर नहीं हुआ है।वार्ड।सदस्य संजू देवी ने बताई की इस संबध में हम कई बार पंचायत के बैठक में ब्लॉक के बैठक में इस समस्या को रखे है किंतु कोई नही सुने है।उन्होंने से जल्द से जल्द जलमीनार को बनवाने का मांग किया है।बताते चले की इस पूरे गांव में एक भी चपाकल नही है।ग्रामीणों ने कहा की यदि जल्द ही पानी की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो पूरे गांव के लोग धरना प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

**क्या कहते हैं मुखिया**

इस संबध में टंडवा मुखिया किशोर यादव ने बताया की यह जलमिनार पीएचईडी विभाग के द्वारा बनवाया गया था।अभी कुछ माह पूर्व ही इसका मोटर जल गया था जिसमे मुखिया द्वारा 14 वे वित्त से चालीस हजार रूपए खर्च कर मोटर बनवाया गया था।उन्होंने कहा की पीएचईडी विभाग को सूचना देकर जल्द ही इस जलमिनर को बनवाया जाएगा एवं पूरे गांव में पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

# कोयलांचल में अकीदत से मना बकरीद का त्यौहार

## कोयलांचल की विभिन्न मस्जिदों में अदा की गयी नमाज, क्षेत्र में सुरक्षा का था पुख्ता इंतजाम







### डाडी प्रखंड व गिद्दी क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का मना त्यौहार

**गिद्दी (प्रातः आवाज)।** डाडी प्रखंड व गिद्दी कोयलांचल क्षेत्र मे अकीदत के साथ बकरीद का त्यौहार मनाया गया। सर्वप्रथम मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा की तथा क्षेत्र की सुख शांति अमन चैन की दुआ मांगी गई। बकरीद को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किया गया है, ताकि शांतिपूर्ण महौल में मुसलिम धरमावलंबी त्यौहार को मना सके। गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा कि लोग सौहार्द्रपूर्ण तरीके से त्यौहार को मनायें। डाडी प्रखंड के सभी जामा मस्जिदों में गिद्दी सी, गिद्दी, रेलीगडा, मोढ़ा, डोका बेड़ा, मिश्राइन मोढ़ा, हुवाग, होसिर आदि मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। मौके पर देश में अमन चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। गिद्दी जामा मस्जिद और आसपास की मस्जिदों में नमाज हुई, जिसमें गिद्दी जामा मस्जिद में इमाम मौलाना मुजाहिद हुसैन ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई और तकरीर हुई, जिसमें नमाज पढ़ने के बाद दुआ मांगी गई। फिर सभी लोग एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दी। उसके बाद अपने-अपने घरों में बकरे की कुर्बानी की नमाज अदा करने वालों में भोला खान, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद इनाम, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद हमीद उर्फ हिना टेंट, नौशाद उर्फ बबन, रौनक अली, सुभान अहमद, मोहम्मद जब्बार, आशीफ मास्टर, मंजूर अली, सलीम शहजादा, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद इरफान, गुलाम मुस्तफा, अलीम, इजाज अहमद, मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद निजाम, मुख्तार, गुलजार, फिरोज, मुबारक, लुकमान अंसारी, बबील रैन, मो ताज अंसारी, बिगू अंसारी, मो सराफत, मो जब्बार अंसारी, शहीद अंसारी, इस्लाम अंसारी, जेनूल अंसारी, अरशद, शमीम अंसारी, युसूफ अंसारी, मो जासीम सहित कई लोगों ने नमाज अदा की।



### पतरातू और आसपास क्षेत्र के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ अदा की ईद उल अजहा की नमाज

**पतरातू (प्रातः आवाज)।** पतरातू और आसपास के क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सोमवार को बड़े एहतेराम और अकीदत के साथ ईद उल अजहा की नमाज अदा की। साथ ही देश में अमन व चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर लोग एक दूसरे को गले लग कर ईद उल अजहा की बधाई दी। जबकि बकरीद के अवसर पर कई मुस्लिम धर्मावलंबी बकरे की कुर्बानी दी। इसमें सोलिया, पलानी, जयनगर, पतरातु, सांकुल, हफूआ, पालु, कुरबीज, रोचाप, ताला टांड़, मस्जिद कॉलोनी की मस्जिदों और ईदगाहों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई।

### अकीदत व एहतेराम के साथ अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

**दुलमी (प्रातः आवाज)।** दुलमी प्रखंड प्रखंड के मुस्लिम बहुल गांवों में सोमवार को ईद उल अजहा की नमाज अकीकत और एहतेराम के साथ अदा की गई। इस दौरान लोगों ने वतन की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी। वहीं, ईदगाहों में लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के जामसिंघ, इचातु, चामरोम, बगरई, प्रियातू, पोटमदगा, होन्हें, सिकनी, जरियो, जमीर सहित कई मुस्लिम बहुल गांव में ईद उल अजहा का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग नहा धोकर इत्र खुशबू लगाकर और नए व साफ कपड़े पहनकर अपने-अपने ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचे। जहां स्थानीय इमाम ने ईद उल अजहा की नमाज विधि विधान के साथ पढ़ाई। नमाज के बाद खुतबा पेश किया गया। इसके बाद वतन की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद पेश की। तत्पश्चात मुस्लिम समुदाय के लोग स्थानीय कर्बला पहुंचे, जहां अपने बुजुर्गों के कब्रों पर फातिहा ख्वानी पड़ी। तत्पश्चात अपने-अपने घरों में लोगों बकरे की कुर्बानी पेश की। मौके पर इमाम ने कहा कि हजरत इब्राहिम की कुर्बानी बेमिसाल है। ऐसी कुर्बानी पूरी दुनिया में कहीं भी देखने को नहीं मिलती। यह कुर्बानी हजरत इब्राहिम ने अल्लाह के हम पर पेश किया था। मौके पर अहमद हसन, अख्तर हुसैन, ताइद अंसारी, अयूब अंसारी, रिजवान अहमद कादरी, सज्जाद अंसारी, मास्टर सनाउल्लाह शहीद आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा व बासल में भाईचारगी के साथ मना ईद उल अजहा का पर्व

**भुरकुंडा (प्रातः आवाज)।** भुरकुंडा, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के ईदगाहों और मस्जिदों में सोमवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। कोयलांचल के भुरकुंडा जामा मस्जिद, रीवर साइड मयूर स्टेडियम स्थित मस्जिद, सौंदा डी, सेंटल सौंदा, भदानीनगर के चिकोर, मुहआ टोला सहित बासल के बलकुदरा अन्य क्षेत्रों के ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कर अपने परिवार और क्षेत्र की खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने अपने घरों में बकरे की कुर्बानी दी। साथ ही एक-दूसरे के घरों में जाकर लजीज व्यंजनों को लुफ्त उठाते हुये ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी।

### रामगढ़ शहर सहित कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद पर्व शांति व सौहार्द्रपूर्ण से मना



**रामगढ़ (प्रातः आवाज)।** रामगढ़ शहर एवं कोयलांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम धर्म समुदायों के लोग सोमवार को सुबह नमाज अदाकार एक-दूसरे से गला मिलकर शांति सौहार्द्रपूर्ण से बकरीद पर्व पूरे पाकीजगी के साथ ईद-उल-अजहा मनाया। रामगढ़ शहर के गोलपार्क, सौदागर मोहल्ला, नयीसराय, वहीं कोलांचल सहित ग्रामीण इलाके के रजरप्पा, चितरपुर, गोला, मगनपुर ,बरलंगा, दुलमी, बरकाकाना ,चैनगडा, भदानीनगर, लपंगा, भुरकुंडा, सयाल, पतरातू, यूरीमारी, गिद्दी, रैलीगढा, सिरका अरगडा, हेसला, तोपा, हुवाग, कुजू मेन रोड, पुंडी, मांडू चट्टी, वेस्ट बोकारो घटोटांड़ 12 नंबर चौक, भेलगढ़ा, परेज, केदला, झारखंड ,लाईयो, बूटबड़ा, डूमरबेडा,भदवा- सिरका, बैंकर, खजुरिया रातवे, कर्मा, एवं बरकठी सहित अन्य क्षेत्र के मस्जिदों में नमाज अदा कर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने क्षेत्र की सुख शांति अमन-चैन की दुआ मांगी। बकरीद को लेकर रामगढ़ जिले की सभी थाना/ओपी पुलिस ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम कर रखे थे, ताकि मुस्लिम धर्म समुदायों के लोग शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को मना सकें। मुस्लिम समुदायों ने बकरीद पर्व पर अपने हैसियत के मुताबिक कुर्बानी दी और धूमधाम से त्यौहार मनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### एजेकेएसएस ने मजदूरों के प्रमोशन, इलेक्शन ड्यूटी, संडे पैसे नहीं मिलने को लेकर की बैठक

अरगड्डा क्षेत्र बीएमएस के प्रशांत बेलथरिया फिर अझाकोश्रसं का दामन थामा

**सिरका (प्रातः आवाज)।** अरगड्डा जीएम ऑफिस मुख्यालय के समीप सोमवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) यूनियन की बैठक कार्यालय प्रांगण में हुई। अध्यक्षता प्रेमचंद शर्मा व संचालन क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र कुमार ने किया। बैठक में अरगड्डा क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों पर विचार किया गया। इसमें पानी, बिजली, प्रमोशन, इलेक्शन ड्यूटी में गए कामगारों की समस्या, संडे का पैसा नहीं मिलने आदि बातों पर विशेष चर्चा की गई। इसके अलावा यूनियन के सदस्यों को अधिक से अधिक बढ़ाने पर बल दिया गया। बैठक में बीएमएस अरगड्डा क्षेत्र के एरिया नेता प्रशांत बेलथरिया में फिर से अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का दामन थामा, जिनका स्वागत अतिथियों ने फ्फूलमाला पहनाकर किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एजेकेएसएस के महासचिव सतीश कुमार सिन्हा, आजसू के तिवारी महतो उपस्थित थे, जबकि यूनियन के मीडिया प्रभारी देवकुमार बेदिया, कौशिक, संजय, दुर्गेश, देवकी महतो, नवीन ठाकुर, अजय कुमार सिंह, रवींद्र कुमार, बिरजू साहब, धीरेंद्र सिंह, तालेश्वर महतो, नागेंद्र सिंह भूपी, सिरका के सुखदेव महतो, रूपेश कुमार महतो, शांता कुमार आदि मौजूद थे।

### नवनिर्वाचित रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को भाजपा नेता रंजीत राम ने दी बधाई

**बरकाकाना (प्रातः आवाज)।** रांची लोस क्षेत्र के सांसद संजय सेठ को भारत सरकार में रक्षा राज्य मंत्री बनने पर भाजपा नेता रंजीत राम ने उनके रांची स्थित आवास में जाकर उनसे मिलकर पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही रंजीत राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया, जिन्होंने संजय सेठ को रक्षा राज्य मंत्री और अन्नपूर्णा देवी को केबिनेट मंत्री बनाकर झारखंड प्रदेश की जनता को सम्मान देने का काम किया है। राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने कई समस्याओं के समाधान के लिए उनके आवास में आये नागरिकों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर भाजपा नेता रंजीत राम के साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक साहू मौजूद थे।



### नवप्राथमिक विद्यालय प्रेमनगर लुकैया में रविदास समाज की हुई बैठक

**सिरका (प्रातः आवाज)।** चुम्बा के नव प्राथमिक विद्यालय प्रेम नगर लुकैया में रविवार को रविदास समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता महेंद्र दास एवं संचालन शिवचंद रविदास ने किया। बैठक का मुख्य बिंदु वर्तमान रविदास कमेटी भंग कर नई रविदास कमेटी का गठन किया गया। बैठक में रविदास समाज सम्मानित बुद्धिजीवी गण तथा महिलाएं एवं आम ग्रामीण शामिल हुए। रविदास समाज कमेटी का नवनिर्माण किया गया। इसमें अध्यक्ष महेन्द्र दास, सचिव शिवचन्द रविदास, कोषाध्यक्ष सकलदेव रविदास, राजेंद्र रवि, जयलाल रविदास, अशोक रविदास, रामसकल रविदास, सुखदेव रविदास, छेदी राम, रुदन राम, सूबेदार कुमार दास, रवि राम, राजेंद्र रवि बस्ती, राजेंद्र कुमार दास, रंजीत कुमार दास, पंकज कुमार दास, सुगन राम, बाबा सिकेंद्र, ललित कुमार दास, सुनील कुमार दास, शक्तिलाल रविदास, अमित कुमार दास, जोगेंद्र रविदास, सत्येंद्र कुमार दास को बनाया गया। मौके पर बैठक में जितेंद्र कुमार दास, शिक्षक पिंटु कुमार दास, रामसेवक कुमार दास, महानंद राम, शशि कुमार रवि, सत्येंद्र कुमार दास, कुंदन रविदास आदि मौजूद थे।

### मां शीतला मंदिर सयाल मोड़ में 24 घंटे का अखंड-हरिकीर्तन संपन्न

**भुरकुंडा (प्रातः आवाज)।** मां शीतला मंदीर सयाल मोड़ भुरकुंडा में चल रहे 24 घंटे का अखंड-हरिकीर्तन का सोमवार को समापन हो गया। इसके पूर्व रविवार को पुरोहित रामकुमार पाठक ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद अखंड-हरिकीर्तन का शुभारंभ हुआ। पूजा में बतौर यजमान कैलाश ठाकुर व पत्नी रीता देवी शामिल हुईं। अखंड-हरिकीर्तन के दौरान हरे रामा हरे कृष्णा के भक्ति उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। हरिकीर्तन मंडली में सेंट्रल सौन्दा, लंपगा, बनगड्डा, जवाहर नगर, पटेलनगर आदि क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में नागो राय, व्यास कैलाश ठाकुर, भीम सिंह, सुभाष यादव, नानू यादव सहित पटेलनगर पंचायत के लोगों का विशेष योगदान रहा।

### सीसीएल सारूबेड़ा परियोजना पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष विस्थापितों ने दिया धरना

**रामगढ़ (प्रातः आवाज)।** सीसीएल कुजू कोयला क्षेत्र के सारूबेडा परियोजना पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर विस्थापित संघर्ष मोर्चा बघलता बस्ती के ग्रामीणों और विस्थापितों ने सोमवार को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन दिया। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व एवं अध्यक्षता विस्थापित नेता सह श्रमिक नेता जगदीश महतो एवं संचालन पारस महतो ने किया। धरना-प्रदर्शन में विस्थापितों द्वारा जमीन के बदले नौकरी एवं मुआवजा देने और सारूबेडा परियोजना मे अविलंब लोकल से चालू करने की मांग कर रहे थे। धरना-प्रदर्शन मे 15 सूत्री मांग पत्र सीसीएल प्रबंधन को सौंपा गया। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बघलता बस्ती के महिलाओं और पुरुष शामिल थे।

### रामगढ़ सुभाष चौक से 19 जून को कांग्रेस निकालेगी ग्राम स्वराज यात्रा



**रामगढ़ (प्रातः आवाज)।** पंचायती राज व्यवस्था को अधिकार दिलाने को लेकर एक जन चेतना का निर्माण के तहत राजनीतिक यात्रा निकाली जाएगी। इसका नाम ग्राम स्वराज यात्रा होगा। कांग्रेस के झारखंड प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के रामगढ़ जिला के पूर्व अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी सहित अन्य नेता थे। प्रदेश सचिव मिश्रा ने कहा कि रामगढ़ शहर स्थित सुभाष चौक से 19 जून को कांग्रेस निकालेगी ग्राम स्वराज यात्रा। यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, हजारीबाग लोस क्षेत्र प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता रामगढ़ में मौजूद रहेंगे।

### वृद्ध बिरहोरिन आशो देवी की मौत, बीडीओ ने सरकारी सहायता देने का दिया आश्वासन

**कुजू (प्रातः आवाज)।** कुजू पूर्वी पंचायत के मुरपा गांव स्थित बिरहोर टोला की निवासी वृद्ध बिरहोरिन आशो देवी 71 वर्ष की मौत रविवार की रात्रि में हो गई। मौत की खबर कुजू पूर्वी के पूर्व मुखिया अशोक कुमार को मिलते ही वार्ड सदस्य मुकेश महतो के साथ बिरहोर टोला पहुंचे। जहां अन्य बिरहोर जाति के युवक एवं ग्रामीणों के सहयोग से मृतका के अंतिम संस्कार के लिए बांस, कफन आदि वस्तुओं की व्यवस्था कराकर पास के जंगल में दफनाया गया। बिरहोर परिवार बहुत ही गरीब हैं और अपना गुर्जर बसर रस्सी और खटिया बुनकर रोजी-रोटी कमाते थे। पूर्व मुखिया अशोक कुमार के द्वारा इसकी सूचना मांडू प्रखंड पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाडी को दी गई। पूर्व मुखिया अशोक कुमार के पहल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 10 दिनों से पहले मृतक के परिवारवालों को सरकारी सहायता देने का आश्वासन दिया है। मृतिका का एक पुत्र मिर्धा बिरहोर 35 वर्ष और पुत्री देवंती कुमारी हैं। बिरहोरिन आशो देवी की मौत पर मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाडी, कुजू पूर्वी पंचायत मुखिया ललिता देवी पति अशोक कुमार, सुरेंद्र सिंह, महेश महतो आदि लोगों ने शोक प्रकट किया।



### कांग्रेस से पंकज महतो को प्रत्याशी बनाने की मांग



**रामगढ़ (प्रातः आवाज)।** दुलमी प्रखंड के प्रियातु गांव में सोमवार को ग्रामीणों एवं युवाओं की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों और युवाओं ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो को कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाने की मांग की गई। मौके पर तस्लीम अंसारी, सद्दाम हुसैन, निजाम अंसारी, मकबूल अंसारी, मोदासर अंसारी, एहसान मंत्री, तबारक अंसारी, सलीम अंसारी, प्रिंस आलम, असलम अंसारी आदि थे।

## विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति 26 जून को करेगी बलकुदरा माइंस का ट्रांसपोर्टिंग ठप

**भुरकुंडा (प्रातः आवाज)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी की बैठक सोमवार को कुरसे गांव में जयदेव सिंह की अध्यक्षता और मिहिलाल बेदिया के संचालन में हुई। जिसमें विगत 26 फरवरी को सीसीएल प्रबंधन और समिति के बीच हुई वार्ता की समीक्षा की गई। साथ ही समिति की विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। इस दौरान कहा गया कि प्रबंधन ने बलकुदरा खुली खदान में काम कर रही कंपनी में प्रभावित राजस्व ग्राम के 20 बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कही थी। लेकिन प्रबंधन अपने वादे को अबतक पूरा नहीं किया है। इसके साथ ही प्रबंधन ने विभिन्न मांगों को लेकर अप्रैल माह में समिति के साथ वार्ता करने का आश्वासन दिया था। जिसे अबतक पूरा नहीं किया गया। बैठक में समिति ने निर्णय लिया कि सभी मांगों को लेकर आगामी 26 जून को सीसीएल की बलकुदरा खुली खदान में कोयले का संप्रेषण ठप कराया जाएगा। समिति की 12 सूत्री मांगों में प्रभावित राजस्व गांव के 20 लोगों को रोजाना सुनिश्चित करने, भुरकुंडा में खुल रहे लोकल सेल में राजस्व ग्राम के बेरोजगार रेयतों को न्यायोचित भागीदारी सुनिश्चित कर लोकल से अविलंब खोलने, लोकल सेल में पेलोडर की बजाय मैनुअल लोडिंग की व्यवस्था करने सहित सीसीएल प्रबंधन को पूर्व में दी गई मांगे शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप से रामदास बेदिया, धनेश्वर यादव, मनोज मांझी, अनिल सोनी, टिंकू प्रजापति, अजय तुरी, बुलंद बेदिया, विनोद मुंडा, योगेंद्र मुंडा, अजय बेदिया, सुरेंद्र तुरी, बिनोद प्रजापति, सन्नी बेदिया, सोमर यादव, गणेश तुरी, मनु करमाली, सुनील यादव, पंकज सिंह, सुनील तुरी, संजय बेदिया, अर्जुन तुरी, विक्की प्रजापति, कैलाश बेदिया, दीपक तुरी सहित कई उपस्थित थे।

# होसिर व गिद्दी में धूमधाम से हुई मंडा पूजा, छऊ नृत्य कार्यक्रम भी आयोजित

## अग्नि पर चलकर शिव भक्तों ने दी आस्था का परिचय



**गिद्दी (प्रातः आवाज)।** डाडी प्रखंड क्षेत्र की होसिर व गिद्दी बस्ती में अग्नि पर चलकर शिव भक्तों ने आस्था का परिचय दिया। मंडा पूजा में शिव भक्तों ने आस्था के साथ भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना की। होसिर में मंडा पूजा धूमधाम के साथ मनायी गयी। शिव भक्तों ने स्थानीय नदी से स्नान ध्यान कर मंदिर स्थल पहुंचा जहां विधिवत रूप से पंडित के द्वारा पूजा-अर्चना करायी गयी तथा अंगारे पर चलकर शिव भक्तों ने आस्था का परिचय दिया। वहीं, गिद्दी बस्ती में भी मंडा पूजा धूमधाम के साथ की गयी। शिव भक्तों ने विधिवत रूप से भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की तथा बनश झूला झूलकर आस्था का परिचय दिया। मंडा पूजा के अवसर पर रात्रि में छऊ निरत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छऊ निरत कलाकारों ने रोमांचक निरत प्रस्तुत कर लोगों के बीच समा बांध दिया। होसिर में भी रंग-रंग छऊ निरत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छऊ निरत कलाकारों ने दर्शकों को खूब लुभाया। मौके पर कनकी पंचायत की मुखिया लक्ष्मी देवी ने कहा कि मंडा पूजा में भगवान शिव पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। लोगों की हर मांगी मिन्नतें पूरी होती हैं, जिसे लोग आस्था के साथ पूजा-अर्चना तथा अंगारे व बनाश झूलते हैं। मंडा पूजा को सफल बनाने में सैनाथ गंझू, दुबराज गंझू, दिनेश गंझू, हीरालाल गंझू, महादेव महली, प्रकाश महली, सोमर महली, प्रेमचंद गंझू, सुनील गंझू, आशीष करमाली , राजदीप गंझू, गणेश गंझू, सुरेश गंझू, दिलीप मुंडा, गोविंद गंझू, राजेंद्र महली, कलंदर महली, चंदन महली, राजेंद्र साहू, दिनेश करमाली, तेजू राजवार, अशोक महली, अनिल महली, धनंजय गंझू, विनोद मुंडा आदि मौजूद थे। जबकि होसिर मंडा पूजा को सफल बनाने में पूर्व मुखिया प्रमोद महतो, नागेश्वर पटेल, संजय राम, कुमेशवर महतो, दौलत महतो, दिनेश्वर महतो, कुमार विनोद, केतर मुंडा, महेंद्र मुंडा, ईश्वर तुरी, महेंद्र तुरी, मनोज राम, गणेश चौधरी, गणेश महतो, बिनोद शर्मा आदि मौजूद थे।

### कुसियारा में धूमधाम व भक्तिभाव के साथ से हुई मंडा पूजा

**भुरकुंडा (प्रातः आवाज)।** कुसियारा मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में मंडा पुजा का आयोजन किया गया। मंडा पुजा में 150 भोगता और सोकताईनो ने दहकते अंगारो पर चलकर और बनस झुला पर झुलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। मंडा पूजा में कुसियारा, किन्नी, भंडरा, घाघरा, जराद गांव के भोगता और सोकताईनो ने निर्जला उपवास कर भगवान शिव की उपासना किया। पूजा को लेकर आयोजित मंडा मेला का उद्घाटन पूर्व विधायक निर्मला देवी, आजसु के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, कुरसे पंचायत के मुखिया संदीप उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर अतिथियों ने मंडा मेला झारखंडी संस्कृति की धरोहर भी है। इसमें झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। मंडा पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रामश्याम सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद जयसवाल, संजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष सूरज जयसवाल, सचिव राम महतो, उप कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, करण कुमार, उप सचिव विकाश उरांव, बिरजू मुंडा, मिथलेश, दीपक महतो, अनु सिंह, संरक्षक मोहित महतो, केतर महतो, अजीत महतो, हरखनाथ महतो सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।



### अरगड्डा में सुख, समृद्धि के लिए आदिवासी समाज ने जल कलश रखकर झंडा गड़ी पूजा की, सरना माता का किया गया आह्वान

**सिरका (प्रातः आवाज)।** अरगड्डा झोपड़ी अंबेडकर नगर झोपड़ी में सोमवार को आदिवासी समाज के द्वारा सरना झंडा गड़ी पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डाड़ी से जल कलश में भरकर अखड़ा होते हुए लोग सरनास्थल पहुंचे, यहां जय सरना ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु कृष्ण उरांव ने आदिवासी पारंपरिक नियमानुसार पाहनों के सहयोग से प्राकृतिक देवी मां सरना का आह्वान किया। सभी ने गांव के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा को सफल बनाने में आदिवासी अगुवा सह समाजसेवी दीपक उरांव ने बताया कि आदिवासी परंपरा और संस्कृति को बचाने की आज जरूरत है, जिससे वातावरण और समाज संतुलित हो पाए। मौके पर पाहन बेचैन उरांव, पाहन सुरेश उरांव, पाहन एतवा उरांव, पाहन रथु उरांव, पाहन राजू करमाली, पाहन सुखदेव बेदिया, पाहन बंधु उरांव, पाहन गोपाल उरांव, पाहन संजय उरांव, पाहन संजय उरांव, पाहन उदय उरांव, सदस्य निशा उरांव, पहनाइन सुनीता उरांव, पहनाइन हीरामणि समेत समाज के लोग उपस्थित थे।



## संक्षिप्त न्यूज़

### श्री मद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ में नगर भ्रमण का आयोजन, माहौल भक्तिमय

**टाटीझरिया (प्रातः आवाज)।** खंभवा में श्री मद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के छठे दिन ठाकुर जी का नगर भ्रमण कराया गया। लक्ष्मी नारायण जी को डोली में बैठाया गया, जिसे यजमान कंधे पर लेकर झूमते नाचते-गाते खंभवा, बांडीह का भ्रमण कराया। भ्रमण के कार्यक्रम में एक रथ पर भगवान श्री राम की झांकी निकाली गई, उसके आगे हनुमान के वेश में गदा लेकर नाचते-झूमते भक्त नजर आए। साथ ही सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए। नगर भ्रमण में यजमान उमाशंकर सिंह, अमरेश सिंह, संतोष सिंह, अशोक सिंह, शशिभूषण सिंह, सुनीता देवी, परवीन बॉबी, अलखदेव सिंह समेत घर के अन्य सदस्य लक्ष्मीनारायण की डोली लेकर चल रहे थे। साथ में आचार्य ब्रजनंदन पाठक, उपाचार्य पंकज शास्त्री समेत ब्राह्मणों की टोली शामिल हुए। बैंजू और ताशे की धुन पर भक्तों की टोली नृत्य करने में मशगूल थे। यज्ञ स्थल से यात्रा निकाल कर देवी मंडप, सूर्यमंदिर, शिवमंदिर, हनुमान मंदिर होते तीनो टोला के गलियों का भ्रमण करते वापस यज्ञ स्थल पर समाप्त हुआ। इस बीच जमकर आतिशबाजी भी हुई। कार्यक्रम में दीपांकर सिंह, शुभंजर सिंह, सनोज कुमार सिंह, सेजल सिंह, राजनंदनी कुमारी, रेखा देवी, अंशु कुमारी, प्रिय कुमारी, अलखदेव सिंह, शिवराज सिंह, महेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, एमके पाठक, पंसस राजेश यादव, अरूण सिंह, प्रकाश प्रजापति, शैलेश सिंह, कृष्ण सिंह, प्रमोद सिंह, लक्ष्मण सिंह, निर्भय सिंह, विजय सिंह, मुकेश यादव, सहदेव गोप, बद्री गोप, जितेंद्र मंडल, जागो मिस्त्री, रामेश्वर यादव समेत काफी संख्या में महिला-,पुरुष शामिल रहे।

### हरली मंडा पूजा के भगतों के बीच वस्त्र का वितरण, परिक्रमा आज

**बड़कागांव (प्रातः आवाज)।** हरली गांव में सोमवार रात मंडा पूजा बनस मेला का आयोजन किया जा रहा है। बनस पूजा में लगभग 25 भगतों ने भाग लिया है। सभी भगतों के बीच पूजा समिति के द्वारा धोती गंजी एवं जांघिया वस्त्र का वितरण किया गया। वहीं पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष सह वर्तमान संगठन मंत्री त्रिवेणी महतो के द्वारा सभी भगतों को एक एक पैकेट ग्लूकोन-डी ग्लूकोस का वितरण किया गया। भगतों के द्वारा सोमवार देर रात्रि फुलकूदीं का आयोजन किया गया। जिसमें दहकते अंगारे के ऊपर नंगे पांव चलकर भगतों ने आस्था का परिचय दिया। आज मंगलवार सुबह भगत 40 फीट ऊंचे लट्ठे से परिक्रमा करेंगे। पूजा को सफल करने के लिए पूजा समिति के अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संयोजक मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार दांगी, संगठन मंत्री त्रिवेणी महतो, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, पूर्व मुखिया बागेश्वर महतो, संयोजक मंडल सदस्य सुरेश महतो, भुनेश्वर महतो के अलावा कई प्रबुद्ध ग्रामीण पूजा समिति के लोग कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

### अंबा ने सदन में रखा था मामला, अब मिलेगी 200 यूनिट फ्री बिजली

**बडकागांव (प्रातः आवाज)।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य में 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने की मांग की थी, जिसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इसपर अपनी सहमति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा कर दी है अब राज्यवासियों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। घोषणा पर विधायक अंबा प्रसाद ने आभार जताते हुए कहा कि विधानसभा में 200 यूनिट बिजली राज्य वासियो को मुफ्त देने की मांग की थी जिसके बाद मुख्यमंत्री ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की है आगे उन्होंने कहा की राज्य सरकार गरीब गुरबा की सरकार है एवं हमारी सरकार लगातार जनकल्याणकारी फैसला ले रही है।

### झारखण्ड प्रभारी को दी बधाई

**हजारीबाग (प्रातः आवाज)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा शिवराज सिंह चौहान एवं हेमंता विश्व शर्मा को क्रमशः प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाये जाने पर पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता एवं चन्द्र नाथ भाई पटेल ने उन्हें बधाई दी। कहा कि दोनों ही अनुभवी नेता हैं और इसका लाभ झारखण्ड ईकाई को मिलेगा।

### पूर्व विधायक ने दी बधाई

**बरही (प्रातः आवाज)।** भाजपा द्वारा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दोनो के मार्गदर्शन में झारखंड भाजपा को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान होगा और 2024 विधानसभा चुनाव बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनाएगी।

### रामगढ़ भाजपाइयों ने बधाई दी

**रामगढ़ (प्रातः आवाज)।** भाजपा झारखण्ड प्रदेश के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश चुनाव प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा को प्रदेश सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। दोनो नेताओ की नियुक्ति पर रामगढ के भाजपाईयो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार सिंह के हस्ताक्षर से जारी पत्र का उल्लेख करते हुए भाजपा के रामगढ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि झारखंड प्रदेश के लिए उन दोनों के अनुभव से भारतीय जनता पार्टी का आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार का गठन होना तय है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला परिवार की ओर से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। बधाई देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, जिला के वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, रणंजय कुमार कुंटू, डॉ संजय कुमार सिंह, प्रो संजय सिंह,इला रानी पाठक, राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो, सरिता ठाकुर, आनंद बेदिया, लता चौधरी,अखिलेश प्रसाद, प्रो खिरोधर साहू, रंजन फ़ौजी, राजू कुशवाहा, दिलीप सिंह, रमेश कुमार वर्मा, संजीव कुमार बावला, किरण देवी, वसुध तिवारी, दीनदयाल कुमार, राजीव पामदत्त , संतोष कुमार शर्मा प्रवीण कुमार सोनू, भीम सेन चौहान, धीरज कुमार साहू, राकेश पंडा, सोनू कुमार शौर्य लक्ष्मी देवी, अमितेश कुमार सिंह, नमेंद्र चंचल, सन्नी कुशवाहा,विनोद कुमार, कूमेल उरांव सैयद किरमानी, उमेश प्रसाद, रंजीत पांडेय, विजय जायसवाल, जगेश्वर प्रजापति,महेन्द्र प्रजापति, आलोक कुमार,सुनील कुमार बर्नवाल, वरुण कुमार सिंह आदि शामिल हैं।

# मोहरीबांध के ग्रामीणों पर देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के गुर्गों ने बरपाया कहर, कई राउंड की फायरिंग, एक घायल

## पांच घंटे बाद हटा सड़क जाम, 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम





प्रातः आवाज

**झरिया (धनबाद)।** एक तरफ कोयलांचल में अकीदत के साथ बकरीद त्योहार मनाया जा रहा था तो, वही दूसरी और धनबाद के झरिया में फरियादी ग्रामीणों पर लाठियां बरसाई जा रही थी। फायरिंग से दहशतगर्दी का तांडव हो रहा था। मारपीट और गोलीबारी की घटना ने प्रशासन को सकते में डाल दिया तो सांसद-विधायक सड़क पर उतरे। घटना में एक को गोली लगी है तो वहीं आधा दर्जन घायल हुए हैं। आरोप है कि बीसीसीएल के एरिया 10 के कुजामा में चल रही एटी देवप्रभा कंपनी के गुर्गों ने सोमवार को दोपहर फरियादी ग्रामीणों पर दहशतगर्दी मचाने को लेकर करीब 15 राउंड फायरिंग की। और कंपनी निदेशक कुंभनाथ सिंह केइशारे पर उनके गुर्गों ने कई राउंड फायरिंग करने के साथ साथलाठियां बरसाई। फायरिंग में एक व्यक्ति को गोली लगी है। बताया जा रहा है कि कंपनी निदेशक के गुर्गों ने बस्ती के मुहल्ला में घुस कर ग्रामीणों को पीटा। जिससे कई लोग घायल हो गए है। जागो भूइंया, सुनीता कुमारी, पिंटू भूइंया सहित अन्य घायल हो गये। गंभीर अवस्था में जागो भूइंया को एनएमएमसीएच अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह मौके पर पहुंचीं और जांच की मांग को लेकर सड़क पर धरना पर बैठ गई। आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर आगजनी कर सड़क जाम कर कुंभनाथ सिंह और लालबाबू सिंह की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। झरिया विधायक का कहना हैं इन लोगों का यही काम है हर जगह अपनी दबंगई चला रहे है। लेकिन अब उनकी दबंगई नहीं चलने दिया जाएगा। करीब पांच घटे बाद सिंदरी डीएसपी द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का समय मांगा गया। जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। फिलहाल, फायरिंग किसने की? क्यों की? इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

**24 घंटे में गिरफ्तारी नहीं, तो एटी देवप्रभा का चक्का जाम : पूर्णिमा नीरज सिंह**

धरना पर बैठी झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि तय समय के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार से झरिया विधान सभा में चलने वाले सभी एटी देव प्रभा परियोजना पूर्ण रूप से चक्का जाम कर कामकाज ठप कराया जायेगा। मौके पर हर्ष सिंह, केडी पांडेय, मृणाल कांत सिंह, अक्षय कुमार यादव, गुड्डू सिंह, पारस यादव, प्रीतम रवानी, रत्नेश यादव, राजू खान, सिंकू सिंह, रविन्द्र भूइंया सहित अन्य थे।

**कार्रवाई होने तक परियोजना रहेगा बंद : ढुल्लू महतो**

धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों से बात की। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भीं दोषी हैं पुलिस कार्रवाई करे। निहत्थे ग्रामीणों पर बर्बरता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कंपनी के साथ साथ गुर्गों पर मामल दर्ज कर गिरफ्तार करे। उन्होंने 45 मिनट तक घनुडीह में बैठकर समर्थकों को न्याय दिलाने की बात कही। कहा कि जब तक पीड़ित ग्रामीणों को न्याय नहीं मिलता तब तक परियोजना को काम पूर्ण रूप से ठप रहेगा।

**यह है पूरा है मामला**

सोमवार की दोपहर करीब 1:30 बजे बीसीसीएल के कुजामा ओसीपी में चल रहे एटी देव प्रभा आाउट सोर्सिंग मे हुई हेबी बलासस्टींग से उड़े पतंथर मोहरीबांध, लालटेनगंज के कई घरो के एलबेसटर व खपरैल छत पर गिरा। जिससे कई लोग बाल-बाल बचे। गुस्साये लोगों ने ओसीपी जाकर विरोध मे जताया। जिसपर आउट सोर्सिंग के एमडी कुम्भनाथ के लोगों ने ग्रामीणों को डंडे से पीटा, फाइरिंग की जिसमें जागो भुइयां को लगी बाये हाथ में गोली लगी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुम्भनाथ सिंह और उसके लठैतो ने डंडे से ग्रामीण महिला पुरूष की पिटाई की और फाईरींग कर गोली मारने का आरोप लगाया।वहीं घटना के संबंध में सिंदरी डीएसपी का कहना है कि ग्रामीण लिखित आवेदन दे कार्रवाई की जाएगी। जांच में यह बात सामने आई है कि कंपनी के लोगों ने ग्रामीणों से साथ मारपीट की है। अभी जांच चल रही है, आगे जो मामला आएगा उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग निदेशक कुंभनाथ सिंह ने कहा, आरोप बेबुनियाद**

इस सबंध में आउटसोर्सिंग संचालक कुंभ नाथ सिंह ने फोन पर कहाकि ब्लास्टिंग को लेकर परियोजना में पहुचकर हंगामा किया। साथ ही वाहनों पर पत्थराव कर क्षतिग्रस्त किया । साथ ही कर्मियों को लोगों ने पीटा। इस दौरान धक्का मुक्की में किसी को चोट लगा होगा। दबाव बनाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा परियोजना में बेवजह हंगामा किया जाता रहा है। गोली चलने का बात गलत है। इससे पूर्व भी हम पर आरोप लग चुका है।

## बिजली पोल गिरने से दो मवेशी मरे, मुआवजे को लेकर दो पक्षों के बीच पथराव, कई घायल

प्रातः आवाज

**बोकारो।** सोमवार को देर शाम बोकारो चीराचास ओपी के भर्रा पुल के समीप दो मवेशी की मौत को लेकर दो गुटों में भारी हंगामा हो गया, जिसमें जमकर लाठियां और धारदार हथियार चलाये गए। घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मामला शांत कराने घटना स्थल पहुंची। इस घटना में पुलिसकर्मी समेत दर्जनों लोगों को चोटें आई है। जानकारी के अनुसार शाम को चार बजे दो मवेशी भर्रा पुल के समीप चर रहे थे। इसी बीच तेज आंधी तुफान और बारिश होने लगी तो भर्रा जा रही अवैध बिजली की पोल जिसपर बिजली दौड़ रही थी वो मवेशियों पर गिर गई। मवेशी का मालिक नजदीक में ही था। उसने लोगों को बुलाया और दूसरे पक्ष से मुआवजा की मांग की। इस पर बात बढ़ गई और दोनों ओर से पथराव होने लगी। घटना की सूचना मिलने पर एसपी पूज्य प्रकाश, सिटी डीएसपी, सेक्टर वन व चीरा चास थाना घटना स्थल पर पहुँचकर स्थिति को कंट्रोल में किया। खबर लिखे जाने तक पुलिस दोनो पक्षों को बैठाकर मामले को सलटना का प्रयास कर रही है। फिलहाल घटनास्थल पर बोकारो सिटी एसपी मौजूद समेत भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।



### पेड़ की डाली माथे पर गिरने से महिला घायल

**गोमिया (प्रातः आवाज)।** महुआ पेड़ की डाली टूट कर गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे बोकारो रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बोकारो के गोमिया प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र लोधी पंचायत के वनचतरा गांव के भट्ठा टोला में 47 वर्षीय ललकी देवी पति खिचरिया गंझू 16 जून की शाम को महुआ पेड़ के नीचे बैठी थी। तभी अचानक बिजली का खंभा तार सहित महुआ पेड़ पर गिरने से उसकी डाली टूट कर ललकी देवी के माथे पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। पड़ोसियों ने आनन फानन में उसे गोमियां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।

## बिजली समस्या को लेकर होगा महाआंदोलन, मांग पूरी नहीं होने पर होगा चक्का जाम

अमित कुमार माली

**केरेडारी (प्रातः आवाज)।** बादशाह के कहने पर जिस प्रकार एक गरीब व्यक्ति सारी रात नदी किनारे महल के कमरे में जल रहे चिराग को देखकर सारी रात नदी के ठंडे जल में गुजारी, ठीक उसी प्रकार केरेडारी-टंडवा वासियों को भारत के महारत्न कंपनी एनटीपीसी टंडवा थर्मल पावर प्लांट में जगमगा रहे बिजली को देखकर भीषण गर्मी गुजारना पड़ा रहा है।वहीं इस समस्या से निजात के लिए बीरबल ने बीरबल की खिचड़ी बनाई, उसी प्रकार केरेडारी व टंडवा के राजनीतिक सहित समाजिक संगठनों द्वारा बिजली व्यवस्था को लेकर आंदोलन पर उतरने की चेतावनी दी है, बता दें कि केरेडारी प्रखंड भर में



लगातार बिजली संकट जारी है।वही प्रखंड से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यो की गति रुक गया है। जन जीवन अस्त व्यवस्त हो गया है। गृहणियों से लेकर व्यवसाय तक प्रभावित होने लगा है। बिजली नही मिलने से प्रखंड क्षेत्र में जलापूर्ति बंद हो गया है। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के अंर्तगत चट्टी बरियातू कोल माइंस व केरेडारी कोल माइंस होने के बाजूद यहाँ के लोग बिजली पानी के लिए दर दर ठोकर खाने के साथ बदलहाली जीवन जी रहे हैं,वहीं रविवार को ग्रामीणों ने बैठक कर एनटीपीसी प्रबंधन से मिलकर बिजली की मांग करने की बात कहि हैं।अगर ऐसा नही हुआ तो बिजली नही तो कोयला नही का भी चेतावनी देगें,इसके अलावा अगर मांगे पूरी नही हुई तो आर्थिक आंदोलन भी करेगें सभी ग्रामीणों ने आक्रोश व्याप्त करते हुए बातया की केरेडारी व टंडवा का कोयला से अन्य राज्यों में रोशन किया जा है।वही केरेडारी अंधेरे में वहीं परियोजना से विस्थापित व प्रभावित गांव मूलभूत सुविधाओं से काफी दूर है। देश के विभिन्न राज्यों को रौशन करने वाला केरेडारी के लोग आज भी अंधेरो मे रहने को विवश हैं। यहां बिजली पानी के अलावे शिक्षा स्वास्थ जैसे मुलभूत सुविधाओं से लोग दूर हैं।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जयनगर ने आध्यात्मिक ज्ञान व योग कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रातः आवाज

**पतरातू।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सप्ताह अंतर्गत सोमवार को पतरातू डैम दर्शनीय स्थल परिसर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जयनगर रोड पतरातू एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान हरमू रोड रांची के संयुक्त तत्वावधान में आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग को लेकर आयोजन किया गया। मुखिया पतरातू गिरिजेश कुमार ने कहा कि परमात्मा की प्रेमपूर्ण स्मृति ही राजयोग है। योग का अर्थ है जोड़। आत्मा का बुद्धि परमपिता परमात्मा से जोड़ना ही योग है। राहुल रविश सिनियर मैनेजर सरोवर विहार पतरातू ने कहा कि आज मनुष्य की बुद्धिअनेकों से जुड़ी हुई है अतः भटकती रहती है। बुद्धि को अनेकों से तोड़ एक से जोड़ने वाला मनुष्य ही योगी है। जगनारायण प्रसाद डायरेक्टर इन्सटिट्युट ऑफ सॉफ्ट स्कील ने कहा कि मन को चाहिए सुख-शांति का ठिकाना। यह मान्यता है कि बुद्धि बहुत चंचल है। जिस व्यक्ति का कहीं ठिकाना नहीं होता, कोई अपना घर नहीं होता वह यहां वहां भटकता रहता है। सुख-शांति का एक मात्र ठिकाना आनन्द के सागर, शांति के सागर निराकार परमात्मा शिव ही हैं। जिसे इस ठिकाने की प्राप्ति हो गई है उसकी बुद्धि आवश्यक कार्योपरांत निश्चित रूप से वहां पहुंच जाएगी, उसके भटकने का प्रश्न ही नहीं उठ सकता। इस प्रकार मन एकाग्र हो जाता है जो योग का मुख्य उद्देश्य है। केन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने आवाहन करते हुए कहाआइये ! हम भी अपने को स्वस्थ्य और सुखी बनाने के लिए इस मिशन में अपना कदम बढ़ायें। साथ ही उन्होंने राजयोग के अभ्यास से होने वाले फायदे के बारे में सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में बोलते हुए निर्मला बहन ने कहा मैं ज्योति बिन्दु आत्मा हूं योग का पहला कदम है। योग तो आत्मा और परमात्मा पिता के बीच संबंध जोडने का ही दूसरा नाम है और यह संबंध तो तभी जूट सकता है जब मनुष्य पहले स्वयं को आत्म निश्चय करें। यह संबंध आध्यात्मिक है न किशारीरिक। जैसे पावर हाउस की तार से ही घर की बिजली की तार जोडने के लिए तार के उपर का रबर उतारना पड़ता है तभी बिजली का करंट आता है। वैसे ही आत्मा का संबंध परमात्मा से जोड़ने के लिए देह रूपी रबर को भूलना पड़ता है। अथवा उससे अलग होना पड़ता है। इसे ही आत्म-अभिमानी होना या प्रत्याहार कहा जाता है। कार्यक्रम में राजयोग के अनेक सुन्दर प्रयोग मेडीटेशन कमेन्ट्री द्वारा प्रस्तुत किये गए। वहीं कार्यक्रम में अर्जुन ठाकुर सुरक्षा अधिकारी भी उपस्थित थे। इस शुभ अवसर पर मूविंग मेडिटेशन सहज राजयोग, कटि संचालन, गर्दन संचालन, हस्त संचालन के साथ अनेक मानसिक सशक्तिकरण के प्रयोग किए गए व अन्य योग का अभ्यास भी किया गया।

## नारायणी नदी भरतपुर चितवन के तट पर एक योग कार्यक्रम का आयोजन

आशुतोष झा

**काठमांडू (प्रातः आवाज)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जश्न से पहले, भारत के महावाणिज्य दूतावास बीरगंज (नेपाल) ने पवित्र नारायणी नदी भरतपुर चितवन के तट पर एक योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भरतपुर महानगर की महापौर रेणु दहल उपस्थित थीं, जबकि चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव, कई अन्य गणमान्य व्यक्ति, जन प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, नागरिक समाज के सदस्य और योग प्रेमियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। भारत के महावाणिज्य दूत देवी सहाय मीना ने मानव जाति के स्वास्थ्य सुधार और समग्र कल्याण में योग के महत्व और लाभों पर प्रकाश डाला। महावाणिज्य दूत ने प्रतिभागियों को 2014 में संयुक्त




राष्ट्र महासभा में नेपाल सहित 177 सदस्य देशों द्वारा सह-प्रायोजित एक प्रस्ताव को अपनाने के बाद, 2015 से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत के बारे में भी बताया। तब से, अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। हर साल 21 जून को पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जाता है। रेनू दहल ने योग अभ्यास के लाभों के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवन बनाए रखने के लिए योग को अपनी आदत बनाने का भी आग्रह किया। चितवन चैंबर ऑफ कॉमर्स, नेपाल इंडिया फ्रेंडशिप एसोसिएशन (निफा) चितवन पतंजलि योग समिति चितवन और आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से आयोजित योग कार्यक्रम में 600 से अधिक लोगों ने भाग लिया। वाणिज्य दूतावास ने सभी प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।

## ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक मना, अमन चैन की मांगी दुआ



**हजारीबाग (प्रातः आवाज)।** ईद -उल-अजहा (बकरीद) का त्यौहार मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पूरे देश विदेश में इस्लामी कैलेंडर के अनुसार साल के आखिरी महीना जिल-हिज्जा की 10वीं तारीख को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। ईद -उल- अजहा का त्योहार पैगंबर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाता है। इस मौके पर शहर के मस्जिदों में नमाज अदा कर देश की तरक्की और अमन की दुआ मांगी गई।

### पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मनाया गया बकरीद का पर्व

**पिपरवार (प्रातः आवाज)।** चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी के बीच पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बकरीद का पर्व 17 जुन को मनाया गया। बकरीद के पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह 7 बजे से ही बचरा जामा मस्जिद नमाज के लिए पहुंचने लगे। सभी लोगों के पहुंचने पर बचरा जामा मस्जिद में 7:30 पर बकरीद की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी दी गई।



### धनबाद : नमाज अता कर मांगी सलामती की दुआ



**धनबाद (प्रातः आवाज)।** धनबाद में सोमवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने बकरीद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। धनबाद के पुराना बाजार, नाया बाजार, वासेपुर, भूली, झरिया, सिंदरी, कतरास, मधुबन, निरसा, गोमो में मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। सुबह में मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा कर अल्लाह से अमन चैन व सलामती की दुआ मांगी गई। त्याग व बलिदान के प्रतीक बकरों की बलि दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### एशियाई टीम स्क्वैश में भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष टीम छठे स्थान पर रही

डालियन, एजेंसी। भारतीय महिला टीम रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वैश चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम को छठा स्थान मिला। महिला टीम ने पांचवें और छठे स्थान के लिए स्थान निर्धारण मैच में ईरान को 2-0 से हराया। रथिका सुथनथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने आसान जीत हासिल की। हालाँकि, पुरुष टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गई, जिसमें वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत दर्ज की, जबकि सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल मामूली अंतर से हार गए।

#### भारतीय परिणाम



पुरुषः भारत दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गया (वेलावन सेंथिलकुमार ने जियोंगमिन रियू को 11-5, 11-1, 11-4 से हराया; सूरज कुमार चंद मिनवू ली से 11-7, 11-13, 9-11, 8-11 से) और ओम सेमवाल जूयॉन्ग ना से 9-11, 6-11, 9-11) से हार गए।

महिलाएंः भारत ने ईरान को 2-0 से हराया (रथिका सुथनथिरा सीलन ने फेरेश्तेह एघटेदारी को 11-5, 11-9, 11-7 से और पूजा आरती रघु ने परमिन नेकोपयंतक को 11-5, 11-7, 12-10 से हराया)।

# स्मृति मंधाना 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला बनीं

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय महिला टीम की ओपनर स्मृति मंधाना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को पहले वनडे के दौरान 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गयी हैं। मंधाना ने पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। मिताली ने अपने शानदार करियर में सभी फॉर्मेट में 10,868 रन बनाये थे।

मंधाना के बाद सबसे करीबी मौजूदा भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं जिन्होंने अब तक 6,870 रन जुटा लिए हैं। भारतीय ओपनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 127 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 117 रन बनाये जो घरेलू जमीन पर उनका पहला और कुल छठा शतक है। इस बीच दीप्ति शर्मा ने अपनी 37 रन की पारी के दौरान 200 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 2000 वनडे रन पूरे कर लिए हैं।




#### टी20 विश्व कप

# सुपर 8 में पहुंचकर बोले बांग्लादेश के कप्तान शांतो, इस विभाग में सुधार की जरूरत

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने अपनी टीम को टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 चरण में पहुंचाने के बाद अपनी खुशी जाहिर की। अपनी प्रगति के बावजूद शांतो ने बल्ले से टीम के संघर्ष को स्वीकार किया, खासकर अर्नोस वेल ग्राउंड पर नेपाल पर 21 रन की मामूली जीत में। सोमवार को बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे कम स्कोर (106 रन) का बचाव करते हुए नेपाल को 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट कर दिया। इस उल्लेखनीय रक्षात्मक प्रयास ने टीम की गेंदबाजी क्षमता को उजागर किया, लेकिन साथ ही उनकी बल्लेबाजी की कमजोरियों को भी रेखांकित किया क्योंकि शांतो, लिटन दास और तंजीद हसन तमीम शीर्ष क्रम में संघर्ष करते रहे।



शांतो ने मैच के बाद कहा, हमने इस दौर में जिस तरह से खेला उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि हम अपनी बल्लेबाजी नहीं, बल्कि गेंदबाजी का प्रदर्शन जारी रख पाएंगे। उम्मीद है कि अगले दौर में हमारी बल्लेबाजी का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। हम ज्यादा रन नहीं बना पा रहे हैं, लेकिन हम जानते हैं कि अगर हम शुरुआती विकेट ले सकें तो हम कुल स्कोर का बचाव कर सकते हैं। यही हमने गेंदबाजों से कहा है, और वे फील्डिंग में भी बहुत अच्छे हैं। तंजीम ने गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया उन्होंने 4-0-7-4 का असाधारण स्पेल दिया, जिसमें 21 डॉट बॉल शामिल हैं। मुस्तफिजुर रहमान ने भी अहम भूमिका निभाई, उन्होंने नेपाल के रन-चेज को पटरी से उतारने के लिए अंतिम ओवर में एक विकेट-मेडन दिया। शांतो ने कहा, हमारे पास सब कुछ है। पिछले दो या तीन सालों में सभी तेज गेंदबाजों ने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। इस प्रारूप में गेंदबाजी इकाई बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे उम्मीद है कि वे अपना फॉर्म जारी रखेंगे। टी20आई में गति हमेशा महत्वपूर्ण होती है। हमें अगले दौर के लिए योजना बनानी होगी और अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करना होगा। नीदरलैंड और नेपाल के खिलाफ लगातार जीत के बाद बांग्लादेश ने अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहते हुए ग्रुप चरण का समापन किया।

# वेगहोर्स्ट के गोल से नीदरलैंड ने पोलैंड को 2-1 से हराया, डेनमार्क ने स्लोवेनिया से ड्रॉ खेला

बर्लिन, एजेंसी। चोटिल स्टार रॉबर्त लेवानदॉस्की के बिना खेल रही पोलैंड ने उनकी जगह पर उतरे छह फुट तीन इंच की लंबी कद काठी के एडम बुक्सा के 16वें मिनट में हेडर से किये गोल की मदद से 1-0 से बढ़त बना ली थी जो ज्यादा देर तक नहीं रह सकी। नीदरलैंड के फॉरवर्ड वाउट वेगहोर्स्ट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरकर प्रभावित करते रहे हैं और रविवार को यूरोपीय चैम्पियनशिप के मुकाबले में भी उन्होंने ऐसा करते हुए अंत में गोल कर अपनी टीम को पोलैंड पर 2-1 से जीत दिलायी। इस स्ट्राइकर ने 83वें मिनट में मेम्फिस डिपे की जगह मैदान पर आने के बाद पहले ही प्रयास में बायें पैर से नीचा शॉट लगाकर गोल दाग दिया। डिपे ने कई मौके गंवा दिये थे।



#### रॉबर्त लेवानदॉस्की के बिना उतरी पोलैंड की टीम

चोटिल स्टार रॉबर्त लेवानदॉस्की के बिना खेल रही पोलैंड ने उनकी जगह पर उतरे छह फुट तीन इंच की लंबी कद काठी के एडम बुक्सा के 16वें मिनट में हेडर से किये गोल की मदद से 1-0 से बढ़त बना ली थी जो ज्यादा देर तक नहीं रह सकी।

नीदरलैंड के लिए कोडी गाकपो ने 29वें मिनट में पोलैंड के गोलकीपर वोजसिएच स्जेस्नी को चकमा देते हुए 'डिफ्लेक्टिड' शॉट से बराबरी गोल दागा। नीदरलैंड की इस जीत से ग्रुप डी की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीम पर कुछ दबाव बढ़ जायेगा जो सोमवार को आस्ट्रिया से भिड़ेगी।

**डेनमार्क और स्लोवेनिया ने 1-1 से ड्रॉ खेला-** डेनमार्क ने स्लोवेनिया के साथ आज के दूसरे मुकाबले में 1-1 से ड्रॉ खेला। ग्रुप-सी के इस मैच में डेनमार्क के क्रिश्चियन एरिक्सन ने 17वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया।

- **गत विजेता इटली ने अल्बानिया को 2-1 से पराजित किया-** गत विजेता इटली मैदान पर उतरते ही कुछ समझ पाता कि 23वें सेकंड में उसके खिलाफ गोल हो गया। अल्बानिया के नेदिम बजरामी की ओर से किए गए इस गोल ने नए कोच लूसियानो स्पैलेटी की टीम को हिला दिया। यह यूरोपियन चैंपियनशिप के 64 वर्षों के इतिहास का सबसे तेज गोल था। हालांकि इटली जल्द ही संभल गया और 16वें मिनट तक उसने दो गोल दागते हुए 2-1 की बढ़त बना ली और इसी अंतर से बाद में उसने अल्बानिया पर जीत हासिल कर ली।
- **बारेला, बास्तोनी ने इटली के लिए दागे गोल-** फेडरिको डिमार्को की थ्रो अलसांद्रो बास्तोनी के पास नहीं पहुंची। बजरामी ने इसे कब्जे में लेते हुए गोल भेद कर वेस्टफालेनस्टेडिऑन में मौजूद अल्बानियाई समर्थकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद इटली ने आक्रमणों की झड़ी लगा दी। 11वें मिनट में निकोलो बारेला ने बराबरी का गोल भेदा।

## व्यापार

### 6 महीने से एंजल वन का शेयर करा रहा था नुकसान, अब उड़ान भरने को तैयार

नईदिल्ली, एजेंसी। एंजल वन के शेयर आने वाले कुछ दिनों में आपको डेढ़ गुना से अधिक मुनाफा कमवा सकते हैं। शेयर मार्केट इस स्टॉक को लेकर बुलिश हैं। घरेलू ब्रोक्रेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने एक नोट में इसका टार्गेट प्राइस 4200 रुपये रखा है। यह अपने मौजूदा प्राइस 2599.50 रुपये से 61.40 पर्सेंट अधिक है। यानी इस स्टॉक में पैसा लगाने वालों को आने वाले दिनों में डेढ़ गुना से अधिक प्रॉफिट होने की उम्मीद है। कुल सात एनॉलिस्टों में से 4 ने इसमें स्ट्रांग बाय की सलाह दी है। जबकि, दो ने ब्बह्व4 रेटिंग दी है। केवल एक ने इस स्टॉक को बेचकर निकल जाने की सलाह दी है। एंजल वन के शेयर प्राइस हिस्ट्री की बात करें तो शुक्रवार को यह स्टॉक 1.11 पर्सेंट टूटकर 2599.50 रुपये पर बंद हुआ था। छह महीने में यह 22 फीसद से अधिक टूट चुका है। जबकि, इस साल अब तक 27 फीसद तक नुकसान करा चुका है। हालांकि, पिछले एक साल में 66 फीसद से अधिक का रिटर्न भी दिया है। इसका 52 हफ्ते का हाई 3896 रुपये और लो 1452 रुपये है। अगर शेयर होल्डिंग पैटर्न की बात करें तो एंजल वन में जहां, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी हिस्सेदारी कम की है तो घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बढ़ाई है। इसमें म्यूचुअल फंडों ने दिसंबर तिमाही की तुलना में मार्च तिमाही में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है। एंजल वन में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी दिसंबर तिमाही में 38.24 फीसद थी।

### 2028-29 तक 50,000 करोड़ का होगा एसी बाजार

नईदिल्ली, एजेंसी। देश में घरेलू एयर कंडीशनर (रूम एसी) का बाजार 2028-29 तक 12 फीसदी की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। टाटा समूह की कंपनी वोल्टास ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि घरेलू और अग्रणी विदेशी कंपनियों की उपस्थिति के कारण भारतीय एसी बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। भीषण गर्मी, बढ़ती खर्च योग्य आमदनी और उपभोक्ता वित्त तक आसान पहुंच के साथ बेहतर जीवनशैली की चाह जैसी वजहों से घरेलू एसी श्रेणी में वृद्धि की रफ्तार बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वोल्टास ने एक जनवरी, 2024 से 20 अप्रैल, 2024 तक मात्र 110 दिन की अवधि में 10 लाख एसी बेचे हैं। इस सत्र में कई कंपनियों की एसी बिक्री अप्रैल-मई में दोगुना से अधिक हो गई है।

# बिकने जा रहा है पेटीएम का मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस

#### इस बारे में पेटीएम और जोमैटो की बातचीत अंतिम दौर में है

### इस डील के लिए वैल्यूएशन 2,000 करोड़ रुपये हो सकता है

नईदिल्ली, एजेंसी। देश की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम अपने मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस को बेचने की तैयारी में है। इसके लिए कंपनी की फूड डिलीवरी फर्म जोमैटो के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। सूत्रों का कहना है कि पेटीएम अपने नॉन-कोर एसेट्स को बेचने की रणनीति पर काम कर रही है। मूवी और टिकटिंग बिजनस को बेचना भी उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। अगर यह डील फाइनल होती है तो इसके लिए पेटीएम के मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस की वैल्यू करीब 2,000 करोड़ रुपये हो सकती है।




रविवार देर रात स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में जोमैटो ने कहा कि वह पेटीएम के मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस के खरीदने के लिए बातचीत कर रही है।

जोमैटो ने कहा कि यह बातचीत उसके गोइंग-आउट बिजनस को मजबूत करने के इरादे से की जा रही है। हालांकि अब तक कोई बाध्यकारी निर्णय नहीं लिया गया है जिसके लिए बोर्ड की मंजूरी की जरूरत होगी। इस बीच एक अलग फाइलिंग में पेटीएम ने यह भी कहा कि बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। इसमें कोई बाध्यकारी समझौता शामिल नहीं है जिसके लिए बोर्ड की मंजूरी या डिस्क्लोजर की जरूरत होगी। कंपनी वह नियमित रूप से विभिन्न रणनीतिक अवसरों की खोज करती है जिससे शेयरहोल्डर की वैल्यू बढ़ाई जा सके। एंटरटेनमेंट बिजनस की बिक्री पर विचार किया जा रहा है। अर्निंग्स कॉल में हमने बताया था कि हमारा जोर पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विसेज पर होगा।

### क्या होगा फायदा

सूत्रों ने कहा कि पेटीएम अपने पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विस बिजनस पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है। कंपनी केवल उन अवसरों पर ध्यान केंद्रित करेगी जो उसके मर्चेंट्स को अपने बिजनस बढ़ाने में मदद करेंगे। जोमैटो के लिए यह डील वैल्यू एड करेगी। पेटीएम की मूवी और इवेंट टिकटिंग वर्टिकल को खरीदना उसके गोइंग-आउट बिजनस के लिए फायदेमंद रहेगा। मार्च तिमाही में जोमैटो के गोइंग-आउट सेगमेंट का रेवेन्यू 100 प्रतिशत बढ़कर 93 करोड़ रुपये रहा। सूत्रों ने कहा कि पेटीएम अपनी मूवीज और इनसाइडर (इवेंट प्लेटफॉर्म) वर्टिकल को एक टीम में मर्ज कर रहा है। फिलहाल ग्राहक पेटीएम ऐप पर मूवीज और इवेंट दोनों बुक करना जारी रख सकते हैं। डील पूरी होने के बाद जोमैटो अपने प्लेटफॉर्म के भीतर दोनों वर्टिकल को एकीकृत करने पर काम कर सकता है। सूत्रों ने कहा कि डील की औपचारिक घोषणा अगले सप्ताह हो सकती है।

# 325 प्रतिशत का दमदार रिटर्न

नईदिल्ली, एजेंसी। पेप्सिको के लिए बॉटल बनाने वाली कंपनी वरुण वेबरेज के शेयरों की कीमतों में पिछले कुछ सालों के दौरान तूफानी तेजी देखने को मिली है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 325 प्रतिशत बढ़ा है। यानी इस दौरान निवेशकों का पैसा दोगुना से अधिक हो गया है। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में बाजार बंद होने के समय पर 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 1638 रुपये के लेवल पर था। इससे पहले दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 1650 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। यह 52 वीक हाई है। बता दें, कंपनी का 52 वीक लो लेवल 754.35 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 2,12,846.10 करोड़ रुपये का है।

बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकरेज फर्म आनंद राठी इस स्टॉक को लेकर बुलिश नजर आ रहे हैं। ब्रोकरेज फर्म ने एफएमसीजी स्टॉक को 'बाय' टैग दिया है। आनंद राठी का मानना है कि कंपनी के शेयर इस साल 1900 रुपये के लेवल तक पहुंच जाएंगे। 2 साल पहले वरुण वेबरेज के शेयरों का भाव 527 रुपये के लेवल पर था। वहीं, 16 जून को 2021 को कंपनी के शेयरों का भाव 263 रुपये के लेवल पर था। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 523 प्रतिशत बढ़ा है।

#### कंपनी की वित्तीय स्थिति कैसी है

इस साल के पहले क्वार्टर में कंपनी को 537.30 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। जोकि सालाना आधार पर 25.2 प्रतिशत अधिक है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 429.10 करोड़ रुपये का था। बता दें, वरुण बेवरेज जनवरी से दिसंबर का साइकल मानती है।

# किफायती मकानों की बिक्री में चार फीसदी की गिरावट

#### लग्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग बनी वजह

नईदिल्ली, एजेंसी। देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले किफायती मकानों की बिक्री चार फीसदी घटकर 61,121 इकाई रह गई है। कम आपूर्ति और लग्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग से किफायती मकानों की बिक्री में गिरावट आई है। रियल एस्टेट के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, आठ प्रमुख शहरों मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बंगलूरू, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, पुणे चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च, 2023 में 63,787 किफायती मकान बिके थे।

आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में 2,26,414 किफायती मकान बिके थे।2020 में कोविड महामारी के बीच बिक्री घटकर 1,88,233 इकाई रह गई। हालांकि, 2021 व 2022 में बिक्री में तेजी आई और यह बढ़कर क्रमशः 2,17,274 एवं 2,51,198 इकाई पर पहुंच गई।



### नईआपूर्ति में 37.90 फीसदी की कमी

आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च, 2024 के दौरान देश के इन आठ शहरों में 60 लाख रुपये तक के नए मकानों की आपूर्ति 37.90 फीसदी घटकर 33,420 इकाई रह गई।एक साल पहले की समान अवधि में इन शहरों में कुल 53,818 नएकिफायती मकानों की आपूर्ति की गईथी।

### लग्जरी परियोजनाओं में लाभ मार्जिन अधिक

प्रॉपइक्विटी का कहना है कि आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग का लाभ उठाने के लिए बिल्डर्स लग्जरी अपार्टमेंट पेश करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लग्जरी परियोजनाओं में लाभ मार्जिन किफायती की तुलना में अधिक है।

# शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में छाएंगे शाहरुख खान, 'डंकी' का बजेगा डंका

***शाहरुख*** खान की फिल्म 'डंकी' भारतीय बॉक्सऑफिस में छाने के बाद अब शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में छाने के लिए तैयार है। फिल्म को स्क्रीनिंग के लिए चुना गया है। कब और कहां फिल्म प्रदर्शित होगी, चलिए जानते हैं।राजकुमार हिरानी अपनी फिल्मों की खूबसूरत कहानी और इमोशन को गहराई से छूने के लिए जाने जाते हैं। अब अपनी हाल ही में रिलीज हुई शाहरुख खान, तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमन ईरानी स्टारर फिल्म 'डंकी' के साथ सभी को इंप्रेस करना जारी रखे हुए हैं। फिल्म ने देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी मौजूद दर्शकों का दिल जीता है और इस तरह से यह एक और उपलब्धि अपने नाम करने जा रही है। फिल्म ने न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया भर में अपनी छाप छोड़ी है। लोगों को शाहरुख खान और बाकी कलाकारों की एक्टिंग भी खूब पसंद आई। फिल्म का असर अभी भी देखने मिल रहा है, क्योंकि राजकुमार हिरानी को शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'डंकी'



फिल्म स्क्रीन करने के लिए इन्वाइट किया गया है। तीन अलग-अलग दिन होगी प्रदर्शित राजकुमार हिरानी को रक में फिल्म रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर इन्वाइट किया गया है। बता दें कि 'डंकी' को 14 से 23 जून तक होने वाले एसआईएफएफ 2024 के इंटरनेशनल पैनोरमा सेक्शन के लिए चुना गया है। शंघाई इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल में 15, 18 और 20 जून को 'डंकी' की स्क्रीनिंग होगी। राजकुमार हिरानी के साथ ही फिल्मी इंडस्ट्री के लिए भी ये गर्व करने का मौका है। फिल्म को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की स्थापना 1993 में हुई थी और इसे इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म फेस्टिवल द्वारा मान्यता प्राप्त नॉन-स्पेशलाइज्ड कॉम्पिटेटिव फिल्म फेस्टिवल में से एक माना जाता है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और विश्व बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ की कमाई की। यह शाहरुख खान की 2023 की तीसरी फिल्म थी। उन्होंने 4 साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी की। हालांकि, शाहरुख की इस साल कोई रिलीज नहीं हो रही है। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्मों की भी घोषणा नहीं की है, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि वह ङ्फेम अभिनेता यश की अगली फिल्म 'टॉक्सिक' में कैमियो कर सकते हैं।

फिल्म के बारे में और जानकारी अनजान लोगों के लिए बता दें कि 'डंकी' शब्द एक पंजाबी मुहावरा है, जिसका मतलब है एक जगह से दूसरी जगह जाना। जब लोगों को अलग-अलग देशों में रोककर अवैध तरीके से दूसरे देश भेजा जाता है तो इसे डंकी मार्ग कहा जाता है। अमेरिका, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों तक पहुंचने के लिए इस मार्ग या रास्ते को अवैध तरीके से प्रयोग किया जाता है। बता दें, फिल्म की कहानी से कई लोग रिलेट कर सके और यही वजह रही कि इसे काफी दर्शक मिले।

# सनी देओल से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक,ने फैंस को दी 'ईद उल अजाह' की मुबारकबाद

***आज*** देशभर में मुस्लिम समाज का त्योहार ईद उल अदहा मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर सेलेब्स ने भी पोस्ट शेयर फैंस को ईद की शुभकामनाएं दी हैं। देखिए कौन-कौन हैं इस लिस्ट में शामिल।आज बकरीद का त्योहार देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जा रही है। आम से लेकर खास तक इस त्योहार को मनाने में जुटे हुए हैं। वहीं इस खास मौके पर सेलेब्स भी अपने फैंस को को ईद मुबारक कहकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। इनमें प्रियंका चोपड़ा, सनी देओल, सिद्धार्थ मल्होत्रा, अनिल कपूर जैसी हस्तियां शामिल हैं।




***प्रियंका चोपड़ा***

प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर कर फैंस को 'ईद-उल-अजहा' की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लिखा है, 'ईद-उल-अजहा पर कामना करती हूं कि आपके बलिदान की सराहना की जाए और सर्वशक्तिमान आपकी दुआएं कुबूल करें।'

***सनी देओल***

सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को ईद की मुबारकबाद दी है।

***अनिल कपूर***

इस खास मौके पर अनिल कपूर ने भी इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इस पोस्ट में अनिल कपूर ने एक फोटो लगाई है, जिसमें सभी लोग दुआ में हाथ उठाए दिख रहे हैं।

***सिद्धार्थ मल्होत्रा***

सिद्धार्थ मल्होत्रा ने एक्स पर बकरीद के मौके पर अपने सभी फैंस और फॉलोअर्स को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, ह्यईद-उल-अजहा पर ईश्वर आपके और आपके प्रियजनों के लिए खुशी, शांति और समृद्धि दें।

# फिल्म 'मुंज्या' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा जारी

***शुक्रवार*** 7 जून को रिलीज हुई फिल्म 'मुंज्या' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म की खूब चर्चा हो रही है। फिल्म देखने के लिए दर्शक सिनेमाघरों में उमड़ रहे हैं, जिसका नतीजा यह है कि चार दिनों में फिल्म ने दमदार कलेक्शन किया है। शुक्रवार और वीकेंड पर बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चर्चा बटोरने वाली फिल्म 'मुंज्या' के दूसरे रविवार यानी 10वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं।

10 दिन में 'मुंज्या' की कमाई मुंज्या ने रिलीज के पहले दिन 4 करोड़ की कमाई की। दूसरे दिन 7.25 करोड़, तीसरे दिन 8 करोड़, चौथे दिन 4 करोड़, पांचवें दिन 4.15 करोड़, छठे दिन 4 करोड़ और सातवें दिन 3.9 करोड़ कमाए। मुंज्या ने एक हफ्ते में 35.3 करोड़, दूसरे शुक्रवार को 3.5 करोड़ और शनिवार को 6.5 करोड़ का कलेक्शन किया।




सैकनिलक की ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, मुंज्या ने रिलीज के दूसरे रविवार यानी 10वें दिन 8.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। इस तरह फिल्म 'मुंज्या' का कुल कलेक्शन 53.80 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म की कहानी कोंकण में प्रचलित मुंज्या की कथा पर आधारित है। फिल्म की शूटिंग कोंकण में की गई है। इस हिंदी फिल्म में सुहास जोशी, अजय पुलिकर, भाग्यश्री लिमये, श्रुति मराठे के साथ शरवरी वाघ, अभय वर्मा, मोना सिंह हैं। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। 'स्त्री', 'रूही' और 'भेड़िया' के बाद 'मुंज्या' मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की चौथी फिल्म है। यह फिल्म मुंज्या की कथा के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म कोंकण की लोककथाओं पर आधारित है।

# निया शर्मा ने बताया टीवी के पीछे का काला सच, जिसकी वजह से 4 साल से डेली सोप से थीं दूर

***निया शर्मा*** टीवी शो 'एक हजारों में मेरी बहना है' शो से पहली बार चर्चा में नजर आई थीं। इसके बाद हाल ही में उन्होंने लंबे समय बाद छोटे पर्दे पर वापसी की हैं। इन दिनों वह 'सुहागन चुड़ैल' में नजर आ रही हैं । इसी बीच अब निया शर्मा ने ये खुलासा किया है कि आखिर वो 4 साल से डेली सोप से क्यों दूर थीं ।टीवी की फेमस एक्ट्रेस निया शर्मा को कौन नहीं जानता। निया कई पॉप्युलर टीवी शोज में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने 'एक हजारों में मेरी बहना है' से लेकर 'जमाई राजा' तक में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। हालांकि कई हिट शोज में काम करने के बाद भी वो काफी लंबे समय तक शोबिज से दूर रहीं। ऐसे में सबको ऐसा लग रहा था कि उन्हें इंडस्ट्री में काम नहीं मिल रहा है। लेकिन यहां बात कुछ और ही हैं। निया के लंबे समय से डेली सोप से दूर रहने की वजह कुछ और थीं, जिसका खुलासा एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में किया है। इस वजह से शोबिज से दूर थीं निया कई टीवी सीरियल्स का हिस्सा रहीं निया शर्मा लंबे समय से किसी टीवी शो में नजर नहीं आ रही थीं। फिर उन्हें 'सुहागन चुड़ैल' का ऑफर मिला, जो इन दिनों कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट हो रहा है। उनके शो 'सुहागन चुड़ैल' को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। निया ने लंबे समय के बाद टीवी सीरियल की दुनिया में वापसी की है। ऐसे में हाल ही में



निया ने एक इंटरव्यू के दौरान इस लंबे ब्रेक के पीछे की कहानी को अपने फैंस के संग साझा किया है। निया ने इस बारे में बात करते हुए बताया कि, 'टीवी शो नहीं करने का एक सोचा-समझा फैसला था। मैं जानबूझकर कोई टीवी प्रोजेक्ट नहीं ले रही थी, क्योंकि हर कोई एक्सपेरिमेंट कर रहा था। कोई भी निश्चित हीं था और यहां तक कि मुझे जो रोल ऑफर मिले, मैं उनसे मेल नहीं खाती थी। मुझे जो भी शो ऑफर किए जा रहे थे, वे तीन महीने में बंद हो गए। इसलिए मैं ओके थी कि शुक्र है मैंने इसमें काम नहीं किया।'

### निया शर्मा का वर्क फ्रंट

बता दें कि निया ने 'काली- एक अग्निपरीक्षा' से छोटे पर्दे पर अपनी शुरूआत की थीं। इसके अलावा उन्हें शो 'नागिन' और जमाई राजा में देखा गया था। हालांकि निया शर्मा को टीवी शो 'एक हजारों में मेरी बहना है' से ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली थी। इस शो में उन्होंने एक छोटे शहर की लड़की का किरदार निभाया था, जो एक कैंसर विक्टिम थी। इस शो में क्रिस्टेल डिसूजा ने उनकी बहन का किरदार अदा किया था। वहीं टीवी शोज के अलावा निया शर्मा कई रियलिटी शोज में भी नजर आ चुकी हैं। इसमें 'खतरों के खिलाड़ीः मेड इन इंडिया' और 'झलक दिखला जा' सीजन 10 जैसे शोज के नाम शामिल हैं। फिलहाल इन दिनों वह 'सुहागन चुड़ैल' को लेकर चर्चा में हैं। इसके अलावा निया को इन दिनों 'लाफ्टर शेफ्स' शो में भी देखा जा रहा है। इसे भारती सिंह होस्ट कर रही हैं और जज हरपाल सिंह सोखी हैं। इस शो में खाने के अलावा ढेर सारी कॉमेडी देखने को मिलती है।

# 'चंदू चैंपियन' की कमाई में इजाफा दो दिनों में कमाए 11.50 करोड़



***इस*** समय कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' और उनके काम की सराहना की जा रही है। इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। 'चंदू चैंपियन' फ्रीस्टाइल तैराकी में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के असाधारण जीवन पर आधारित है। कबीर खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कार्तिक आर्यन 'चंदू' की शीर्षक भूमिका में हैं। कबीर खान द्वारा निर्देशित 'चंदू चैंपियन' 14 जून को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 'चंदू चैंपियन' ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, रिलीज के पहले दिन 'चंदू चैंपियन' ने 4.75 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की थी। इसके बाद देखा गया कि दूसरे दिन रेवेन्यू में अच्छी बढ़ोतरी हुई। 'चंदू चैंपियन' ने दूसरे दिन 6.75 करोड़ की कमाई की। जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 21.75 करोड़ रुपये हो गया है। इसके साथ ही फिल्म ह्यचंदू चैंपियनह्न के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात की जाए तो बताया जा रहा है कि इसने तीनों दिनों के भीतर ही 28 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। तीसरे दिन का कलेक्शन अभी सामने नहीं आया है। फिल्म 'चंदू चैंपियन' की कहानी मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। स्वर्ण पदक विजेता पेटकर ने 1970 के राष्ट्रमंडल खेलों और फिर 1972 में जर्मनी के पैरालिंपिक में देश का नाम रोशन किया। फिल्म में कार्तिक के अलावा विजय राज, भाग्यक्षी और राजपाल यादव भी अहम भूमिकाओं में हैं।

वहीं, कार्तिक आर्यन के काम की बात करें तो 'चंदू चैंपियन' के अलावा उनकी फिल्म 'भूलभुलैया 3' भी फैंस की नजर में है। इस फिल्म में कार्तिक के साथ एक्ट्रेस विद्या बालन, तृप्ति डिमरी नजर आएंगी।

# लेखिका बनीं अभिनेत्री आलिया भट्ट

***आलिया*** भट्ट बॉलीवुड में अग्रणी अभिनेत्री के रूप में जानी जाती हैं। आलिया बहुत ही कम उम्र में बॉलीवुड में टॉप हीरोइन के तौर पर नाम कमाया। आलिया ने निमार्ता के रूप में काम संभाला है। बेहतरीन कामों से अभिनय के शिखर पर पहुंचने वाली आलिया ने अब साहित्य की दुनिया में कदम रखा है। आलिया ने अपनी किताब लॉन्च की है। इस किताब का नाम 'एड फाइंड्स ए होम' है। बुक लॉन्च इवेंट में आलिया ने अपनी नई किताब के बारे में बात की। आलिया ने कहा, "किताब का मुख्य किरदार एड है। इसके अलावा किताब में आलिया नाम की एक छोटी लड़की भी है लेकिन उसका नाम असल में मामा है। किताब की कहानी एड और आलिया




नाम के कुत्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। आलिया के पास सुपरपावर है और एड से बात कर सकते हैं।" ऐसे में आलिया ने खासतौर पर बच्चों के लिए यह किताब निकाली है। आलिया ने खुद की लिखी इस खास किताब को लॉन्च कर साहित्य जगत में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश शुरू कर दी है। आलिया ने पिछले साल रिलीज हुई 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में काम किया और एक और सुपरहिट फिल्म दी। आलिया जल्द ही फिल्म 'जिगरा' में नजर आएंगी। माना जा रहा है कि इस फिल्म में आलिया एक पत्रकार की भूमिका निभाएंगी।

# शादी से पहले सोनाक्षी सिन्हा ने जहीर इकबाल के परिवार के साथ बिताया समय, फैमिली फोटो आई सामने

***बॉलीवुड*** एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और एक्टर जहीर इकबाल 23 जून को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनकी शादी को सिर्फ छह दिन बचे हैं। इस बीच सोनाक्षी सिन्हा ने जहीर के परिवार से मुलाकात की है। जहीर की बहन ने इंस्टाग्राम पर एक पारिवारिक तस्वीर शेयर की, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। जल्द ही शादी करने वालीं सोनाक्षी सिन्हा ने अपना रविवार अपने होने वाले ससुराल वालों के साथ बिताया। सोनाक्षी और जहीर 23 जून को शादी करने जा रहे हैं, इसकी तैयारियां चल रही हैं। जहीर की बहन और सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट सनम रतनसी ने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत फोटो शेयर की है। 'हीरामंडी' फेम सोनाक्षी अपने होने वाले ससुर, सास और नंदे के साथ पोज देती नजर आईं।



दूसरी ओर, जहीर अपनी मां और बहन के बीच में खड़े थे। सोनाक्षी अपने होने वाले ससुराल वालों के बगल में खड़ी थीं। जहीर की बहन सनम ने फोटो शेयर की और यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

जहीर के पिता इकबाल एक ज्वैलर और बिजनेसमैन हैं। ये परिवार सलमान खान के बेहद करीब है। जहीर की मां गृहिणी हैं। जबकि जहीर का एक छोटा भाई है जो कंप्यूटर इंजीनियर के रूप में काम करता है। सनम जहीर की बहन हैं और सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट हैं जिन्होंने हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा सहित 'हीरामंडी' के कई अभिनेताओं के लिए काम किया है। सोनाक्षी और जहीर की शादी का कार्ड किसी मैगजीन कवर की तरह है। यह एक ऑडियो क्यूआर कोड प्रदान करता है। क्यूआर कोड स्कैन करने पर सोनाक्षी और जहीर का इनविटेशन मैसेज सुनाई देता है। ऑडियो संदेश की शुरूआत में दोनों कहते हैं, "हमारे सभी तकनीक प्रेमी और गुप्त मित्रों और परिवार को नमस्कार!" जहीर कहते हैं, 'हम पिछले सात साल से साथ हैं। खुशी, प्यार, एक-दूसरे के साथ हँसना ही हमें इस पल तक लाया है।' सोनाक्षी आगे कहती हैं, "वह पल जब हम एक-दूसरे की कथित गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड से आगे बढ़कर अगला कदम उठाते हैं।" जहीर कहते हैं, 'एक-दूसरे के आधिकारिक पति-पत्नी बनने के लिए।' फिर दोनों एक साथ कहते हैं, "तो यह जश्न आपके बिना पूरा नहीं होगा, इसलिए 23 जून को आप जो भी कर रहे हैं उसे छोड़ दें और हमारे साथ पार्टी करें।"




स्वामी, प्रकाशक ,मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज(दैनिक),डीबी कॉर्प लिमिटेड,प्लॉट नंबर 535 एवं 1272,ललगुटवा,पुलिस स्टेशन,रातू,रांची (झारखंड) से मुद्रित, आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,गायत्री काम्प्लेक्स ,प्रथम तल्ला 102,नवाबगंज,हजारीबाग(झारखंड),पिन नंबर 825301 से प्रकाशित संपादकः नीलेन्दु जयपुरियार *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार*, फोन 7004363095/9572196587, RNI NO.JHAHIN/2021/82077